प्रयागराज, सोमवार, 21 नवम्बर, 2022

मार्ग शीर्ष, कृष्ण पक्ष 13, वर्ष 11, अंक 212, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अंदर- खत्म हो गया रेडियो-टीवी का एक युग



अंदर- सूर्य के शतक से जीता भारत

# भाजपा का लक्ष्य, समृद्ध बने गुजरात

## गुजरात दौरे पर पीएम मोदी, वेरावल और धोराजी में की रैली

**वडोदरा।** गुजरात विधानसभा चुनाव में अब कुछ ही दिन का वक्त रह गया है। चुनाव नजदीक आते ही सभी दलों ने प्रचार तेज कर दिया है। भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने चुनाव में पूरी ताकत झोंक दी है। विभिन्न दलों के तमाम बड़े नेता अपनी-अपनी पार्टियों के लिए प्रचार कर माहौल बनाने में जुटी है। पीएम नरेन्द्र मोदी ने भी गुजरात में अपने तूफानी प्रचार का आगाज कर दिया है। मोदी तीन दिवसीय गुजरात दौरे पर हैं। दौरे के दूसरे दिन यानी आज पीएम सौराष्ट्र क्षेत्र में चार रैलियां करेंगे। इससे पहले मोदी ने सोमनाथ मंदिर के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की।

प्रधानमंत्री मोदी गुजरात के बोटाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हर तरफ से एक ही बात सुनने को मिल रही है फिर एक बार मोदी सरकार...। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, गुजरात की

**चुनावी सभा**


**जनता से बोले-मैं चाहता हूं नरेंद्र के रिकॉर्ड तोड़ें भूपेंद्र, हर पोलिंग बूथ पर बीजेपी को जिताएं**

**गुजरात में पीएम ने मांगा आशीर्वाद, पीएम मोदी ने गिनाईं उपलब्धियां, 1 और 5 दिसंबर को दो चरणों में पड़ेंगे वोट**

जनता ने अभूतपूर्व जीत का फैसला किया है।

पीएम मोदी ने कहा कि यह चुनाव न केवल अगले पांच वर्षों के लिए है, बल्कि यह निर्धारित करेगा कि गुजरात 25 वर्षों के बाद कैसा दिखेगा।

पीएम ने कहा, आपने कल देखा होगा कि कैसे एक कांग्रेस नेता एक महिला के साथ पदयात्रा कर रहे थे। वो महिला नर्मदा विरोधी कार्यकर्ता थी।



वह और अन्य लोगों ने कानूनी अड़चनें पैदा करके परियोजना को तीन दशकों तक रोके रखा था।

मोदी ने कहा कि अमरेली जिला समुद्री व्यापार का एक बड़ा केंद्र बनने जा रहा है जो इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेगा। गुजरात में जो कृषि विकास दर माइनस में थी, वह हमारी मेहनत का ही परिणाम है कि आज गुजरात की कृषि विकास दर दहाई अंक में पहुंच गई है।

वहीं मोदी ने अमरेली में जनसभा करते हुए कहा कि ऐसा लगता है जैसे घर आ गया हूं। जीवराज मेहता मुख्यमंत्री थे जो अमरेली के थे, लेकिन ये मोदी मुख्यमंत्री था जो अमरेली के था। मोदी ने कहा कि काठियावाड़ पानी के लिए बेताब था। पानी के लिए 2-3 किलोमीटर जाना पड़ता था, लेकिन आज सरकार ने घर-घर पानी पहुंचाया है। पीएम ने गुजरात की जनता से कहा कि आपका आशीर्वाद मेरे लिए महत्वपूर्ण है। गुजरात के नागरिक, कच्छ-काठियावाड़ के नागरिक, आप मेरे शिक्षक हैं और आपने मुझे प्रशिक्षित किया है। पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा का एक ही लक्ष्य है कि हमारा गुजरात विकसित और समृद्ध बने। हमारे दो दशकों के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है कि भाजपा को लोगों का अपार आशीर्वाद मिल रहा है।

पीएम मोदी ने कहा कि इस बार जनता को मतदान का रिकॉर्ड तोड़ना है। मोदी ने कहा कि मैं चाहता हूं कि नरेंद्र के रिकॉर्ड मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल तोड़ें। मोदी ने कहा कि हम किसानों और समुद्री किसानों के लिए एक योजना लेकर आए हैं। गुजरात के मछुआरे अब दुनिया को दोगुना निर्यात कर रहे हैं। इसलिए हमने मछुआरों को सूदखोरों से भी छूट दी है। पीएम मोदी ने रैली के दौरान सरकार की उपलब्धियां भी गिनाईं। मोदी ने कहा कि पहले लोगों को पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं थीं। आज तमाम योजनाओं से दूर-दराज के गांव तक पानी पहुंचा है। पहले महिलाओं को पानी लाने के लिए दूर-दूर जाना पड़ता था, लेकिन हमने नल जल योजना के माध्यम से घर-घर पानी पहुंचाया है। इसलिए आज उज्ज्वला योजना के माध्यम से महिलाओं का जीवन बदल गया है।पीएम मोदी ने कहा कि गुजरात में आज से 20 साल पहले मेडिकल की सिर्फ 1000 से 1200 सीटें थीं, लेकिन आज के समय यहां करीब 66200 एमबीबीएस सीटें हैं, जो गुजरात के युवाओं के लिए डॉक्टर बनने के दरवाजे खोल दिए हैं। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि गुजरात एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हुआ है।

# सेना को मिलेंगी घातक स्टील कोर गोलियों से सुरक्षा करने वाली बुलेटप्रूफ जैकेट

**नई दिल्ली।** आतंकी घटनाओं और सीमा पर खतरे को देखते हुए भारतीय सेना ने बड़ा कदम उठाया है। सैनिकों की सुरक्षा के लिए भारतीय सेना ने अपने अग्रिम पंक्ति के सैनिकों के लिए 62,500 बुलेटप्रूफ जैकेट (बीपीजे) खरीदने के लिए निविदा जारी की है। ये बुलेटप्रूफ जैकेट आतंकवादियों द्वारा प्रयोग की जा रही स्टील कोर गोलियों से सैनिकों की सुरक्षा में सहायक साबित होंगे।

सेना के अधिकारियों ने इसकी खरीद प्रक्रिया की जानकारी दी है। भारतीय सेना के अधिकारियों के अनुसार रक्षा मंत्रालय ने मेक इन इंडिया पहल के तहत इन जैकेटों के लिए दो अलग-अलग निविदाएं जारी की हैं। इस क्रम में 47,627 जैकेटों के लिए सामान्य माध्यम से खरीद निविदा जारी हुई है। सामान्य माध्यम से खरीदे जाने वाले इन बुलेटप्रूफ जैकैट की खरीद प्रक्रिया अगले 18-24 महीनों में पूरा होने की



**उपलब्धि**

**निविदा जारी, आतंकी घटनाओं और सीमा पर खतरे को देखते हुए भारतीय सेना का बड़ा कदम**

उम्मीद है। वहीं, दूसरी आपातकालीन खरीद प्रक्रियाओं के तहत 15 हजार जैकेटों के लिए है। इस खरीद प्रक्रिया को अगले तीन से चार महीनों में अंतिम रूप दिया जाएगा। सैन्य अधिकारियों ने बताया कि इन दो निविदाओं के माध्यम से खरीदे जा रहे जैकेट ग्रेड-4 के होंगे। **एजेंसी**

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा0लि0)
वाराणसी
सोने, चांदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा
0542-2361600, 2987700, 8318650589
अर्दली बाजार
0542-2505500, 2507700, 9455084195
SUNDAY OPEN
• रथयात्रा • अर्दली बाजार • चौक (ठठेरी बाजार) वाराणसी
• पार्किंग की सुविधा उपलब्ध •

## हर घर नल कनेक्शन देने में यूपी का शाहजहांपुर देश में अव्वल

**लखनऊ।** ग्रामीण इलाकों में जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल कनेक्शन देने में यूपी का शाहजहांपुर देश में अव्वल साबित हुआ है। एक महीने में सबसे अधिक नल कनेक्शन यहां दिए गए। वहीं बुलंदशहर, बरेली, मिजार्पुर ने भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए सर्वेक्षण की अलग-अलग श्रेणियों में स्थान हासिल किया है। ये चारों जिले वाटर क्वालिटी, महिलाओं को जल जांच का प्रशिक्षण देने जैसे विभिन्न मापदंडों पर भी खरे उतरे हैं। सर्वेक्षण में योजना की प्रगति के आधार पर मिलने वाले अंकों से देश भर में जिलों का चुनाव किया जाता है। जल जीवन मिशन की वेबसाइट पर दिये गये आंकड़ों के मुताबिक अक्टूबर माह में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले यूपी के जिलों में शाहजहांपुर, बुलंदशहर और बरेली के नाम दर्ज हुए हैं। जिलों की रैकिंग में शाहजहांपुर कुल 689990 अंक पाकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली श्रेणी में पहले स्थान पर है। बुलंदशहर 657180 अंक प्राप्त कर दूसरे और बरेली 619114 अंकों के साथ इस श्रेणी में तीसरे स्थान पर है। अक्टूबर महीने में ही सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाले जिलों में यूपी का शाहजहांपुर पहले, मिजार्पुर दूसरे और बुलंदशहर तीसरे स्थान पर है। सरकारी प्रवक्ता के अनुसार दिसंबर महीने तक बुंदेलखंड में 90 प्रतिशत से अधिक नल कनेक्शन प्रदान किए जाने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।

# कल आप ये कोर्टरूम भी खोद दोगे...

## बुलडोजर ऐक्शन पर गुवाहाटी हाईकोर्ट की तल्ख टिप्पणी

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी हाई कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया है कि भले ही कोई एजेंसी किसी बेहद गंभीर मामले की ही जांच क्यों न कर रही हो, किसी के मकान पर बुलडोजर चलाने का प्रावधान किसी भी आपराधिक कानून में नहीं है। चीफ जस्टिस आरएम छाया ने असम के नगांव जिले में आगजनी की एक घटना के आरोपी के मकान को गिराए जाने के संबंध में सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, 'हम एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में रहते हैं। मकानों पर इस तरह से बुलडोजर चलाने की घटनाएं फिल्मों में होती हैं और उनमें भी, इससे पहले तलाशी वॉरंट दिखाया जाता है।'

दरअसल, स्थानीय मछली व्यापारी सफीकुल इस्लाम की कथित रूप से हिरासत में मौत के बाद भीड़ ने 21 मई को बटाद्रवा थाने में आग लगा दी थी। इस्लाम को एक रात पहले ही पुलिस

**कोर्ट गंभीर**

**कहा-मकानों पर इस तरह से बुलडोजर चलाने की घटनाएं फिल्मों में होती हैं**

**ऐसे तो देश में कोई भी सुरक्षित नहीं, किसी की घर की तलाशी के लिए भी अनुमति जरूरी**

**जज ने कहा-उन्होंने अपने पूरे जीवन में ऐसा नहीं देखा**

लेकर गई थी।

इसके एक दिन बाद जिला प्राधिकारियों ने इस्लाम सहित कम से कम छह लोगों के मकानों को उनके नीचे कथित तौर पर छिपाए गए हथियारों और नशीले पदार्थों की तलाश के लिए ध्वस्त कर दिया था और इसके लिए बुलडोजर का



इस्तेमाल किया गया था। कोर्ट ने कहा कि किसी के घर की तलाशी लेने के लिए भी अनुमति की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, 'कल अगर आपको कुछ चाहिए होगा, तो आप मेरे अदालत कक्ष को ही खोद देंगे।'

चीफ जस्टिस ने कहा कि अगर जांच के नाम पर किसी के घर को गिराने की अनुमति दे दी जाती है तो कोई भी सुरक्षित नहीं रहेगा। इस मामले पर अगली सुनवाई 12 दिसंबर को होगी। न्यायमूर्ति छाया ने कहा कि मकानों पर इस तरह से बुलडोजर चलाने की घटनाएं फिल्मों में होती हैं और उनमें भी, इससे पहले तलाशी वारंट दिखाया जाता है। इस मामले पर अगली सुनवाई 12 दिसंबर को होगी। **एजेंसी**

# कुमार विश्वास को जान से मारने की धमकी

**नई दिल्ली।** आम आमदी पार्टी के पूर्व नेता और कवि कुमार विश्वास को धमकी दी गई है। कुमार विश्वास ने खुद ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। कुमार के मैनेजर ने इसकी जानकारी गाजियाबाद पुलिस को भी दे दी है। उन्होंने बताया कि भगवान राम का महिमामंडन ना करने और केजरीवाल पर टिप्पणी ना करने की चेतावनी दी गई है। कुमार विश्वास के मैनेजर प्रवीण पाण्डेय ने पत्र के जरिये पुलिस को बताया है कि ईमेल लिखने वाले व्यक्ति ने धमकी दी है, मैं शहीद उधम सिंह की शपथ खाता हूं कि मैं तुझे मारूंगा। हालांकि पुलिस ने धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

मैनेजर प्रवीण पाण्डेय ने गाजियाबाद पुलिस को लिखे पत्र में कहा है, एक



**ऐक्शन**

**पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार**

शख्स की ओर से पिछले कुछ दिनों से लगातार ईमेल के माध्यम से धमकी दी जा रही है। ईमेल करने वाले व्यक्ति ने भगवान राम के लिए बेहद अपमानजनक बात कहते हुए उनकी महिमामंडन नहीं करने और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को कुमार विश्वास से बेहतर बताते हुए उन पर टिप्पणी नहीं करने की चेतावनी भी दी है।

कुमार विश्वास ने इस पत्र शेयर कर लिखा है, ह्लअब उन्हें और उनके चिंटुओं मेरे द्वारा मेरे राघवेंद्र सरकार राम का महिमामंडन करना पसंद नहीं। कह रहे हैं ह्लमार देगेंह्व ये सब ठीक है पर अपने चिंटुओं को बोलो मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम को गाली न बकें। अपना काम करो नहीं तो याद रखो रावण तक का वंश नहीं बचा ,तुम ऐसे कौन लवणासुर हो ?अब उन्हें और उनके चिंटुओं मेरे द्वारा मेरे राघवेंद्र सरकार राम का महिमामंडन करना पसंद नहीं। कह रहे हैं मार देगें ? ये सब ठीक है पर अपने चिंटुओं को बोलो मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम को गाली न बकें। अपना काम करो नहीं तो याद रखो रावण तक का वंश नहीं बचा ,तुम ऐसे कौन लवणासुर हो ? वहीं गाजियाबाद पुलिस ने ट्वीट कर जानकारी दी है कि धमकी आरोपी को इन्दौर से गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में उसने बताया कि वह कुमार विश्वास द्वारा केजरीवाल पर तीखी टिप्पणी किए जाने से दुखी था। इसीलिए उसने यह धमकी दी है।

# सीएम योगी ने सहारनपुर को दी करोड़ों की सौगात

## 145 करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

**प्रोजेक्ट्स की बहार**

**सीएम योगी बोले-विकास में भेदभाव नहीं, अब प्रदेश में नहीं होते दंगे, यूपी निवशकों को कर रहा आकर्षित**

**सहारनपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को सहारनपुर पहुंचे हैं। महाराज सिंह डिग्री कॉलेज मैदान पर मुख्यमंत्री निकाय प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित किया। सीएम योगी सबसे पहले प्रिंस कॉलोनी में हेलीपैड पर हेलिकॉप्टर से उतरे और फिर महानगर के लिए रवाना हुए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शहरी आवास योजना के अंतर्गत 9 लाभार्थियों को मकान की चाबी दी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 10 पात्रों को प्रमाण पत्र दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 145 करोड़ रुपये की 243 विकास परियोजना का लोकार्पण व शिलान्यास किया। मंच से अपने संबोधन में सीएम योगी ने कहा कि सहारनपुर शामली मार्ग लगभग पूरा हो चुका है।

सहारनपुर से देहरादून मार्ग 1200 करोड़ रुपये से निर्मित मार्ग देश के बेहतरीन मार्गों के रूप में अपना योगदान दे रहा है। कहा कि सहारनपुर की कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। बहुत शीघ्र सहारनपुर के व्यापारियों, नागरिकों को राहत मिली है। 2017 से पहले मुजफ्फरनगर आने में दो घंटे लगते थे। हमने इस पर सात सौ 753 करोड़ रुपये तक किए इस दूरी को कम किया और अब मुजफ्फरनगर से सहारनपुर की दूरी 45 मिनट की रह गई है। हमने विकास में कोई भेदभाव नहीं किया। प्रदेश में हर दूसरे दिन दंगे होते थे। आज वह प्रदेश दंगों से मुक्त हो चुका है, आज उस प्रदेश में क्राइम नहीं है बल्कि इज ऑफ डूइंग बिजनैस के लक्ष्य को प्राप्त करके दुनिया के निवेश को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। कहा कि आज तो हमने कुछ योजनाओं का शिलान्यास किया। लेकिन चुनाव के ठीक पहले जिले में मां शाकंभरी के नाम पर यूनिवर्सिटी की नींव रखी थी।

आज उसका भव्य भवन बनकर तैयार हो रहा है। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार काम कर रही है। निकाय में भी ऐसे ही लोग आते हैं तो ट्रिपल इंजन काम करता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्ट्रीट वेंडर को सुविधा दी है। 9 लाख स्ट्रीट वेंडर को योजना का लाभ दिया गया है। 45 लाख गरीबों को आवास की सुविधा दी गई। अकेले सहारनपुर में 25,944 को आवास दिये गये हैं। ओडीओपी में 2,225 कारीगरों को प्रशिक्षण दिया गया है। यह एक नया यूपी है। सिंगल विंडो प्लेटफार्म बनाया है। एमएसएमई में किसी प्रकार की कोई एनओसी नहीं चाहिए। यूपी सबसे सुरक्षित प्रदेश है।

## सीएम योगी ने 1354 स्टाफ नर्सों को दिया नियुक्ति पत्र



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लोक भवन में प्रदेश के सभी 75 जिलों के लिए चयनित 1,354 स्टाफ नर्स को नियुक्ति पत्र प्रदान कियामुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्टाफ नर्स अस्पताल की रीढ़ हैं। स्वास्थ्य सेवा को मॉडल के रूप में प्रस्तुत करें। इसकी विश्वसनीयता बढ़ाएं। प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। अस्पतालों की व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। वह रविवार सुबह नर्सों के नियुक्ति पत्र विवरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ व अस्पताल से जुड़े अन्य कर्मचारी अपना व्यवहार ठीक करें। अस्पताल आने वाले मरीजों के साथ सद्भाव रखें। उनकी भावनाओं को समझें। यदि मरीज के प्रति स्टाफ का व्यवहार ठीक होगा तो उनकी मनोदशा बेहतर होगी और बीमारी का असर कम होगा। बीएससी नर्सिंग करने वालों के लिए व्यवस्था बने। वे बीएससी के बाद एमएससी करें ताकि उत्तर प्रदेश से निकलने वाली नर्स देश के हर हिस्से में अपनी प्रतिभा दिखा सकें। जीएनएम करने वाले पोस्ट बीएससी नर्सिंग के लिए आगे बढें। जहां हैं वहीं पर सीमित न रहें। भविष्य में हमें हर स्तर पर फैकल्टी की जरूरत पड़ेगी। इसके लिए अभी से तैयारी की जा रही है।

## प्रो. विनय पाठक गायब एसटीएफ ने की लुकआउट नोटिस भेजने की तैयारी

**लखनऊ।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति प्रो. विनय पाठक गायब हो गए हैं। उनका मोबाइल स्विच ऑफ है और उनकी लोकेशन भी नहीं मिल रही है। एसटीएफ ने उन्हें दोबारा ई-मेल करके मोबाइल नंबर, अटेंडेंट का मोबाइल नंबर और लोकेशन भेजने को कहा है। वहीं, सूत्रों का कहना है कि एसटीएफ अब पाठक के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी करने की तैयारी कर रही है। एसटीएफ पाठक के पासपोर्ट की जानकारी भी जुटा रही है। जांच एजेंसी ने क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय और छत्रपति शाहू जी महाराज विवि कानपुर के कुलपति कार्यालय को पत्र भेज कर इस संबंध में जानकारी मांगी है। एसटीएफ यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि अब तक पाठक ने कितनी विदेश यात्राएं कीं? किन देशों की यात्राएं अधिक रहीं और विदेश यात्राओं का उद्देश्य क्या था? क्या विदेश यात्राएं सरकारी खर्चे पर की गईं?

# भारत जोड़ो यात्रा' का एजेंडा नहीं थे सावरकर

## राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा पर फेरा पानी : संजय राउत

**मुंबई।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता संजय राउत ने रविवार को राहुल गांधी के स्वतंत्रता सेनानी वीडी सावरकर की आलोचना को गलत ठहराते हुए कहा कि इसके कारण कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा से हुए फायदे पर पानी फेर दिया। सामना में लिखे अपने साप्ताहिक स्तंभ रोखठोक में राज्यसभा सदस्य राउत ने सवाल किया कि राहुल गांधी लोगों की भावनाओं को छूने वाले मुद्दे उठा कर बीजेपी को ध्यान भटकाने का मौका क्यों दे रहे हैं?

गौरतलब है कि राहुल ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान महाराष्ट्र में इस सप्ताह की शुरूआत में सावरकर पर टिप्पणी की थी, जिसे लेकर महाराष्ट्र

**नाराजगी**

**बीजेपी को ध्यान भटकाने का मौका दे रहे हैं राहुल**

**एक आम कैदी के रूप में जेल में एक दिन भी बिताना मुश्किल**

की सियासत में नया विवाद पैदा हो गया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दावा किया था कि सावरकर ने अंग्रेजों की मदद की थी और सजा के डर से माफीनामा लिखा था।

मनीलॉन्ड्रिंग के एक मामले पर हाल ही में जमानत पर बाहर आये संडय राउत ने कहा कि मैंने जेल में तीन महीने बिताए। कई स्वतंत्रता सेनानियों को



मुंबई में आर्थर रोड जेल में बंद किया गया था। वहां एक स्मारक है। एक आम कैदी के रूप में जेल में एक दिन भी बिताना मुश्किल है।

राउत ने कहा कि सावरकर ने अंडमान सेल्युलर जेल में 10 साल से अधिक का समय जेल में बिताया और कई मुश्किलों का सामना किया। ब्रिटिश सरकार ने उनको मनी लॉन्ड्रिंग के झूठे मामले में नहीं गिरफ्तार किया था। उन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ सशस्त्र क्रांति की मशाल जलायी थी, इसलिए उनको अंडमान की जेल में रखा गया। संजय राउत ने कहा कि उम्रकैद की सजा का मतलब है कि जेल में 50 साल काटना. सावरकर के भाई नारायणराव को बिना शर्त रिहा कर दिया गया जबकि सावरकर को शर्तों के साथ रिहा किया गया। इसे माफी नहीं कहा जा सकता। राउत ने लेखक वाई डी फडके की किताब में एक उद्धरण का जिक्र किया जिसमें कहा गया है कि सावरकर द्वारा लिखे पत्र का क्षमा याचना के रूप में गलत अर्थ निकाला गया। उन्होंने इसका जिक्र करते हुए कहा कि यह जेल से रिहा होने की रणनीति थी. उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने भी 26 मई 1920 को यंग इंडिया में लिखे अपने लेख के जरिए सावरकर और उनके भाई को रिहा करने की मांग की थी। संजय राउत ने यह भी कहा कि अगर सावरकर ने जेल से रिहा होने के लिए ब्रिटिश शासन के खिलाफ अपने हिंसक तरीके पर खेद जताया और इस खेद को आत्मसमर्पण नहीं कही जानी चाहिए बल्कि इसको एक रणनीति माना जाना चाहिए। शिवसेना के उद्धव ठाकरे खेमे के नेता ने कहा कि आज कई नेता डर से ईडी के सामने आत्मसमर्पण कर देते हैं, पार्टी बदल देते हैं और ईमानदारी से पीछे हट जाते हैं।

# चाचा-भतीजा में मिट गईं दूरियां

## मैनपुरी में अखिलेश यादव ने छुए शिवपाल के पैर

**मैनपुरी।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लगभग छह साल के तनावपूर्ण संबंधों के बाद रविवार को मैनपुरी में एक चुनावी सभा में मंच पर अपने चाचा शिवपाल यादव के पैर छुए। तालियों की गड़गड़ाहट से अखिलेश के इस भाव का स्वागत किया गया।सभा को संबोधित करते हुए शिवपाल ने कहा, आपने कहा, एक हो जाओ तो हम एक हो गए। अब हमारी बहू को जीत दिला देना।

अखिलेश यादव ने अपने भाषण में कहा, मेरे और मेरे चाचा के बीच कभी कोई मतभेद नहीं था। हमारे संबंधों में कोई समस्या नहीं थी। यदि कोई मतभेद थे तो वे राजनीतिक संबंधित थे, जो मिट गए हैं।शिवपाल यादव के इटावा स्थित घर पर पहुंच कर अखिलेश

**सभा**

**शिवपाल बोले- आपने कहा था एक हो जाओ, हम एक हो गए**

यादव और डिंपल यादव की मुलाकात नए समीकरण बना रही है। वहीं, दो दिन से शिवपाल पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं से मिलकर डिंपल की जीत सुनिश्चित करने में जुट गए हैं।

इस क्रम में रविवार को शिवापल सिंह यादव सैफई क्षेत्र में एक कार्यक्रम में पहुंचे हैं। यहां अपने संबोधन में शिवपाल ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एक साथ मिलकर ही भाजपा को हराया जा सकता है। आज से ही हमें मिलकर काम करना है। उन्होंने कहा कि आपने कहा था कि एक हो जाओ, हम एक हो गए। वहीं, डिंपल यादव की जीत के लिए कार्यकताओं को निर्देशित भी कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में अखिलेश यादव, प्रो.रामगोपाल यादव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद हैं। इटावा-मैनपुरी की राजनीति में भावनाएं और रिश्ते काफी अहम होते हैं। शिवपाल इसे बखूबी जानते और मानते हैं। उनका समर्थन डिंपल को जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा कर सकता है। इसलिए, उनके निर्णय पर खुशी भी जताई जा रही है और उन्हें उचित स्थान देने की मांग भी हो रही है। सूत्रों के अनुसार, शिवपाल सिंह यादव ने सभी पदाधिकारियों से सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के लिए वोट मांगने और किसी भी हाल में उन्हें जिताने के निर्देश दिए।

# करोड़ों की सरकारी भूमि पर चला बुलडोजर




अस्थाई दुकानों को हटाता जेसीबी



कार्रवाई के दौरान उपस्थित अधिकारी

**कार्रवाई**

### बंजर भूमि को हेरा फेरी कर करा लिया था अपने नाम

### दानियालपुर में पैमाइश कर गाटा सं. 70 व 71 पर हुई कार्रवाई

**लालगोपालगंज।** लालगोपालगंज के ग्रामसभा दानियालपुर में करोड़ो रूपए की बंजर भूमि पर हेरा फरी के बाद प्रशासनिक अमला सख्त हुआ है। एक नामजद व कई अज्ञात के खिलाफ नवाबगंज थाना में केस दर्ज कराने के बाद रविवार को विवादित भूमि की पैमाइश कराई गई। सरकारी जमीन पर बने अस्थाई दुकानों पर कार्रवाई करते हुए ध्वस्त कराया गया। प्रशासनिक कार्रवाई सेकस्बा में हड़कंप मचा रहा।

स्थानीय कस्बा के मौजा दानियालपुर में गाटा संख्या 70 रक्बा 0.1880हे. जो राजस्व अभिलेखों में बंजर के खाते में दर्ज थी। तहसील के अधिकारियों और कर्मचारियों की मिली भगत से बंजर भूमि के अभिलेखों में हेरा फेरी कर सुहैल अहमद निवासी दानियालपुर के नाम दर्ज कर दी गई। मामले का जब खुलासा हुआ, और अधिकारियो की किरकिरी होने लगी तो आनन फानन में आरोपी का नाम खारिज कर पुनः बंजर के खाते में दर्ज कर दी गई। खुलासा होने के चार दिन बाद एसडीएम सोरांव के पेशकार विनोद कुमार की तहरीर पर आरोपी सुहैल अहमद, कम्प्यूटर ऑपरेटर व कई लोग अज्ञात के विरूद्ध नवाबगंज थाना में धोखाधड़ी समेत अभिलेखों में छेड़छाड़ समेत कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया। अभियोग पंजीकृत होने के बाद शनिवार को राजस्व विभाग और स्थानीय नगर प्रशासन के अधिकारियों ने मौका मुआयना किया। रविवार को टीम नेविवादित भूमि की नामजाख कर चिंहान्कन कराया। गाटा संख्या 70व गाटा संख्या 71 मि. में किए गए अस्थाई निर्माण को बुलडोजर लगाकर ध्वस्त कर दिया। विभागीय कार्रवाई से कस्बा में हड़कंप मचा रहा। वहीं पीड़ित दुकानदारों का कहना है कि कार्रवाई में भेदभाव किया गया। गुमटी छप्पर हटाए गए परन्तु पक्के निर्माणधारकों पर कार्रवाई नहीं हुई। इस दौरान तहसीलदार ओम प्रकाश शुक्ला, नायब तहसीलदार सत्यपाल, अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार वर्मा, राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल की टीम रही। सुरक्षा की दृष्टि से नवाबगंज थाना प्रभारी के साथ चौकी इंचार्ज हर्ष वीर सिंह मय फोर्स के साथ मौजूद रहे।

# क्षेत्र में एटीएम न होने से ग्रामीण परेशान, एटीएम की मांग

**समस्या**

### क्षेत्र में नही है ए टी एम बूथ, ग्रामीणों ने की मांग

**लालापुर, प्रयागराज।** क्षेत्र मे बैक तो है लेकिन एटीएम के न होने से क्षेत्रवासियों को बैंक बन्द होने पर पैसा निकालने के लिए काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। लालापुर क्षेत्र में दो बैंक मौजूद है। लालापुर मे बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक दूसरा मानपुर ओझा पट्टी में इंडियन बैंक है लेकिन वो भी भगवान भरोसे.. कभी बैक मे पैसा नहीं है तो कभी सर्वर डाउन है। इन्ही समस्याओं के चलते क्षेत्रवासियों को बैंक से पैसा निकालने में बेहद समस्याओं का सामना करना पड़ता है। हालात ये हैं कि यदि किसी के यहाँ कोई आवश्यक कार्य पड़ जाये तो वह पैसों के अभाव में उसका कार्य पूर्ण नहीं हो सकता। किसी के यहाँ शादी विवाह या कोई बड़ा कार्यक्रम होता है तो मजबूरीवश




लोगों को लालापुर से 20 किलोमीटर की दूरी तय कर जसरा या शंकरगढ़ जाना पड़ता है। इन्हीं समस्याओं को लेकर क्षेत्र वासियों ने मांग किया है कि ज्यादातर आबादी वाले गांव में लालापुर, तरहार क्षेत्र में मानपुर व चिल्ला गौहानी के गांवों में ए टी एम मशीन लग जाने से पूरे क्षेत्रवासियों के लिए सुविधा मिल जाएगी।

इसी को लेकर एक साल पहले राम जानकी जन कल्याण समिति के अध्यक्ष शिवेंद्र पाण्डेय द्वारा बैंक मुख्यालय में ज्ञापन भी दिया गया किन्तु असफलता ही हाथ लगी। पंडुआ, प्रतापपुर, नौढ़िया, अमिलिया, लालापुर, गोबरा, नागनपुर, महेरा आदि गाँवो से लोग लगभग 5 से 8 किलोमीटर की दूरी तय करके लालापुर स्थित बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक आते हैं और यहाँ आने के बाद पता चलता कि सर्वर डाउन है। कभी तो बैंक में पैसा ही नही रहता,जिससे लोगों को निराश होकर घर वापस लौटना पड़ता है।



लालापुर में एटीएम लग जाने से क्षेत्रीय लोगों को पैसा निकालने में हो रही असुविधा दूर होगी।जन समस्या को देखते हुए लालापुर में एक एटीएम की शख्त जरूरत है।
**-शंकरलाल पाण्डेय (ग्राम प्रधान) भटपुरा-लालापुर**



लालापुर क्षेत्र में कही भी एटीएम बूथ नही है, बैंक बन्द होने पर दिक्कत होती है। एटीएम लग जाय तो लोगों को पैसा निकालने के लिए कहीं बाहर नही जाना पड़ेगा।
**-विवेक शुक्ला उर्फ लाला शुक्ला (प्रबंधक) मां शिवकुमारी शुक्ला इंटर कॉलेज लालापुर**

## संक्षेप

### दबंगों ने प्रधान पति को पीटा, घायल



**बहरिया।** बहरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा राजेपुर में शासन के आदेश पर ग्राम सभा में पेयजल के अंतर्गत टंकी बनवाने के लिए जमीन को चिन्हित करवा रहे प्रधान पति अमृतलाल धोबी को गांव के दबंगों ने जमकर पीटा। जिससे वह बुरी तरीके से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सभा राजेपुर में पानी की टंकी बनवाने के लिए प्रधान पति अमृतलाल धोबी व क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा जमीन की पैमाइश करके चिन्हित करवाया जा रहा था। कि गांव के ही दबंग किस्म के व्यक्ति नरेंद्र शर्मा, प्रदीप कुमार, आशीष कुमार, आदित्य प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद गाली गुप्ता देते हुए धारदार हथियार लोहे की राड लेकर एक राय होकर अमृतलाल धोबी को मारने पीटने लगे। जिससे उसके सर में गंभीर चोटें आई। जिसकी लिखित तहरीर अमृतलाल धोबी ने बहरिया थाने में दी। तहरीर मिलते ही थाना अध्यक्ष बहरिया मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### देव स्पोर्ट्स पब्लिक स्कूल में भव्य मेडिकल कैम्प का आयोजन हुआ सम्पन्न



**नैनी।** क्षेत्र के चाका ब्लाक स्थित बसवार गांव के देव स्पोर्ट्स पब्लिक स्कूल में मेडिकल कैम्प का निःशुल्क आयोजन 20 नवम्बर (रविवार) को किया गया। जिसमें इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ सुबोध जैन, सचिव डॉ आशुतोष गुप्ता, शिविर संयोजक डॉ शार्दूल सिंह, डॉ युगान्तर पाण्डेय, डॉ सुभाष चन्द्र वर्मा, डॉ चन्द्रशेखर, डॉ विनीता मिश्रा, डॉ तरू पाण्डेय, डॉ अशोक अग्रवाल, डॉ अतुल दूबे, डॉ भूपेंद्र पाण्डेय, डॉ उत्सव सिंह, डॉ मोना दूबे, डॉ त्रिभुवन सिंह आदि उपस्थित रहे। विद्यालय के निदेशक चन्द्रभान राय जी ने समस्त क्षेत्रवासियों, विद्यार्थियों एवं समस्त स्टाफ को कुशल स्वास्थ्य एवं समृद्धि की शुभकामनाएं देते हुए समस्त डाक्टर समूह का आभार व्यक्त किया है। प्रधानाचार्य शशांक शर्मा ने समस्त क्षेत्रवासियो को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर चेक-अप कराने एवं डाक्टरों के बेहतर चेक-अप हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

### श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन भगवान के दिव्य स्वरूप का किया वर्णन



**लालापुर।** 13 नवंबर शोभा कलश यात्रा से प्रारंभ की गई श्रीमद्भागवत कथा भक्ति रसामृत प्रवाहित करती हुई रविवार को अंतिम दिन सप्तम सोपान तक पहुँची। आचार्य श्याम सुंदर त्रिपाठी द्वारा भगवान के दिब्य स्वरूप का वर्णन करते हुए बताया गया कि प्रभु के भाल पर कस्तूरी तिलक,वक्षस्थल पर कौस्तुभमणि,नाक के अग्रभाग में मोती की बाली, हाँथ में वंशी, सम्पूर्ण शरीर पर हरिचंदन का लेप है, ऐसे प्रभु हमेशा सभी का कल्याण करें। कथा क्रम में सत्यभामा, जामवंती तथा कालिंदी सहित 16108 रानियों के पाणिग्रहण का विस्तार से वर्णन किया। उषा अनिरुद्ध विवाह, जरासंध वध, राजसूय यज्ञ ,शिशुपाल उद्धार की कथा संक्षेप में सुनाई गई। पोरबन्दर निवासी, महाज्ञानी जितेंद्रिय और पवित्र ब्राह्मण सुदामा का मित्र कृष्ण से मिलन का भावपूर्ण करते हुए माता पिता देवकी वसुदेव को ब्रह्मज्ञान का उपदेश तथा अंत में राजा परीक्षित के निर्वाण का वर्णन करते हुए कथा को विराम दिया गया। आज श्रीमद्भागवत कथा की पूणार्हुति हवन व कथा प्रसाद का वितरण किया जाएगा। भक्तजन प्रसाद ग्रहण कर भागवत सप्ताह यज्ञ के यश व पुण्य के भागी बनें। श्रोताओं में कन्हैया लाल मिश्र, कामता मिश्र, धर्मराज द्विवेदी,जागृति पाण्डेय,बचऊ सिंह, बब्बन सिंह, शिवराम दुबे, पचखरा प्रधान हीरामन सिंह, कमला दुबे, घनश्याम मिश्र, मेलाराम, संतोष पाण्डेय, रज्जन सोनी, लल्लू सिंह, कल्लू सेन, सुरजू हरिजन, धर्मराज आदि सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे। आए हुए सभी भक्तों का राजाबाबू पाठक, हरिविलास पाण्डेय, चंद्रशेखर पाण्डेय, रमेश पाण्डेय, शंकर सिंह, रमेश सिंह, कमलाकांत दुबे, विनोद पाण्डेय व काशी विश्वनाथ मंदिर वाराणसी के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी आचार्य राधेश्याम पाठक द्वारा वक्ता श्रोता तथा समस्त आगन्तुकों का आभार ब्यक्त किया गया।

### जल निकासी को लेकर घर में घुसकर की मारपीट, केस दर्ज

**करछना।** थाना क्षेत्र के घटवा गांव में रविवार सुबह घर का पानी बाहर निकासी को लेकर विवाद हो गया जिसमें आधा दर्जन लोग घर में घुसकर एक व्यक्ति की लाठी डंडे एवं सरिया से पिटाई कर दी जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया लिखित शिकायत पर करछना पुलिस ने तीन लोगों को नामजद करते हुए 4 अन्य के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है घटवा गांव निवासी हिमांशु पांडे रविवार सुबह अपने घर के सामने बैठे थे तभी पड़ोस के सुनील पांडे शिवम पांडे दयाशंकर पांडे व उनके साथ चार अन्य लोग घर पर चढ़कर घर के सामने जबरन पानी बाहये जाने को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया योजनाबद्ध तरीके से लोगों ने हिमांशु पांडे को लाठी-डंडों से पीटा जब वह घर के अंदर भाग गया तो उसे घर के अंदर घुस कर सरिया से और गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की किसी तरीके से वह भाग कर करछना थाने पहुंचा पुलिस में शिकायत की पुलिस ने तत्काल मामले को गंभीरता से लेते हुए मुकदमा पंजीकृत कर लिया है बाकी हमलावर फरार बताए गए।

# जनता के कष्टों को स्वीकार कर दूर करना हमारा पहला कर्तव्य है : प्रो.रीता बहुगुणा जोशी

**बैठक**

### मुख्यमंत्री के प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को लेकर सांसद ने शंकरगढ मे की बैठक

**शंकरगढ़।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 24 नवंबर को प्रयागराज के केपी ग्राउंड में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को सम्बोधित करने आ रहे है। जिसके तैयारियों को लेकर प्रयागराज की सांसद प्रो.रीता बहुगुणा जोशी ने रविवार को सायं केसरवानी धर्मशाला शंकरगढ़ मे भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं और क्षेत्रीय प्रबुद्ध वर्ग के नागरिकों संग बैठक कर ज्यादा से ज्यादा संख्या मे प्रयागराज पहुंचने का अनुरोध कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सुनने की अपील करते हुए कहा भाजपा की सरकार मे विगत नौ वर्षों में प्रयागराज के साथ पूरे देश में जितना तेजी से



बैठक को संबोधित करती प्रो. रीता बहुगुणा जोशी

विकास हुआ उतना किसी ने कभी कल्पना तक नही किया था। आपके कष्टों को स्वीकार कर दूर करना भी जनप्रतिनिधि होने के कारण हमारा पहला कर्तव्य है। पेयजल समेत कई क्षेत्रीय समस्याओं को सुनकर अधिकारियों को फटकार लगाते हुआ कहा जनता को मुझे जबाव देना पड़ता है,लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। साथ ही स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर सभी वार्डो में कमल खिलाने की अपील कर क्षेत्र के व्यापारी, अधिवक्ता, डाक्टर, शिक्षक, पत्रकार, किसान आदि प्रबुद्ध वर्ग के नागरिकों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम में पहुचने की अपील करते हुए योजना रचना बनाई। सांसद प्रयागराज ने बैठक में मौजूद प्रवुध्द वर्ग के बालेंद्र सिंह, त्रिजुगी नारायण मिश्र का अंगवस्त्रम व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इसके पूर्व बैठक मे मौजूद मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह पटेल,जिला महामंत्री विजय शंकर शुक्ला, जिला मंत्री शिवराम सिंह परिहार, जिला कोषाध्यक्ष अनूप केसरवानी,जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी, दिनेश तिवारी,संत प्रसाद पांडेय आदि ने सांसद का स्वागत कर निकाय चुनाव और प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को सम्बोधित कर कार्यकताओं संग योजना बनाई। संचालन व आभार जिला कोषाध्यक्ष अनूप केसरवानी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर कुशल जैन, सतीश विश्वकर्मा, मूल चंद गुप्ता, गोपाल दास गुप्ता, सुधा गुप्ता, सुजीत केसरवानी, रोहित केसरवानी, महेंद्र शुक्ला, करूणा पति त्रिपाठी, सोमनाथ वर्मा, संदीप सिंह आदि के साथ भारी संख्या में क्षेत्रीय जन, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अग्रवाल फाउंडेशन द्वारा महिलाओं में सिलाई मशीन वितरित



कार्यक्रम में महिलाओं के साथ फाउंडेशन व महाविद्यालय के शिक्षक व अतिथि

**मेजा।** क्षेत्र के लाला लक्ष्मीनारायण डिग्री कालेज में रविवार को अग्रवाल फाउंडेशन प्रयागराज द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम स्वरोजगार योजना के तहत विधवा महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में फाउंडेशन के संचालक श्रीमती शोभा अग्रवाल और आर सी अग्रवाल रहे। कार्यक्रम में श्रीमती शोभा अग्रवाल और आर सी अग्रवाल ने कुल दस महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित करते हुए कहा कि हमको पूरा भरोसा है कि आप लोग इसका सदुपयोग कर मेरे वितरण का लक्ष्य पूरा करेंगी ।

इस अवसर पर गणमान्य व्यक्तियों में नगर पंचाचत अध्यक्ष श्यामकृष्ण यादव (पप्पू), इलाका प्रसाद शर्मा, ध्रुव प्रकाश अग्रवाल, पंकज तिवारी, संजय शुक्ला, असि० प्रोफेसर, राजेश अग्रवाल, कैलाश शर्मा सत्यवीर सिंह, शिव कुमार सिंह, लवकुश तथा अन्य कर्मचारीगण एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

# 58 मोतियाबिंद से व्यथित मरीजों का हुआ निःशुल्क ऑपरेशन

**नैनी।** ओम तत्सत प्रेरणा परमार्थ आश्रम के अंतर्गत संचालित बाबा भगवान राम चिकित्सालय मोहब्बत गंज उपहार चाका ब्लाक नैनी प्रयागराज के माध्यम से दिनांक 18 नवंबर 2022 को निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया था जिसके अंतर्गत दिनांक 19 नवंबर 2022 मनोहर दास नेत्र चिकित्सालय में कुशल चिकित्सकों के माध्यम से एवं परम पूज्य अघोर मूर्ति श्रद्धेय श्री भैया जी के संरक्षण में 58 मोतियाबिंद से व्यथित मरीजों का ऑपरेशन करा कर उन्हें नई ज्योति प्रदान करने का कार्य किया गया परम पूज्य अघोर मूर्ति श्रद्धेय श्री भैया जी ने उक्त कार्यक्रम में अपने आशीर्वचन मे कहा कि अपने लिए तो सभी जीते हैं लेकिन जो अपने एवं अपने परिवार के साथ समाज के हितों में लगा रहता है वही आदमी आदमी है किसी को नेत्र ज्योति प्रदान करना एक बहुत ही महान कार्य है इस कार्य में सभी को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए



मरीजों को हाल जानते परम पूज्य अघोर मूर्ति श्रद्धेय श्री भैया जी

आज के समय काल में निस्वार्थ भाव से सेवा का अभाव हो गया है धीरे-धीरे यह लुप्त होता जा रहा है हम सभी को ऐसे महान कार्यों मैं बढ़-चढ़कर मानवता के सेवा कार्य करना चाहिए इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आश्रम के सभी सदस्य एवं बाबा भगवान राम चिकित्सालय के स्वयंसेवक एवं बाबा भगवान राम चिकित्सालय के चिकित्सकों ने पूरी तन्मयता एवं कर्तव्य निष्ठा के साथ अपने दायित्वों की पूर्ति की है परम पूज्य अघोरेश्वर बाबा भगवान राम जी ने अपने आशीर्वचन में कहा है (तू कुछ ना बन, बस मनुष्य बन जा) उक्त सूचना मीडिया प्रभारी जैनेंद्र साहब के माध्यम से दी जा रही है।

# भाजपा नेता योगेश शुक्ल 4 दिसम्बर से करेंगे टौंस नदी की परिक्रमा

### परिक्रमा कुल 156 किलोमीटर की होगी, दस दिन में पूरी होगी

**मेजा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ल ४ दिसंबर २०२२ से टौंस नदी की पैदल परिक्रमा शुरू करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए उनके सहयोगी / प्रतिनिधि विनय कुमार ने बताया कि योगेश शुक्ल जब देवोत्थान एकादशी की शाम टौंस दीपोत्सव के कार्यक्रम में कोना आये थे उसी समय उनके मन में टौंस की परिक्रमा करने का संकल्प जगा था। विनय कुमार ने बताया कि यह परिक्रमा टौंस और गंगा के संगम के दक्षिणी तट स्थित चौकी गाँव से प्रारम्भ होकर गरगटा होते हुए बेलन नदी के संगम तक जाएगी।

बेलन संगम से यात्रा टौंस को पार करके उत्तरी तट के गाँवों से होते हुए करछना के पनाशा गाँव में समाप्त होगी। सिरसा -चौकी के पास गंगा संगम से लेकर बेलन संगम तक टौंस की दूरी लगभग ७२ किलोमीटर है। दोनों



तटों से परिक्रमा पथ लगभग १५० किलोमीटर का होगा।

योगेश शुक्ल की यह परिक्रमा यात्रा मेजा, कोराव, बारा और करछना तहसील के लगभग १०० से अधिक गाँवो से होकर गुजरेगी और लगभग १० दिन में पूरी होगी। विनय कुमार ने कहा है कि योगेश शुक्ल कि इस परिक्रमा यात्रा से टौंस नदी के पर्यावरण के प्रति लोगो का ध्यान आकर्षित होगा तथा इसके तटों से लगे गावों में आध्यात्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक विकास के नये आयाम जुड़ेंगे।

# पंखे के चुल्ले में युवक ने लगाई फांसी, मौत

**नैनी।** नैनी थाना क्षेत्र के सोरियाभीट गांव में शनिवार की रात एक युवक ने कमरे के अंदर लगे पंखे के चुल्ले में रस्सी का फंदा लगाकर लटक गया, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर इलाकाई पुलिस पहुंची, शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार नैनी थाना क्षेत्र के सोरियाभीट निवासी शुभम तिवारी (24) वर्षीय पुत्र राजाराम तिवारी संगम घाट पर पूजा पाठ का काम करता था। चार भाईयों में वह तीसरे नंबर का था। बताते हैं, कि शनिवार की रात वह भोजन करने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया। रात में वह कमरे के अंदर लगे पंखे के चुल्ले से रस्सी के सहारे लटक गया। जिससे उसकी मौत हो गई । सूचना पाकर इलाकाई पुलिस पहुंची, शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया। पुलिस के अनुसार दो साल पहले उसके एक भाई ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था।

# बारात आने से पहले युवती प्रेमी के साथ फरार, शादी वाले घर में मचा कोहराम

**मऊआइमा।** बारात आने से एक दिन पूर्व प्रेमीका प्रेमी के साथ फरार हो गई। युवती के भाग जाने पर घर में कोहराम मचा हुआ है। इस घटना से गांव में चचाओं का बाजार गर्म है। हालांकि इसकी सूचना पुलिस को नहीं दी गई है।

मालूम हो मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गाँव में एक युवक का गांव ही एक युवती से काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताते हैं कि आज से एक साल पूर्व दोनों भाग चुके हैं। जिसमें परिजनों ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। युवती को पुलिस ने पकड़ परिजनों को सौंप दिया था तथा युवक को जेल भेज दिया था। युवक जमानत से छुट कर गांव आया तो परिजन उसे दिल्ली भेज दिए। बताते हैं कि युवती का युवक से मोबाइल से बातें होती रहती थी। जब युवती की शादी की तिथि पड गयी तो युवक आ धमाका जिसकी भनक न ही युवक के परिजनों को हुई न ही युवती के घर वालों को हुई। पहले से तय स्थान पर युवती घर का जेवर और रुपये लेकर रात के समय फरार हो गई। सुबह युवती के घर में न मिलने पर तथा सारे जेवर और नकदी गायब होने से युवती के परिजनों में कोहराम मच गया।और घर पर आए मेहमान धीरे धीरे खिसक लिए। बताते हैं कि जब युवती के परिजनों ने युवक के घर पर जा कर सारी बात बतायी तो वह भी अचम्भित हो गए। बताते हैं कि फिलहाल शादी की तिथि बढा कर युवक और युवती के परिजन मिलकर कर दोनों की तलाश में जुट गए हैं। समाचार लिखे जाने तक इसकी सूचना पुलिस को नहीं दी गई थी। गांव में उक्त घटना चर्चाओं का विषय बना हुआ है।

# गायत्री परिवार का नौ कुंडीय यज्ञ समाप्त

**कथा**

### श्रीमद पावन प्रज्ञा पुराण कथा सुन भक्त हुए ज्ञानी

**खीरी।** खीरी के धर्मराज गेस्ट हाउस में चार दिवसीय अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वाधान में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं श्रीमद् पावन प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन रविवार को समाप्त हो गया । भक्तों में श्रीमद् पावन प्रज्ञा पुराण कथा के प्रति भाव दिखा । कार्यक्रम में वाराणसी से आए कथावाचक लाल बहादुर शास्त्री ने बताया श्रीराम शर्मा आचार्य एवं परम वंदनीय माता भगवती देवी के संरक्षण में गायत्री परिवार का भव्य आयोजन हुआ। जिसमें मानव में देवत्व का उदय, धरती पर स्वर्गीय वातावरण, नारी सशक्तिकरण, व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण, समाज निर्माण, स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन, सभ्य समाज, एकता, सुचिता क्षमता एवं ममता है। सुरदुर्लभ शरीर पाकर मानव आज जाति पति, ऊंच-नीच, छुआछूत,



श्रीमद् पावन प्रज्ञा पुराण कथा कहते कथावाचक

रिश्वतखोरी, दुराचारी, दुर्व्यशनी, आदि दुगुर्णों से युक्त होकर भटक गया है। हम सब गायत्री परिवार उक्त को संयमित व सुधार करने हेतु उक्त कथा वाचन का पावन कार्यक्रम आयोजित किए है। जिसमे खीरी क्षेत्र के सैकड़ों के संख्या में महिलाएं ,बच्चे ,पुरुषों ने अपने संबंधियों इष्ट मित्रों सहित पधार कर मानव जीवन को धन्य बनाने हेतु सहभागी बने रहे ।कार्यक्रम के पश्चात अंत में यथा पुंसवन, नामकरण ,अन्नप्राशन, विद्या आरंभ एवं दीक्षा कार्यक्रम भी विधिवत कराई गई ।वही बताते चलें कि कथा में कथा वाचक सहयोगी राम भजन पाल, रंजीत कुमार पांडे, गोविंद (गोरखपुरी) ने भक्तो को कथा सुनाते रहे। कार्यक्रम का मुख्य आयोजक चंद्रभूषण उपाध्याय, राम यत्न मिश्र, मोहन लाल मिश्र, रविंद्र नाथ पांडे खूब प्रफुल्लित रहे ।अजय सोनी, ओमकार नाथ केशरवानी, (भाजपा नेता)सुरेश केशरवानी, अतुल केशरवानी समेत सैंकड़ों लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। भक्तो में कोराव तहसीलदार अनिल वर्मा,हरे राम चौहान, सुरेंद्र केसरवानी, मधुसूदन विश्वकर्मा, समेत सैंकड़ों लोग सामिल रहे।

# फाफामऊ विधायक ने फीता काटकर देव क्रिकेट कप का किया उद्घाटन

**प्रयागराज।** रविवार को देव स्पोर्टस क्रिकेट कप 2022 अंडर 16 के मुख्य अतिथि फाफामऊ विधायक गुरु प्रसाद मौर्या ने फीता काटकर उद्घाटन किए। इस मौके पर पांडेश्वर नाथ धाम मंडल अध्यक्ष सुशील तिवारी, संतोष विश्वकर्मा, रमाकांत मिश्र, ग्राम प्रधान गद्दोपुर राममूर्ति प्रजापति, संचालक रामचंद्र प्रजापति, नीरज तिवारी, हरिराम यादव, आदित्य कुमार, ग्राम विकास अधिकारी चंद्रशेखर मौर्य, सुरेंद्र उदयप्रताप पटेल, सौरभ मिश्रा, कमलाकांत मौर्या, विकाश यादव, गुलाब पटेल, धीरेन्द्र पाल, अमित कुमार, राहुल सिंह, श्यामू भारतीया, भूपसिंह, चंद्रभूषण मौर्या, महेश प्रजापति, धर्मेन्द्र प्रजापति आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट में गलत तरीके से सनवर अली नाम दर्ज हो गया है जो गलत है मेरा सही नाम मो0 लियाकत पुत्र मो0 इस्माइल निवासी बरेठी नया पूरा, पोस्ट बरेठी, विकास खंड क्षेत्र सैदाबाद, तहसील हंडिया, जनपद प्रयागराज है, और मेरे बैंक पासबुक, आधार कार्ड, पैन कार्ड में मेरा सही नाम मो0 लियाकत पुत्र मो इस्माइल दर्ज है सनवर अली भूल से गलत नाम दर्ज हो गया है।



यातायात माह के तहत वाहनों की जांच करते एसपीसिटी

# प्रयागराज



**मौसम**



| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 29.00 |
| न्यूनतम : | 15.00 |
| सूर्योदय : | 06.19 |
| सूर्यास्त : | 05.15 |

## जेल में अब रविवार को नहीं हो सकेगी बंदियों से मुलाकात

**नैनी।** केंद्रीय कारागार नैनी में बंदियों से अब रविवार को मुलाकात पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। बंदियों से अब शनिवार को मुलाकात कराई जाएगी। शासन के आदेश पर अब विचाराधीन बंदियों से सप्ताह में दो बार मुलाकात हो सकेगी, जबकि सजायाफ्ता बंदियों से उनके परिवारी जन एक पखवारे के बजाय एक सप्ताह में मुलाकात कर सकेंगे। अब रविवार को महिला और पुरुष जेल में बंद परिवारीजनों के एक दूसरे से मुलाकात कराई जाएगी। जेलर आर.के सिंह ने बताया, कि दो दिन पहले शासन के नए मैनुअल को लागू कर दिया गया है। नए मैनुअल के अनुसार अब बंदियों की मुलाकात शनिवार के बजाय रविवार को प्रतिबंधित रहेगी। रविवार को महिला और पुरुष जेल में बंद परिवारीजन एक दूसरे से मिल सकेंगे। उन्हें बातचीत करने का पर्याप्त समय दिया जाएगा। विचाराधीन बंदी अब एक सप्ताह में एक बार के बजाए दो बार मिल सकेंगे। आज पहला रविवार था जब मुलाकात बंद रही।

## प्रयागराज में राजस्थान सरकार की जमीन पर किया कब्जा, दर्ज कराई एफआइआर

**प्रयागराज।** प्रयागराज सिटी के कटरा मोहल्ले में स्थित राजस्थान सरकार की जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा करके अवैध निर्माण करवा लिया है। मामले में राजस्थान के संपदा अधिकारी उपेंद्र सिंह ने कर्नलगंज थाना में अनिल कुमार जायसवाल व उसके बेटे अंकुर जायसवाल तथा अंकित जायसवाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि पूरी छानबीन कर एक्शन लिया जाएगा।

# जिलाधिकारी ने संगम पहुंचकर काशी तमिल संगम कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

**जायजा**

**तमिल संगमम कार्यक्रम के तहत पर्यटकों का प्रथम जत्था 21 नवम्बर को पहुंचेगा प्रयागराज**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री रविवार को संगम क्षेत्र का भ्रमण कर काशी तमिल संगमम कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। जनपद में आयोजित काशी तमिल संगमम कार्यक्रम के तहत प्रथम ग्रुप का आगमन 21 नवम्बर को पूर्वान्ह 09:45 बजे सर्वप्रथम संगम क्षेत्र में होगा। टीम के सदस्य अपने भ्रमण कार्यक्रम के तहत संगम में स्नान एवं पूजन करेंगे, लेटे हनुमान जी, आदि शंकर विमान मंडपम मंदिर, अक्षय वट का दर्शन करेंगे तथा बोटिंग सहित अन्य कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इसके बाद टीम के सदस्यगण चन्द्रशेखर आजाद पार्क, म्यूजियम एवं स्वामी नारायण मंदिर भी जायेंगे। जिलाधिकारी ने तमिल संगमम कार्यक्रम को सकुशल एवं भव्य रूप से सम्पन्न कराये जाने हेतु सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है। जिलाधिकारी ने नगर निगम को साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर साइनेज, साउण्ड सिस्टम, पार्किंग, छिड़काव, सैण्डआर्ट, सेल्फी प्वाइंट, पीने के पानी, मेडिकल टीम तथा एम्बुलेंस, बोटिंग की व्यवस्था, जल पुलिस, गोताखोर सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने सुरक्षा की समुचित व्यवस्था के लिए पुलिस कर्मियों के साथ ही महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती भी करने के लिए कहा है। उन्होंने कार्यक्रम के लिए तमिल भाषा के जानकार लोगो को भी रखे जाने के लिए कहा है। कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु मजिस्ट्रेटों की भी तैनाती की गयी है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि, सिटी मजिस्ट्रेट सत्यप्रिय सिंह, जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया, पीडी ए0के0 मौर्या सहित सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



संगम क्षेत्र में काशी तमिल संगम कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे जिलाधिकारी



माण्डा पुलिस की गिरफ्त में हत्या के आरोपी

## मांडा पुलिस ने किया हत्या का खुलासा

**माण्डा।** मांडा क्षेत्र के बेला चौहान में 6 अक्टूबर को अनिल कुमार उम्र 33 जिगना के निवासी थे जिसको हत्यारों ने मार कर फेंक दिया था। हत्या को लेकर के मांडा पुलिस कई दिनों से खोजबीन कर रही थी जिसमें मृतक के भाई राकेश कुमार ने बीते 11 नवंबर को मुकदमा दर्ज कराया था जिसमें आरोपियों के ऊपर मुकदमा दर्ज किया गया था इस हत्या को कारित करने के लिए ट्रक से कुचलकर के बोलोरो से कम्बल में लपेटकर बेला चौहान में फेंक दिया था। हत्या में प्रयुक्त ट्रक को पुलिस ने मांडा रोड तिराहे से रविवार को बरामद कर लिया। आरोपी शिवमणि बिंद, राम मणि बिंद, बरई सिंह निवासी कोल्हापुर थाना जिगना व आदित्य सिंह निवासी बागजोरावर थाना जिगना को गिरफ्तार कर लिया इसमें अभी दो आरोपी फरार है जिसको थानाध्यक्ष अरविंद कुमार गौतम ने कहा जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।



अनुसूचित मोर्चा भाजपा का जनसंपर्क अभियान

## भाजपा अनुसूचित मोर्चा की ओर से जनसंपर्क अभियान जारी

**प्रयागराज।** अनुसूचित मोर्चा भाजपा का जनसंपर्क अभियान इन दिनों जारी है रविवार को शहर पश्चिमी विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यकताओं ने जनसंपर्क कल भारतीय जनता पार्टी के विकास कार्यों के बारे में जानकारियां दी । जगह-जगह कार्यकताओं ने कार्यक्रम का भी आयोजन किया । जिसमे मुख्य अतिथि अनुसूचित मोर्चा के महानगर अध्यक्ष राजेश कुमार सोनकर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर उपाध्यक्ष एडवोकेट अजय हेला ने किया जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से पूर्व पार्षद राजू कुमार, विनोद कुमार, सुरेंद्र संदीप कुमार, हजारीलाल, रामबाबू, संजय कुमार पासी, मनोज कुमार, सरिता हेला, धर्मेंद्र कुमार इत्यादि लोग शामिल रहे ।

# वार्ड अध्यक्ष व सेक्टर प्रभारियों के घर पहुंचे मंत्री नन्दी

**भ्रमण**

**शहर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र की गलियों में मंत्री नन्दी ने भ्रमण कर लोगों की सुनी समस्याएं**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री एवं प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के विधायक नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी रविवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के साथ ही शहर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण किया। मंत्री नन्दी ने भारतीय जनता पार्टी के वार्ड अध्यक्षों एवं सेक्टर प्रभारियों के घर जाकर मुलाकात की। उनका हाल चाल लिया साथ ही निकाय चुनाव में पूरी ऊर्जा के साथ लगते हुए भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील की। मंत्री नन्दी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में विकास की जो धारा बह रही है, उससे हर कोई प्रभावित है।

भ्रमण के दौरान मंत्री नन्दी ने कई किलोमीटर एरिया में पैदल ही भ्रमण किया। इस दौरान मंत्री नन्दी ने हजारों लोगों से मुलाकात की। दुकानदारों, व्यापारियों के साथ ही लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। भ्रमण के दौरान लोगों ने कहीं बिजली तो कहीं पानी की समस्या बताई। वहीं कुछ बच्चियों ने छात्रवृत्ति न मिलने की बात की। जिस पर मंत्री नन्दी ने सम्बंधित अधिकारियों से तत्काल मोबाइल पर वार्ता कर समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए।

मंत्री नन्दी ने पानदरीबा जॉनसेनगंज में भाजपा युवा मोर्चा के काशी प्रांत क्षेत्रीय सदस्य हर्ष केशरी, अनूप रावत, शुभम केसरवानी के घर, शाहगंज में सतीश प्रजापति, वार्ड अध्यक्ष गौरीशंकर वर्मा, मिन्हाजपुर में वार्ड अध्यक्ष अचल सोनकर, बक्शी बाजार में वार्ड अध्यक्ष अजय गुप्ता, लकड़ी मंडी में गुलाब चौहान, सुल्तानपुर भावा में वार्ड अध्यक्ष अजय मिश्रा, निहालपुर में वार्ड अध्यक्ष रूपेश सिंह चौहान, खुल्दाबाद मंडल अध्यक्ष गौरव गुप्ता, झूलेलाल नगर वार्ड अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, वार्ड अध्यक्ष विवेकी गुप्ता, राजेश शर्मा, महामंत्री अमन बलेचा, वार्ड अध्यक्ष कमल वासन, महामंत्री अपूर्वा चंद्रा के घर जाकर पदाधिकारियों के साथ ही परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। मोहल्ले के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। सभी ने मंत्री नन्दी का स्वागत व अभिनन्दन किया।



भ्रमण के दौरान लोगों से समस्याओं के बारे में जानकारी लेते मंत्री नंदी

# नगर निकाय चुनाव दमखम से लड़ेगी जनकल्याण पार्टी

**घोषणा**

**वार्ड नंबर 5 से गीता देवी सभासद प्रत्याशी घोषित**

**राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल बहादुर पाल ने जीत की दी अग्रिम बधाई**

**प्रयागराज।** इस बार नगर निकाय का चुनाव बहुत ही दिलचस्प होगा । जनकल्याण पार्टी प्रयागराज के 80 वार्डो में अपना प्रत्याशी उतारने की घोषणा कर दी है। रविवार को सिविल लाइंस स्थित पार्टी कार्यालय में समीक्षा बैठक में शामिल जनकल्याण पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल बहादुर पाल ने कहा। उन्होंने वार्ड नंबर 5 से गीता देवी को सभासद प्रत्याशी की घोषणा की ।साथ ही गुलदस्ता भेट कर अग्रिम जीत की बधाई भी दी। गीता देवी हेला समाज से आती हैं वार्ड नंबर 5 के विभिन्न क्षेत्रों में झलवा पीपल गांव इत्यादि में उनकी अच्छी खासी पैठ है। हाईकमान के निर्देश पर गीता देवी को जनकल्याण पार्टी ने पार्षद प्रत्याशी घोषित किया है ।इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल बहादुर पाल ने कहा कि नगर निकाय चुनाव जनकल्याण पार्टी प्रदेश भर में लड़ रही है। पर प्रयागराज तथा कौशांबी का चुनाव दिलचस्प होगा इसमें हम मेयर प्रत्याशी तथा सभासद प्रत्याशियों को उतारा जाएगा । लाल बहादुर पाल ने कहा कि आज के दिन पहला प्रत्याशी उतारकर श्रीगणेश कर दिया गया है बाकी हफ्ता 10 दिन के अंदर सभी प्रत्याशियों का चयन कर लिया जाएगा प्रयागराज में पार्टी 80 वार्डों में अपने प्रत्याशियों को उतारेगी वहीं पड़ोस के जिला कौशांबी में सभी सीटों पर जनकल्याण पार्टी दमखम के साथ चुनाव लड़ेगी।





गीता देवी सभासद प्रत्याशी को अग्रिम जीत की बधाई देते राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल बहादुर पाल

## संदिग्ध परिस्थितियों में कुएं में गिरने से युवक की मौत

**फाफामऊ।** थाना क्षेत्र के सुमेरी का पूरा गांव के रविवार की शाम संदिग्ध परिस्थितियों में घर के बगल कुएं में गिरने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। जानकारी के मुताबिक मलाक हरहर सुमेरी का पूरा गांव का सुशील कुमार यादव 45 वर्ष राम कैलाश की रविवार की शाम घर के पास पुराने कुएं में गिर गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों और गोताखोर की मदद से युवक को कुएं से बाहर निकाल कर सीएससी कौड़िहार ले गए जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। जैसे ही युवक की मौत की जानकारी उसके परिजनों को हुई तो घर में कोहराम मच गया।

## रेलवे ओवरब्रिज निर्माण में देरी को लेकर लोगों में आक्रोश, निकाली पदयात्रा

**प्रयागराज।** प्रयागराज सिटी में सलोरी से मजार तिराहे तक प्रस्तावित आरओबी निर्माण में देरी होने से क्षेत्रीय लोगों में नाराजगी है। आक्रोशित लोगों ने रविवार को पदयात्रा निकालकर विरोध जताया। सलोरी पुलिस चौकी से आइइआरटी क्रासिंग तक निकली पदयात्रा में सलोरी, बघाड़ा, भुलई का पुरवा, सदियाबाद, ओम गायत्री नगर व आस-पास के मोहल्लों के लोग शामिल थे। सभी ने लेटलतीफी पर अपना गुस्सा जाहिर किया। पदयात्रा के बाद शनि मंदिर के पास बैठक हुई। वक्ता आशीष, सर्वेश, अविनाश, पंकज, सुधांशु ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान के उपमुख्यमंत्री ने वादा किया था कि आरओबी का निर्माण जल्द पूरा हो जाएगा, परंतु वैसा हुआ नहीं। चुनाव होने के बाद कोई पूछने नहीं आया। आरओबी का निर्माण न होने से एक दर्जन से अधिक मोहल्ले के लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। बताया कि इस मामले को लेकर अगले रविवार को फिर बैठक की जाएगी। इस दौरान राजू, रवि, दीपक, विवेक, नीलम, सुमन, अर्चना, अजय, वीरेंद्र, अवनीश, सिब्बू आदि मौजूद रहे।

सलोरी से मजार तिराहा तक बनने वाले आरओबी के लिए शिलान्यास नौ जनवरी 2021 को किया गया था। 11 दिसंबर 2021 तक इसका निर्माण पूरा होना था। लेकिन सेना से एनओसी नहीं मिलने से निर्माण कार्य अटक गया। 53 करोड़ रुपये की लागत से 752 मीटर आरओबी का निर्माण कार्य पूरा होना है।

## संक्षेप

### कुलाधिपति जे एन मिश्र ने इंदिरा जी को किया नमन

**प्रयागराज।** भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व को याद किया गया। इस अवसर पर कुलाधिपति जे०एन० मिश्र ने अपने स्मरण साझा करते हुए कहा कि मुझे प्रातः स्मरणीय इंदिरा जी के साथ संघर्ष के दिनों में (जून 1977 से) से सेवा करने का सुअवसर मिला है। उनकी दृढ़ इच्छा शक्ति , साहसिक संघर्ष और अनवरत जूझने और सूझ-बूझ से ढाई साल के अंदर सत्ता वापसी इसका ज्वलंत प्रमाण है। आज मैं श्रद्धा के साथ उनका नमन करता हूँ।





### सीओ क्राइम राम सागर की आसामयिक मौत पर शोक सभा, दी गई श्रद्धांजली

**थरवई ।** सीओ क्राइम राम सागर की शनिवार देर को रात्रि हृदय गति रुकने से मौत हो गई। बताते चलें कि वह वीआईपी ड्यूटी में बनारस गए थे देर शाम अचानक तबीयत खराब होने पर बनारस के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई घटना की सूचना परिजनों व पुलिस विभाग में हुई तो हड़कंप मच गया रविवार को सुबह थाना परिसर थरवई में प्रभारी निरीक्षक लोकेंद्र त्रिपाठी की अगुवाई में उनके असामयिक मौत पर उनके आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गई इस मौके पर एसएसआई राजीव कुमार श्रीवास्तव उप निरीक्षकगण अखिलेश कुमार सोहराब अहमद सुखचैन तिवारी बृजेश यादव चंद्रदीप यादव व रामेश्वर नाथ राय आदि के अलावा अधिवक्ता मनीष कुमार तिवारी विपिन कुमार पाण्डेय व राजन तिवारी पिंटू शुक्ला कमलेश विश्वकर्मा सहित तमाम संभ्रांत गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### जल निगम की गिर रही बाउंड्रीवाल, कोई नहीं है जिम्मेदार

**फूलपुर।** उत्तर प्रदेश षष्टम निर्माण शाखा जल निगम की ढ़कपूरा पानी की टंकी पर ना कोई ऑपरेटर ना ही प्लंबर पानी चलाने की कोई समय सीमा नहीं। 40 वर्ष पुरानी पाइप लाइन से वाटर सप्लाई होती है। जो जगह-जगह टूटी है। जिसके कारण गंदा पानी आता है। ब्लीचिंग भी नहीं डाली जाती संबंधित जेई संदीप मौर्य कथित रूप से यमुनापार का एक पंप हाउस तथा फूलपुर का ढ़कपूरा दोनों देख रहे हैं। फोन भी स्विच ऑफ रहता है। ग्राम प्रधान ढ़कपूरा भोला नाथ यादव ने पिछले संपूर्ण समाधान दिवस में लीकेज पाइप और सड़क पर भरा पानी की शिकायत की थी। जो अभी तक निस्तारित नहीं हुई। बताया जाता है। कि ढ़कपूरा में कोई नियमित कर्मचारी नहीं है जो कार्य देखें महीनों से टूटी पाइपलाइन का कोई पुरसाहाल नहीं।



# बीमार सास की अस्पताल में नहीं बदली बेडशीट तो न्यायमूर्ति हुए नाराज

**प्रयागराज।** स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में अव्यवस्था, डाक्टरों तथा नर्सों का लोगों से बर्ताव लुका-छिपा नहीं है। मरीजों तथा तीमारदारों से सुविधा शुल्क लेने के साथ ही परेशान करने की हदें यहां पार हैं। अस्पताल कर्मियों की यह पुरानी आदत वहां के वरिष्ठ अधिकारियों को तब भारी पड़ गई जब इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक न्यायमूर्ति ने अस्पताल जाकर नाराजगी जताने के साथ ही न्यायिक मामला चलाने के लिए अपने स्टेनो को भी बुला लिया। ऐसे में प्रिंसिपल समेत अन्य अधिकारियों के पसीने छूट गए। सबने हाथ जोड़कर माफी मांगी और अस्पताल में व्यवस्था में सुधार लाने की बात कही।

हाई कोर्ट के एक न्यायमूर्ति की धर्मपत्नी अपनी मां को लेकर शुक्रवार को एसआरएन अस्पताल गई थीं। न्यायमूर्ति की सास को सांस लेने में दिक्कत थी। उन्हें स्पेशल प्राइवेट वार्ड में भर्ती किया गया। वार्ड स्टाफ ने डाक्टर के दिए हुए पर्चे के अनुसार कुछ दवाएं बाहर से मंगाईं। जिसे न्यायमूर्ति की पत्नी ने साथ आए अर्दली से मंगवाया। बेड शीट बदलने की बात आई तो वार्ड स्टाफ ने कह दिया कि नहीं है। सुबह बदली जाएगी। तीमारदार ने कहा कि बेड शीट तो बदली जानी चाहिए। इस पर नर्स ने आदतन उनसे बदजुबानी कर दी। बस फिर क्या था, पत्नी से सूचना मिलने पर न्यायमूर्ति शुक्रवार रात स्वयं ही अस्पताल पहुंच गए और अधिकारियों को तलब किया।

स्पेशल वार्ड में कुर्सी पर बैठे न्यायमूर्ति का आक्रोश अधिक था। मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य डा. एसपी सिंह, प्रमुख चिकित्साधीक्षक डा. अजय सक्सेना और दो-तीन प्रोफेसर वहां भागे दौड़े पहुंचे। न्यायमूर्ति ने अव्यवस्था पर एतराज जताते हुए उनसे यह तक पूछा कि मरीजों के लिए शासन से क्या-क्या सुविधाएं मिलती हैं, कितनी उपलब्ध कराई जाती हैं। पूछा कि मरीजों को चादर मांगनी पड़ती है? उनके आक्रोश को देख चिकित्साधिकारियों के पसीने छूट रहे थे। प्रिंसिपल और प्रमुख चिकित्साधीक्षक के हाथ जोड़कर माफी मांगने पर न्यायमूर्ति नरम पड़े।

प्रमुख चिकित्साधीक्षक ने कहा कि वार्ड स्टाफ ने बदजुबानी की थी। मरीजों व तीमारदारों के साथ ऐसा बर्ताव नहीं करना चाहिए। रात में न्यायमूर्ति ने आकर नाराजगी जताई थी। कहा कि माफी मांगने पर थोड़ी देर में न्यायमूर्ति ने माफ कर दिया था, कोई लिखापढ़ी नहीं हुई।

# नगर निकायों में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं से जनता त्रस्त : मनीष गुप्ता

**प्रयागराज।** आप प्रयागराज दक्षिण में सरकौये वाला पार्क मिन्हाजपुर में विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि नगर निकाय प्रयागराज चुनाव प्रभारी मनीष गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष डॉ0अलताफ अहमद उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला महासचिव प्रयागराज दक्षिण नितिन सिंह पटेल ने किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि मनीष गुप्ता ने कहा कि इस समय नगर निकायों में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं से जनता त्रस्त है और जनता ने व्यवस्था में बदलाव का मन बना लिया है।

जिलाध्यक्ष डॉ0 अलताफ अहमद ने कहा प्रयागराज नगर निगम की सड़के और नालिया बहुत जर्जर स्तिथि में है आवारा पशुओं को नगर निगम ने सड़क पर मरने के लिए छोड़ दिया है गऊ वंश पन्नी खा रहे है इसके बावजूद नगर निगम ने इस साल अपना टैक्स 4 गुना बढ़ा दिया है । नगर निगम अब तो पैसा उगाही का अड्डा बन गया है जो सिर्फ जनता से मोटा टैक्स लेता है पर काम कुछ नही करता। आज के इस विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन में आप यूथ सहित जिला कार्यकारिणी एवं सभी प्रकोष्ठों के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में भाग लेने वालों में जिला उपाध्यक्ष कादिर भाई, ज्योति प्रकाश चौबे, राम लखन चौरसिया, रविंद्र श्रीवास्तव, जावेद अहमद, साहिल साहू, अजमा, अब्बासी, जैद, अब्बास, आलम आरा, हमीदा बानो, अजय, अकबर, सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते आप पार्टी के नेता

# मील का पत्थर साबित होगा फिएस्टा-4 जैसा कार्यक्रम : संजय गुप्ता

**कार्यक्रम**

**केपीएस भरवारी में तीन दिवसीय फिएस्टा 4 कार्यक्रम का आयोजन**





कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ करते विद्यालय चेयरमैन, व आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते बच्चे

**कौशाम्बी।** केपीएस भरवारी में तीन दिनी फिएस्टा .4 कार्यक्रम का रविवार को मुख्य अतिथि जस्टिस हाईकोर्ट इलाहाबाद डॉ गौतम चौधरी व विद्यालय चेयरमैन व पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने फीता काटकर शुभारंभ किया।

केपीएस भरवारी आयोजित फिएस्टा .4 कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जस्टिस हाईकोर्ट इलाहाबाद डॉ गौतम चौधरी का आगमन हुआ। गौरतलब हो कि जस्टिस गौतम चौधरी इलाहाबाद के ऐसे जस्टिस है जिन्होंने हिंदी भाषा मे 5000 से ज्यादा जजमेंट दिया है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जस्टिस गौतम चौधरी द्वारा दीप प्रज्वलित व मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इसके उपरांत फ्लैग हॉस्टिंग हुआ। स्कूल की डायरेक्टर सीमा पवार ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में बच्चो ने स्कूल में आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया।जिसमे 1 से 3 स्थान पर आये हुए बच्चो को पुरस्कृत किया गया। फिएस्टा.4 कार्यक्रम में पैरेंट्स व बच्चो को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जस्टिस गौतम चौधरी ने कहा अनुशासन से सभी कार्य संभव हो जाते है हर मंजिल को पाया जा सकता है। तो हर पैरेंट्स को बच्चो को अनुशासन की सीख देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदी मेरी मातृ भाषा है इसीलिए रोजाना 40 मिनट का जजमेंट हिंदी में देता हूँ। हिंदी का विकास देश का विकास है। उन्होंने विश्व स्तर पर नाम रोशन करने वाली खिलाड़ी सुनीता को सम्मानित किया। फिएस्टा.4 कार्यक्रम में बच्चों ने रंगा रंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर पैरेन्ट्स व आये अतिथियो का मन मोह लिया। कार्यक्रम मे तालियो की गून्ज से एक खुश नुमा महौल सा छा गया।

चेयरमैन कालेज व पूर्व विधायक चायल संजय गुप्ता ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा की स्कूल मे ऐसे कार्यक्रमो से बच्चो को आगे बढने मे सहायता मिलती है उन्होने कहा की बस मेरा यही लक्ष्य है की ये बच्चे आगे बढे व समाज मे माता पिता गुरू का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि फिएस्टा जैसे कार्यक्रम बच्चो के आगे बढ़ाने के लिए मील का पत्थर साबित होगा। कक्षा 3 से 5 तक बॉयज की 100 मीटर की रेस में पहला स्थान सत्यम केपीएस भरवारी बाजी ने मारी,और गर्ल्स में सौम्या ने पहला स्थान प्राप्त किया, 200 मीटर की दौड़ में कक्षा 9 से 12 तक के बच्चो ने भाग लिया। केपीएस भरवारी के मो कैफ वा गर्ल में एन डी भरवारी के मिनाक्षी मिश्रा ने पहला स्थान हासिल किया। इसी प्रकार अमित चौधरी भीटी वा एन डी की कल्पना ने 200 मीटर की दौड़ में पहला स्थान हासिल किया। 9 से 12 क्लास के 400 मीटर कि दौड़ में केपीएस भरवारी के संजय वा गर्ल्स में मोनी पांडे भीटी की पहला स्थान प्राप्त किया। किड्जी के बच्चों ने 50 मीटर की दौड़ में रुद्रेश वा त्रिशा ने बाजी मारी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभिभावक गण मौजूद रहे।

## संक्षेप

### समय का ध्यान में नहीं रखते पावर हाउस के कर्मचारी

**चायल, कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के मनौरी पावर हाउस के कर्मचारी 10:00 बजे तक पावर हाउस पहुंचना उचित नहीं समझते हैं। कभी.कभी दोपहर पहुंचते हैं ऐसे में पावर हाउस में विद्युत बिल जमा करने वाले उपभोक्ता परेशान होकर वापस लौटने को मजबूर हो जाते हैं। उसके बाद कर्मचारी अपने ऑफिस पहुंचते हैं और ऑफिस अपने फोन में बिजी हो जाते हैं, ऐसे में उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### बीमार गाय का समाजसेवी ने कराया इलाज

**कौशाम्बी।** नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम क्षेत्र के भवानीपुर गांव में एक गाय गंभीर रूप से बीमार होकर रोड किनारे पड़ी हुई थी। तभी उधर से बजरंग दल के जिला उपाध्यक्ष यश राज मिश्रा गुजर रहे थे तभी कार्यकताओं की नजर उस पर पड़ी। घायल बीमार गाय को तुरंत पशु विभाग के अधिकारियों बुलाकर इलाज कराया। इस मौके पर जिला कोषाध्यक्ष अनुराग भट्ट, राघव पंडा, आनंद भट्ट आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### निकाय चुनाव को लेकर सकिपा की बैठक आज

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में आज सोमवार को जिला कार्यालय मंझनपुर में निकाय चुनाव को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में जनपद के नगर निकाय चुनाव को लेकर पार्टी नेताओं एवं कार्यकताओं के बीच विचार विमर्श किया जाएगा। बैठक में पार्टी के सभी कार्यकताओं को शामिल होने का पार्टी नेता अजय सोनी ने आह्वान किया है।

### बाइक से गिरकर महिला घायल

**कौशाम्बी।** सरायअकिल कस्बा निवासी अमन रैदास रविवार सुबह अपनी मां दीपमाला के साथ जिला अस्पताल जा रहा था। दीवर कोतारी गांव के समीप ब्रेकर पड़ने पर उसकी मां बाइक से गिर गई। इससे महिला को गंभीर चोटें आईं हैं। महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों ने बताया कि रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट है।

## दुर्गा भाभी सेतु में आई दरार की मरम्मत शुरू

**कौशाम्बी।** दुर्गा भाभी सेतु की मरम्मत का कार्य शनिवार को शुरू करा दिया गया। पहले दिन ट्रैफिक को वन.वे किया गया था। रविवार और सोमवार को आवागमन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। निगम के अधिकारियों की मौजूदगी में काम चल रहा है। इंजीनियर मरम्मतीकरण पर बारीक नजर बनाए हैं। दो दिन तक अभी काम चलेगा।

प्रतापगढ़-कौशाम्बी को जोड़ने के लिए शहजादपुर के सामने गंगा पर दुर्गा भाभी सेतु में दरार आ गई थी। 292 करोड़ की लागत से बने इस पुल में यातायात फरवरी में शुरू हुआ था। पुल को चालू हुए नौ माह नहीं बीते और इसमें दरार आ गई। आपके अपने अखबार हिन्दुस्तान ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया तो सरकार पर विपक्षी दल हमलावर हो गए। सिराथू विधायक डॉ. पल्लवी पटेल ने गंभीर आरोप लगाए, वहीं पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने भी ट्वीट कर निशाना साधा। दो दिवसीय कौशाम्बी दौरे पर आए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सेतु में दरार आने पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों को कार्रवाई का निर्देश दिया था। जिस पर डीएम सुजीत कुमार के निर्देश पर शनिवार से राज्य सेतु निगम के अधिकारियों ने पुल की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया। पुल के स्लैब की ड्रिल से छटाई करके उसको दुरुस्त किया जा रहा है। इसके अलावा अन्य खामियों को भी ठीक किया जा रहा है। मरम्मतीकरण के लिए पुल पर यातायात रोक दिया गया है। अभी दो दिन तक आवागमन इस पुल पर बाधित रहेगा। सुरक्षा के लिए इस पुल पर पुलिस की भी तैनाती की गई है।

## ट्रक की टक्कर लगने से बाइक सवार गंभीर


**दारानगर, कौशाम्बी।** कोखराज कोतवाली अंतर्गत शहजादपुर चौकी के समीप अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची चौकी पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराकर हादसे की जानकारी परिजनों को दे दिया था।

घटना के मुताबिक कोखराज के बालकमऊ गांव निवासी हरिश्चंद्र पुत्र टुनटुन रविवार को घर से बाइक में सवार होकर किसी काम से शहजादपुर की ओर गए थे, जैसे ही वह चौकी के पांच सौ मीटर दूर पहुंचे कि सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दिया। हादसे में वह घायल होकर सड़क पर गिर गए। आसपास रहे लोगों की सूचना पर पहुंची चौकी पुलिस ने घायल को स्थानीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराकर हादसे की जानकारी परिजनों को दे दिया था।

## वार्षिकोत्सव में छात्रों ने अपने प्रतिभाओं को किया प्रदर्शित

**वार्षकोत्सव**

**कादिलपुर स्थित बीबीएस विद्या मंदिर में आयोजित हुआ कार्यक्रम**



अपनी कलाओं का प्रदर्शन करती छात्राएं

**चायल, कौशाम्बी।** कादिलपुर स्थित बीबीएस विद्या मंदिर स्कूल में शनिवार को वार्षिक महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थापक बीवी सहाय का जन्मदिन मनाने के साथ ही अन्य प्रदेशों में पुरस्कृत हुए बच्चों को सम्मानित किया गया। इस बीच स्कूल के बच्चों ने अपनी कलाओं की प्रस्तुति भी किया।

शनिवार को कादिलपुर के बृज बिहारी सहाय विद्या मंदिर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के संस्थापक ने दीप प्रज्वलित करके किया। जिसके बाद मुख्य अतिथियों का स्वागत करते हुए रानी, प्रिया, दिव्या, मुस्कान, दीपांशु, हरीश आदि छात्र छात्राओं ने देश भक्ति गीतों पर नृत्य नाटक, कविता, कहानियां आदि की प्रस्तुति करते हुए हमारे जीवन के रहन . सहन पर्यावरणए स्वच्छ भारत मिशन अच्छाई बुराई आदि जीवन शैलियों के महत्व और उनके लाभ और हानि के बारे में जानकारी दी। इस बीच डायरेक्टर डॉ रिषी सहाय ने उपस्थित हुए लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के द्वारा नृत्य और नाटकों के माध्यम से वर्तमान और भविष्य में पर्यावरण की उपलब्धता को बताया गया है। इस पर हमें ध्यान देने के साथ अमल करना चाहिए। प्रधानाचार्य धरती श्रीवास्तव ने बच्चों की सराहना की। इस बीच अतिथिगण, स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं व समस्त स्टाफ के साथ स्कूल के छात्र छात्राएं और अभिभावक मौजूद रहे।

## तीन स्टाफ नर्सों को वितरित किया गया नियुक्ति पत्र




स्टाप नर्सों को नियुक्ति पत्र देते सीडीओ

**कौशाम्बी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लोकभवन सभागार लखनऊ में आयोजित उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 1354 स्टाफ नर्सों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में स्टाफ नर्सों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में किया गया तथा उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री के संबोधन को सुना।

मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने 1354 में से जनपद कौशांबी से चयनित तीन स्टाफ नर्सों. ज्योति मिश्रा निवासी. ग्राम अंबई बुजुर्ग, ममता सिंह निवासी. ग्राम खैरात अली चकनारा एवं राम प्रकाश सिंह निवासी लौधना कुमहियावाँ को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुष्पेंद्र कुमार, एसीएमओ डॉ. के.डी. सिंह व वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. यश अग्रवाल सहित अन्य संबंघित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पड़ोसी ने पशु पालक को पीटा

**कौशाम्बी।** थाना क्षेत्र के सैंबसा गांव का अमरनाथ पशु पालक है। उसने बताया कि गांव के बाहर छप्पर डालकर रात को वहीं रहता है और जानवरों की रखवाली करता है। पीड़ित की मानें तो शनिवार रात वह छप्पर में सो रहा था। तभी पड़ोसी दबंग आए और अपशब्दों का प्रयोग करने लगे। विरोध करने पर पिटाई कर दी। पीड़ित ने आरोपितों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दे दी है।

## अनियंत्रित बाइक सवार तालाब में गिरा

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के अंबुरा गांव का देशराज पुत्र रामलखन रविवार सुबह पश्चिमशरीरा जा रहा था। टेवां गांव के समीप उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सूखे तालाब में चली गई। हादसे में बाइक सवार को गंभीर चोटें आई हैं। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों का कहना है कि अब हालत खतरे से बाहर है।

## बाइकों की भिड़ंत में युवक घायल

**कौशाम्बी।** करारी कस्बा निवासी सुनील कुमार रविवार सुबह किसी काम से मंझनपुर जा रहा था। तुतीर्पुर गांव के समीप सामने से आए बाइक सवार से उसकी भिड़ंत हो गई। हादसे में सुनील को गंभीर चोटें आई हैं। दूसरी बाइक पर सवार युवक को हल्की चोट आईं। सुनील को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## न्यायालय के आदेशों को दरकिनार कर कराया जा रहा निर्माण

**चायल,कौशाम्बी।** चायल नगर पंचायत के वार्ड नंबर पांच निवासी एक व्यक्ति ने अफसरों को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि उसका पैतृक गांव मुनीरपुर हरदरमउ है। जहां उसका मकान स्थित है। इधर वह लोग नगर पंचायत में निवास करने लगें गांव के मकान में एक व्यक्ति कब्जा कर लिया, इतना ही नहीं उसमें निर्माण कराना चाह रहा है जबकि इसकी शिकायत अफसरों से पहले भी की जा चुकी है और इसका वाद माननयी न्यायालय में विचाराधीन है।

वार्ड नंबर पांच निवासी राम सुचित पुत्र स्व. लल्लू राम के मुताबिक उसकी पैतृक भूमि मुनीरपुर हरदरमउ तहसील चायल में स्थित है। जिसकी आराजी नं. 68 रक्बा 0.216 हे. है। पीड़ित का मकान भी बना है। जिस पर समर बहादुर उर्फ लालता प्रसाद पुत्र प्यारेलाल मुनीरपुर हरदरमउ द्वारा जबरन कब्जा किया जा रहा है। जिसकी शिकायत पूर्व में भी शासन प्रशासन व पुलिस विभाग से की गयी थी किन्तू कोई कार्यवाही न होने पर पीड़ित द्वारा मा. न्यायालय सिविल जज कनिष्ठ श्रेणी कौशाम्बी में वाद दाखिल किया है। जो न्यायालय में विचाराधीन है। पीड़ित की आराजी सं. 68 रक्बा 0.216 हे. पर जबरन बाउन्डीवाल बनाया जा रहा है। मना करने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। शिकायतकर्ता ने अफसरों को रिटयाचिका की छायाप्रति भी दिखाई बावजूद उसे न्याय नहीं मिल पा रहा है। जबकि विपक्षी लडाई झगडा पर आमादा है।

## आरोप : बंटवारे के बाद भी अपनी भूमि में निर्माण नहीं कर पा रही विधवा

**दारानगर, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील अंतर्गत केसारी गांव निवासिनी एक वृद्ध विधवा महिला का आरोप है कि बंटवारे के बाद भी वह अपनी भूमि में निर्माण कार्य नहीं करा पा रही है। उसके मुताबिक पट्टीदार उसका विरोध कर तमाम तरह की धमकी आदि देते हैं। शिकायतकर्ता उर्मिला देवी पत्नी राजकरन सिंह निवासी खेसारी गांव के मुताबिक गांव में उसकी भूमिधारी भूमि है। इन दिनों वह अपनी भूमि में भवन निर्माण कराना चाह रही है। यह भी बताया कि जो भूमि है वह उसके सास के नाम है, और पारिवारिक बंटवारा हो चुका है। बावजूद इसके विधवा महिला अपने निवास के लिए मकान निर्माण नहीं करवा पा रही है। हालांकि आरोपों पर कितना सच्चाई है यह तो जांच के बाद स्पष्ट होगा। शिकायतकर्ता इस ओर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है।

## सड़क हादसे में बाल-बाल बची विधायक पूजापाल

**कौशाम्बी।** लखनऊ.आगरा एक्सप्रेस.वे पर रविवार सुबह चायल विधायक पूजा पाल की कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में विधायक के गनर और चालक को हल्की चोटें आई हैं। विधायक व साथ रहे तीन अन्य लोग पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

समाजवादी पार्टी की चायल विधायक पूजा पाल रविवार सुबह डिंपल यादव के प्रचार में मैनपुरी जा रही थीं। लखनऊ.आगरा एक्सप्रेस वे पर कन्नौज जिले में तिर्वा कोतवाली के पचोर गांव के समीप अचानक उनकी तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में विधायक के गनर सौरभ व चालक मुकेश को मामूली चोट आई है। साथ रहे दूसरे सुरक्षाकर्मी हरीशंकरए सहयोगी शिवव्रत पाल और विधायक सुरक्षित हैं। हादसे की खबर कौशाम्बी पहुंचते ही सपा कार्यकर्ता तथा समर्थक अवाक रह गए। लोगों ने विधायक व उनके साथ रहे लोगों को फोन कर कुशलक्षेम जानने का प्रयास शुरू कर दिया। किसी के गंभीर रूप से घायल नहीं होने की जानकारी मिलने पर राहत की सांस ली।

## घर में घुसकर महिला से रेप का प्रयास

**कौशाम्बी।** नगर कोतवाली इलाके की महिला ने बताया कि शनिवार की रात वह घर पर अकेली थी। परिवार के सदस्य दावत में गए थे। इस दौरान पड़ोसी युवक दीवार फांदकर भीतर घुस आया। कनपटी पर तमंचा सटाकर उसने दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर पिटाई की। फिर भाग गया। पीड़िता ने आरोपित के खिलाफ पुलिस को तहरीर दे दी है।

## हैंडपंप खराब होने से हो रही परेशानी

**कौशाम्बी।** करारी इलाके के अषाढ़ा गांव में लगे अधिकतर हैंडपंप खराब हो गए हैं। इसकी वजह से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जो हैंडपंप चल रहे हैंए उनमें नम्बर लगाने के लिए अक्सर झगड़ा हो जाता है। ग्रामीणों ने हैंडपंपों को दुरुस्त कराने की मांग की है।

## युवक व्हाट्सएप पर भेज रहा आपत्तिजनक मैसेज

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र की एक युवती ने बताया कि पड़ोसी युवक की हरकतों से परेशान है। आरोपित रास्ता रोककर छेड़खानी करता है। व्हाट्सएप पर आपत्तिजनक मैसेज भेजता है। उलाहना देने पर उसके परिजन धमकियां देते हैं। पीड़िता ने रविवार को मामले की शिकायत एसपी से की है।

## पीएम मत्स्य संपदा योजना के आवेदकों को एक आखिरी अवसर

**कौशाम्बी।** विश्व मात्सिकी दिवस 21 नवंबर को आयोजित किया जाता है। इस दौरान समारोह,गोष्ठी का भी आयोजन होता है। पीएम मत्स्य संपदा योजना के आवेदकों को अपने आवेदन में आई कमी को सुधारने का एक आखिरी अवसर 21 नवंबर सोमवार को सुनिश्चित किया गया है।

जिसके अंतर्गत पीएम मत्स्य संपदा योजना मे जिन लाभार्थियों ने आवेदन किया है, उन आवेदकों में किसी भी प्रकार की कमी है तो वह 21नवंबर को विकास भवन मंझनपुर में सुबह 10 बजे पहुंचकर अपने आवेदन से संबंधित कमियों जैसे आधार कार्ड, बैंक खाता, ड्राइविंग लाइसेंस, खतौनी को पूरा करा सकते हैं। मत्स्य विकास अधिकारी सुनील सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 21नवंबर को विकासभवन सरस हॉल में विश्व मात्स्यकी दिवस का आयोजन मुख्य विकासअधिकारी कौशाम्बी की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवम उत्साही मत्स्य पालक होंगें। इस किसान जागरुकता संगोष्ठी कार्यक्रम में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने हेतू अनेक तकनीकी प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा।

### पड़ोसी ने महिला से की मारपीट

**कौशाम्बी।** नगर कोतवाली इलाके के एदिलपुर गांव की सलोनी ने बताया कि रविवार सुबह वह घर के समीप लगे हैंडपंप पर पानी भरने गई थी। तभी पड़ोसी वहां पहुंच गया और पहले नंबर को लेकर गाली.गलौज करने लगा। विरोध करने पर पिटाई शुरू कर दी। लोगों ने मामला शांत कराया। पीड़िता ने आरोपित के खिलाफ पुलिस को तहरीर दे दी है।

## आदर्श ग्रेजुएट रामलीला कमेटी गढ़वा में पांच दिवसीय रामलीला का शुभारंभ



रामलीला मंचन करते कलाकार

**बारा, कौशाम्बी।** ऐतिहासिक ग्रेजुएट रामलीला कमेटी गढ़वा में राम लीला पांच दिवासीय प्रारंभ हो गई। रामलीला के महंत कुलदीप दुबे ने बताया की चित्रकूट, बांदा,फतेहपुर सहित कई जनपद के कलाकारों द्वारा मंचन किया जाता है। वरिष्ठ व्यास पंडित पारस नाथ दुबे ने बताया कि यहां रामलीला लगभग 40 वर्षों से होती है जिसके सहयोग में ग्रामीण के साथ कोसम इनाम प्रधान प्रतिनिधि शिवपूजन यादव, पंडित विनोद दुबे सहित ग्रामीणों का सराहनीय सहयोग रहता है। हालांकि कमेटी के पदाधिकारियों ने लोगों से रामलीला मंचन का लुत्फ लेने के लिए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने की अपील किया है।

## संक्षेप

### विवाहिता को घर से निकाला, चार पर मुकदमा

**रानीगंज।** थाना क्षेत्र के हुसैनपुर गांव की सबीना पुत्री मुन्ना की शादी 26 जनवरी 2021 को पड़ोसी गांव दरियापुर मेंहुई थी। शादी के बाद से ही पति जफरुल समेत ससुराल वाले एक लाख नकद व बुलट की मांग लेकर सबीना को प्रताड़ित करते थे। इसकी शिकायत सबीना ने अपने माता-पिता से कई बार की। शनिवार को ससुराल वालों ने विवाहिता को मार पीटकर घर से निकाल दिया। घायल विवाहिता ने जानकारी मायके वालों को दी। पिता ने घायल बेटी का इलाज कराया और पुलिस से ससुराल वालों की शिकायत की। पुलिस ने रविवार को पति सहित चार के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया।

### अज्ञात चालक के खिलाफ केस

**लालगंज।** स्कार्पियों द्वारा व्यवसायी को टक्कर मारकर घायल करने को लेकर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ शनिवार की रात केस दर्ज किया है। नगर पंचायत के शीतलमऊ निवासी नंदलाल कौशल पुत्र शंभूलाल ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती उन्नीस नवंबर को दिन मे एक बजे वह बाइक से व्यवसाय के सिलसिले मे निकला था। लालगंज के मदनगढ़-मन्ना का पुरवा के बीच एक अज्ञात स्कार्पियो ने उसे टक्कर मार दी। दुर्घटना मे पीडित का दाहिना पैर टूट गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने व पीडित को चुटहिल करने को लेकर केस दर्ज किया है।

### करंट से महिला की मौत

**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के दीवाना गांव में बिजली के खंभे के स्टे तार मेंउतरेकरंट की चपेट में आकर खेत में चारा काटने गई महिला की मौत हो गई। गांव के निवासी दिलीप की पत्नी सुशीला (42) सुबह 10 बजे घर से 500 मीटर दूर जोखन पाल के खेत मेंचारा काटनेगई थी। इस दौरान वह विद्युत खंभे में लगे स्टे तार के पास चारा काट रही थी। खंभे मे लगे स्टे में करंट उतरा था। करंट की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। आसपास के लोगों ने देखा तो थाना आसपुर देवसरा को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पट्टी के ऐतिहासिक मेले का पूर्व मंत्री ने किया उद्घाटन

**ऐतिहासिक मेला**

**यह मेला सामाजिक सौहार्द, भाईचारे का प्रतीक व व्यापारिक दृष्टिकोण से बहुत ही महत्वपूर्ण है**



तीन दिवसीय ऐतिहासिक मेले का फीता काटकर उद्घाटन करते पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह मोती सिंह

**पट्टी।** तीन दिवसीय ऐतिहासिक मेले का पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह मोती सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया। पूर्व मंत्री ने आपसी सौहार्द के साथ मेले को सकुशल सम्पन्न कराने की शुभकामना दी।

पट्टी तहसील में लगने वाला मेला एक ऐतिहासिक मेला माना जाता है। बताया जाता है कि 112 वर्षों का लंबा समय तय करते हुए यह ऐतिहासिक मेला अपनी बुलंदियो पर है। यह मेला सामाजिक सौहार्द, भाईचारे का प्रतीक व व्यापारिक दृष्टिकोण से बहुत ही महत्वपूर्ण है। मेले के इतिहास की बात करें तो इसकी शुरूआत 1910 में तत्कालीन थानाध्यक्ष सेवाराम सिंह के द्वारा इसकी नींव रखी गई। कुछ समय बाद इस मेले को थाना और तहसील दोनों मिलकर लगवाते रहे। समय बीतता गया। एक समय मेले के दौरान रानी छवि राज कुमारी आयी और उन्होंने अपनी जमीन देकर मेघनाथ और रावण के पुतले को बनवाया, कुछ समय बाद, मेले की एक कमेटी बनाई गई और जिसका नाम श्री रामलीला समिति पट्टी रखा गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह के मीडिया प्रभारी विनोद पांडे, नगर पंचायत अध्यक्ष खेदन लाल जायसवाल, मेला अध्यक्ष जुग्गी लाल जायसवाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी पट्टी दिलीप सिंह, उप जिलाधिकारी देश दीपक सिंह, कोतवाल नंदलाल सिंह, मेला उपाध्यक्ष रामचंद्र जायसवाल ,मेला प्रबंधक अवधेश सिंह, मेला सह प्रबंधक रामचरित वर्मा ,उप प्रबंधक प्रमोद कुमार खंडेलवाल, सह प्रबंधक रमेश चंद सोनी महामंत्री अशोक कुमार श्रीवास्तव, मंत्री सत्यनारायण खंडेलवाल, लालचंद मोदनवाल ,प्रचार मंत्री चंद्रकेश सिंह, विधिक सलाहकार अनिल श्रीवास्तव, समस्त विभागों के अधिकारी एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### सदस्यता शिविर का किया उद्घाटन

पट्टी के ऐतिहासिक मेले में लगें भारतीय युवा विद्यार्थी संगठन (बीवाईवीएस ) के सदस्यता शिविर का पूर्व मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह मोती सिंह ने उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पट्टी ब्लाक प्रमुख राकेश कुमार सिंह पप्पू सिंह ने किया। तथा अतिथियों का स्वागत भारतीय युवा विद्यार्थी संगठन के संरक्षक डाक्टर शैलेन्द्र योगी उर्फ योगीराज सरकार ने किया। संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सक्षम योगी ने अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया। भारतीय युवा विद्यार्थी संगठन के प्रमुख कार्यकर्ताओं में मुख्य रूप से सक्षम सिंह योगी संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष, आदित्य प्रताप सिंह राष्ट्रीय संयोजक, आयुष तिवारी, शुभ सिंह, अश्वनी सिंह, प्रांजल सिंह, प्रथम सिंह, उत्कर्ष मिश्रा, वैभव सिंह, आयुष सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम का संचालन राम चरित्र वर्मा ने किया।



ऐतिहासिक दशहरे मेले के पहले दिन निकली शोभायात्रा

### कस्बे में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

ऐतिहासिक दशहरे मेले का प्रथम दिन मेले के उद्घाटन के साथ ही कस्बे में रायपुर रोड से श्रीराम भगवान की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान शोभायात्रा में राम-लक्ष्मण, सीता व हनुमान रथ पर सुशोभित थे। हजारों की संख्या में लोग उमड़े नजर आए। सुरक्षा के सारे इंतजाम किए गए थे। शोभा यात्रा की झांकियां पूरे पट्टी में घूम कर मेले की रौनक को सुशोभित कर रही थी। मेला कमेटी के सभी सदस्य ने अपना भरपूर सहयोग किया।

## मेडिकल कालेज के डाक्टरों ने किया सामूहिक इस्तीफे की पेशकश

**प्रतापगढ़।** मेडिकल कालेज के सहायक आचार्य डाक्टर राहुल सैनी के खिलाफ मारपीट की एफआईआर दर्ज होने से खफा दर्जनों डाक्टरों ने सामूहिक इस्तीफे की पेशकश कर दी है। इससे हड़कंप मच गया है। प्रिंसिपल के पास सामूहिक इस्तीफे देने पहुंचे डाक्टरों का कहना है कि राहुल के खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज हुई हैं। पुलिस ने बिना जांच पड़ताल के दबाव में कार्रवाई की है। घटना के समय राहुल मौके पर थे ही नहीं। उनका इस घटना से कोई लेना देना नहीं है। इनको झूठा फंसाया जा रहा है। जिससे मेडिकल कालेज की छवि खराब हो रही है। अगर पुलिसिया कार्रवाई बंद नहीं हुई तो डाक्टर आंदोलन करने को बाध्य हो जायेंगे। बता दें कि कुछ दिन पहले पूर्व सीएमओ डॉ एके श्रीवास्तव के पुत्र अंकित को मेडिकल कालेज में वार्ड ब्वाय शिवदीप शर्मा उर्फ गोरे ने डंडे से पीट दिया था। इस घटना का एक वीडियो वायरल हुआ। डाक्टर अंकित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने वॉर्ड ब्वाय शिवदीप और उसे उकसाने वाले डाक्टर राहुल सैनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। अब पुलिस दोनो की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। इसकी जानकारी होने पर शनिवार को भड़के मेडिकल कालेज के डाक्टरों ने अपने एक ग्रुप पर राहुल का पक्ष में बयान देना शुरू कर दिया। जिसमें दर्जनों डाक्टरों ने इस्तीफे की पेशकश तक कर दी है। इस ग्रुप में मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल भी जुड़े हैं। इस्तीफे की पेशकश करने वालों में डाक्टर दीपिका, अंबर केसरवानी, सचिन कुमार, केके तिवारी,डाक्टर सरोज, समेत कई डाक्टरों के नाम हैं। इस बारे में प्रिंसिपल डॉ आर्य देशदीपक ने पूछने पर बताया है कि मेडिकल कालेज के कई डाक्टर राहुल सैनी के पक्ष में आकर इस्तीफे की पेशकश कर चुके हैं। हालांकि उन्हें समझा बुझाकर शांत कराया जा रहा है। जांच कमेटी की रिपोर्ट का इंतजार हो रहा है।

## चिकित्सक की वाहन दुर्घटना में मौत

**प्रतापगढ़।** कुण्डा क्षेत्र में क्लीनिक बंद कर दावत से लौट रहे चिकित्सक की वाहन से कुचल कर मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। कुंडा कोतवाली के बहरिया रहवई के डॉ. विजय प्रताप उर्फ पप्पू यादव (36) पुत्र राजकुमार मानिकपुर के केशवपुर गांव में क्लीनिक चलाते हैं। शनिवार की रात वह क्लीनिक बंदकर नगर में किसी के घर दावत में शामिल होकर देर रात साइकिल से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह मानिकपुर थाना क्षेत्र के तिवारीपुर गांव के सामने हाईवे पर पहुंचे अनियंत्रित वाहन ने उसे कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर उसे सीएचसी भेजा। डॉक्टरों ने देखते ही चिकित्सक को मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा। परिजनों की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# कैरियर बनाने के लिए विद्यार्थियों को दिये टिप्स

**जानकारी**

**सीडीओ ईशा प्रिया ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की**

**पढ़ाई में इमानदारी से मेहनत करने वाला बच्चा कभी पीछे नहीं रहता**

**हमेशा सपने बड़े देखों तो सफलता भी बड़ी होगी : एसडीएम अवनीश त्रिपाठी**



विद्यार्थियों को सफलता के टिप्स देती सीडीओ ईशा प्रिया

**प्रतापगढ़।** सीएम अभ्युदय योजना के तहत विद्यार्थियों को कैरियर काउंसिल की जानकारी देने के लिए कुण्डा के एसपी इण्टर कालेज में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कुण्डा क्षेत्र के कई विद्यालयों के छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए। सीडीओ ईशा प्रिया ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस मौके पर सीडीओ ने कहा कि पढ़ाई में इमानदारी से मेहनत करने वाला बच्चा कभी पीछे नहीं रहता। कंपटीशन की तैयारी कैसे करें इस बारे में सीडीओ ने बच्चों को विस्तार से बताया। नये सेलेक्टेड एसडीएम अवनीश त्रिपाठी ने कहा कि हमेशा सपने बडे देखो। जब आपके सपने बड़े होंगे तो सफलता भी बड़ी होगी। जो क्लास में पढ़ाया जाता है उसे घर आकर निश्चित रूप से दोहराएं। जहॉ भी कठिनाई हो उसे अपने गुरूजनों से समाधान प्राप्त करें। एनटी रवि प्रकाश सिंह ने कहा कि मेहनत ही सफलता की कुंजी है। मेहनत से कभी पीछे न रहें। समाचार पत्र पढ़े और अॅग्रेजी भाषा को रोजमर्रा की जिंदगी में इस्तेमाल करें। बच्चों के प्रश्नों का उपस्थित अधिकारियों ने वाखूबी जवाब दिया। उन्हें भविष्य में इच्छित नौकरियों को पाने के लिए अभी से तैयारी करने व स्वयं को प्रिपेयर रहने के टिप्स भी दिए। कार्यक्रम का संचालन एआरपी धर्मेन्द्र ओझा ने किया। इस दौरान क्षेत्रीय ग्रामीण संस्थान के प्राचार्य शिव प्रकाश, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजीव कुमार, पवन प्रकाश दूबे, जय प्रकाश शुक्ल आदि मौजूद रहे।

# बच्चा बैंक ने खेल प्रतिभाओं को मेडल से नवाजा

**सम्मान समारोह**

**फ्री स्टडी सेंटर भंगवा में आयोजित समारोह में सम्मानित किए गए नौनिहाल**

**खेल के साथ साथ पढ़ाई भी चलनी चाहिए : सीपी मिश्रा**



मेडल के साथा बच्चे व मुख्य अतिथि

**प्रतापगढ़।** जिला स्टेडियम में आयोजित बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी ने सम्मान समारोह आयोजित कर मेडल से नवाजा। ग्रुप के फ्री स्टडी सेंटर भंगवा में आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी सीपी मिश्रा ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उन्हें उत्साह वर्धन किया। कहा कि खेल के साथ साथ पढ़ाई भी जरूरी है। खेल से शारीरिक विकास और मानसिक विकास होता है। उन्होंने बच्चा बैंक द्वारा जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा के लिए चलाए जा रहे अभियान की सराहना की। एसआई मंजीत डबास ने कहा कि खेलों इंडिया का हिस्सा बनो। समारोह में नीरज, रमाशंकर पटेल, युवराज, अंश, सिमरन, शुभम,प्रिया समेत कई खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर खिलाड़ी काफी खुश नजर आए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेंटर के प्रिंसिपल शनि सरोज ने की। संचालन छात्र साहिल ने किया। इस मौके पर रागिनी, नैंसी, निखिल, शुभम, दामिनी, राहुल समेत कई खिलाड़ी मौजूद रहे।

## तमन्चों व कारतूस के साथ धराए तीन बदमाश, गये जेल

**लालगंज।** कोतवाली पुलिस को तीन शातिर बदमाशो को मय तमन्चो व कारतूसो के साथ दबोचने मे सफलता मिली है। लालगंज कोतवाल कमलेश पाल को रविवार की तडके मुखबिरी सूचना मिली कि धधुआ गाजन के समीप एक अल्टो कार पर तीन संदिग्ध लोग मौजूद हैं। सूचना मिलते ही कोतवाल भारी फोर्स के साथ धधुआ गाजन मोड पहुंचे तो अल्टो पर सवार बदमाश पुलिस को देख मिश्राइनपुर महिमापुर की तरफ से घुइसरनाथ रोड की तरफ कार लेकर भागने लगे। पुलिस ने पीछा जारी रखा तब तक अमावां के समीप बैरियर के पास तीव्र गति से भाग रही अल्टो अनियंत्रित होकर हाइवे किनारे गडढे मे गिर गयी। पुलिस ने बदमाशो को दबोच लिया। पकडे गये बदमाशो में सांगीपुर थाना के शुभम वैश्य पुत्र मेवालाल सांगीपुर बाजार तथा यहीं के सुनील कुमार वैश्य उर्फ लवली पुत्र शारदा प्रसाद तथा लीलापुर थाना के घूरीपुर हण्डौर निवासी इंद्रमणि सिंह के पुत्र संतोष सिंह की तलाशी ली गयी तो इन आरोपियो मे से दो के पास से अलग अलग तमंचे व तीसरे आरोपी के पास से कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ आर्म्स एक्ट का केस दर्ज कर दोपहर बाद जेल भेज दिया। बदमाशो के पकडे जाने की जानकारी मिलने पर सीओ रामसूरत सोनकर भी कोतवाली पहुंचे। सीओ ने आरोपियो से कडाई से पूछताछ की तो पता चला कि यह आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक मे थे। सीओ ने लालगंज पुलिस की त्वरित कार्यवाही की भी सराहना की है।

## संदिग्ध परिस्थितियों मे युवक की मौत, कोहराम

**लालगंज।** संदिग्ध परिस्थितियों मे युवक ने फांसी के फंदे से लटककर मौत हो गयी। लीलापुर थाना के डीहमेंहदी बाबूगंज के मुजम्मिल हुसैन का पुत्र नौशाद आलम (22) रविवार की सुबह घर मे फांसी के फंदे पर झूलता पाया गया। युवक को मृत अवस्था मे देखकर परिजनो मे कोहराम मच गया। अभी हाल ही में उन्तीस अक्टूबर को मृतका का जेठवारा थाना क्षेत्र के भावनपुर के फसियालगढ़ में अख्तर हुसैन की पुत्री मन्तशा के साथ निकाह हुआ था। चर्चा के मुताबिक पति पत्नी ने फोन पर कुछ कहासुनी हुई जिसके चलते युवक ने जान दे दी। सूचना मिलने पर लीलापुर एसओ विनीत उपाध्याय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। इधर मृतक के पिता ने पुलिस को घटना की लिखित सूचना दी।

# छात्राओं को वितरित किये गये स्मार्टफोन

**प्रतापगढ़।** कुंडा क्षेत्र स्थित डॉ राम मनोहर लोहिया बालिका महाविद्यालय तारापुर कंदई में शनिवार को स्मार्टफोन के वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्मार्टफोन का वितरण होने से जहां छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में नई-नई जानकारियां प्रदान होंगी वही डिजिटल शक्ति के बारे में भी छात्राओं को जानने सीखने का अवसर प्राप्त होगा। यह बातें डॉ राम मनोहर लोहिया बालिका महाविद्यालय तारापुर कंदई में छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व प्रधान त्रिभुवन नाथ पांडे ने कही। उन्होंने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। कालेज के प्रबंधक शशि कुमार पांडे ने कहा कि आज डिजिटल युग में छात्राओं के पास स्मार्टफोन का होना बहुत जरूरी है। फोन के ही माध्यम से आधुनिक युग में शिक्षा के क्षेत्र में नई-नई जानकारियां प्राप्त होती हैं। उन्होंने महिला सशक्तिकरण एवं नारी सम्मान विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता त्रिभुवन नाथ पांडेय एवं संचालन डॉ सूर्य नाथ पांडे ने किया। विद्यालय परिवार द्वारा नेहा यादव, ज्योति, श्रेया, प्राची मिश्रा, पल्लवी, प्रीति विश्वकर्मा, समेत 29 छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया। फोन प्राप्त करने के बाद छात्राओं ने बताया कि योगी जी के शासन में शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस मौके पर पंकज चैबे, संदीप सिंह, ऋषि पांडे, रुचि पांडे आदि मौजूद रहे।

## आरोपी के खिलाफ दलित उत्पीड़न का मुकदमा

**लालगंज।** घायल पिता के इलाज के लिए पैसा मांगने पर व्यापारी द्वारा दलित के साथ गालीगलौज को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के अर्जुनपुर निवासी राममिलन सरोज पुत्र मुनेसर ने सीओ को दी गई तहरीर मे कहा है कि उसका पिता मुनेसर रानीगंज कैथौला बाजार में गोविंद केसरवानी पुत्र ताराचंद्र की गोदाम मे पल्लेदारी किया करता था। बोरियां उठाते समय मुनेसर घायल हो गया। उसके पिता का इलाज इलाहाबाद मेडिकल कालेज मे चल रहा था। आरोपी ने इलाज के लिए तीन हजार रुपए दिया था। पीडित ने इलाज के दौरान जब आरोपी से दवा इलाज में और खर्च के लिए रुपए मांगे तो उसने पीड़ित को जातिसूचक गालियां देकर चुप रहने को कहा। हालांकि इलाज के दौरान पीडित के पिता मुनेसर की मौत हो गयी। तहरीर पर सीओ रामसूरत सोनकर ने लालगंज पुलिस को एफआईआर दर्ज करने के कडे निर्देश दिये । तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी गोविंद के खिलाफ शनिवार की रात केस दर्ज किया है।

# मेधाशक्ति के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से भारत दुनिया के नेतृत्वकर्ता देश होने की विकसित कर रहा क्षमता : प्रमोद तिवारी

**कार्यक्रम**

**सशक्तीकरण कार्यक्रम मे बतौर मुख्यअतिथि प्रमोद तिवारी ने शिक्षा मनीषियों से पुरजोर आहवान करते हुए देश को मेधा की सर्वश्रेष्ठ पीढ़ी के निर्माण में योगदान दिये जाने का भी किया आहवान**





कार्यक्रम में मेधावियों को स्मार्ट फोन प्रदान करते राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा एमलएलसी उमेश द्विवेदी व सशक्तीकरण कार्यक्रम को संबोधित करते राज्यसभा सदस्य

**लालगंज।** राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने युवाओं व छात्रो से मेधा के क्षेत्र में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को जारी रखते हुए देश को दुनिया का नेतृत्वकर्ता बनाए जाने के संकल्प को मजबूत बनाने का आहवान किया है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा है कि युवा आत्मनिर्भरता के लिए छात्र जीवन में ज्ञानवर्धन का सर्वश्रेष्ठ मुकाम हासिल करने की ओर संकल्पबद्ध हो। रामपुर बावली के विद्याधर मिश्र सरस्वती विद्या मंदिर एवं विज्ञान एवं अनुसंधान महाविद्यालय में रविवार को युवा सशक्तीकरण कार्यक्रम मे बतौर मुख्यअतिथि प्रमोद तिवारी ने शिक्षा मनीषियों से पुरजोर आहवान करते हुए देश को मेधा की सर्वश्रेष्ठ पीढ़ी के निर्माण में योगदान दिये जाने का भी आहवान किया। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि स्मार्ट फोन तथा टैबलेट के जरिए अब छात्र छात्राओं को दुनिया के ज्ञान व विज्ञान से जुडने के साथ घरेलू शिक्षा ग्रहण करने मे भी बड़ी सहूलियत मिली है। उन्होनें कार्यक्रम में तकनीकी ज्ञान में भारत के उत्कृष्ट सामर्थ्य का जिक्र करते हुए कहा कि कम्प्यूटर क्रांति के जनक राजीव गांधी के दूरदर्शी चिंतन से आज देश की मेधा को तकनीकी ज्ञान का सर्वोत्तम लाभ मिल रहा है। उन्होनें स्वयं तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से रामपुर बावली-रायपुर तियांई हाइवे से विद्यालय तक छात्रों के आवागमन के लिए पिच मार्ग की भी सौगात दिये जाने का ऐलान किया। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि रामपुर खास को शिक्षा का हब बनाए जाने के लिए विद्यालयों व महाविद्यालयों को हर संसाधनो से मजबूती के साथ संतृप्त किये जाने का मिशन जारी रहेगा। उन्होनें सर्वश्रेष्ठ शैक्षिक माहौल को ही रामपुर खास के विकास की आज बड़ी पूंजी भी करार दिया। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने कहा कि अशिक्षा के अभिशाप को दूर करने के लिए शिक्षकों को प्रभावी भूमिका में अपना बेहतर योगदान देना होगा। उन्होनें कहा कि ज्ञान विज्ञान के युग मे तकनीकी ज्ञान का वृहद जानकारी होना छात्रो के लिए आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रमोद तिवारी एवं एमएलसी उमेश द्विवेदी ने जब मेधावियों के हाथों मे स्मार्ट फोन थमाए तो छात्र छात्राओं के चेहरे पर प्रसन्नता की लहर दौड पडी दिखी। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं भगवान शिव की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के संरक्षक डा. अरूणशंकर मिश्र व संचालन प्रबंधक डा. अजयशंकर मिश्र ने किया। प्राचार्य डा. धनंजय मिश्र ने शैक्षिक प्रगति आख्या प्रस्तुत की। छात्र छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी मनोहारी प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर जिपंस लालजी यादव, कमल सिंह, भुवनेश्वर शुक्ल, अनिल त्रिपाठी महेश, जीतलाल यादव, राकेश चतुवेर्दी, पूर्व प्रमुख ददन सिंह, हरीलाल सरोज, प्राचार्य अभयशंकर मिश्र आदि रहे। इसके बाद राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पहुंचे। यहां कार्यकर्ताओ से मुलाकात के अलावा लोगों की समस्याओं की सुनवाई भी की। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी की अगुवाई में नगर से कार्यालय पहुंचे संभ्रान्तजनों के साथ श्री तिवारी ने नगरीय विकास की प्रगति की भी जानकारी ली। वहीं उन्होनें रानीगंज कैथौला, रायपुर तियांई, रामपुर बावली, बेलहा में लोगों से मुलाकात कर क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना द्वारा संचालित विकास योजनाओं को प्रभावी बनाए जाने मे सहयोग मांगा। दौरे मे प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, आशीष उपाध्याय, महमूद आलम, छोटे लाल सरोज आदि रहे।

## जनसंपादकीय

# दहशतगर्दी पर जोरदार प्रहार

पाकिस्तान और अफगानिस्तान को दिल्ली में प्रारंभ हुये आतंक को वित्त-पोषण नहीं पर वैश्विक सम्मेलन में बुलाया ही नहीं गया। चीन को मोदी सरकार ने शायद काट दिया हो। कारण : 26/11/2008 के मुंबई धमाके के हमलावर मियां साजिद अली को आतंकी करार देने में संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्ताव पर चीन ने अड़ंगा लगाया था। अर्थात मौन रहकर अपनी किरकिरी कराने से मोदी-शाह सरकार बच गई। इस त्रिदिवसीय-अधिवेशन में 73 राष्ट्रों से 450 प्रतिनिधि शरीक हुए हैं। दुनिया अवगत है कि पाकिस्तान इस्लामी दहशतगर्दों की धुरी है। अतः उसे बुलाने के मायने कसाई को गाय बेचना जैसा है, जो मुंशी प्रेमचंद के गरीब किसान होरी ने भी करने से इंकार कर दिया था। कवि प्रदीप ने इसी सूत्र को राजेंद्र कुमार की फिल्म तलाक के लिए लिखा था : संभल कर रहना-अपने घर में छिपे हुए गद्दारों से। मसलन इंजीनियरिंग के छात्र फैज रशीद को बेंगलुरु के कोर्ट ने (1 नवंबर 2022 ) पाँच वर्ष की जेल की सजा दी थी। अपराध ? वह पुलवामा विस्फोट में 40 जवानों की मौत की खबर पर सोशल मीडिया मे खुशी मना रहा था। इससे भी ज्यादा घृणित है मादक द्रव्यों के शातिर मुजरिम हाजी मस्तान और करीम लाला को मुंबई के मरीन लाइंस कब्रिस्तान में दफनाया जाना। उसके पास ही मजार है संजय दत्त की मां नरगिस, महबूब खान और सुरैया जैसी राष्ट्रभक्त हस्तियों की। इसी कब्रिस्तान में कभी डॉन दाऊद इब्राहिम ने ट्रकों से भरे सुगंधित गुलाब मंगवाकर अपने पिता की कब्र पर खुलेआम चढ़वाये थे।

न्यूयार्क टावर को ध्वस्त करने वाले अलकायदा के सरगना ओसामा बिन लादेन को अमरीकी नौसेना ने एबोटाबाद (राजधानी इस्लामाबाद के निकट) में मार गिराया था। इन्ही दहशतगर्दों में जैशे मोहम्मद के संस्थापक मौलाना अजहर और लश्करे-तैयबा के साजिद मीर भी थे जो पाकिस्तान सरकार के मेहमान हैं।

दिल्ली सम्मेलन का उद्घाटन करते, राजग सरकार के प्रधानमंत्री ने कहा कि : परोक्ष रूप से आतंकवाद के आका के रूप में पाकिस्तान पर कुछ देश आतंकवाद को सपोर्ट और स्पॉन्सर करने का आरोप लगाते हैं। पाकिस्तान का नाम लिए बिना मोदी ने कहा कि आतंकवाद को वैचारिक नहीं बनना चाहिए। आतंकी संगठन कई स्त्रोतों से धन पाते हैं। कई राष्ट्र आतंकी संगठनों को राजनीतिक, वैचारिक और वित्तीय मदद भी करते हैं।

अधिवेशन मे मोदी ने राय व्यक्त की थी कि : युद्ध न होने का मतलब शांति नही है। प्रॉक्सी वॉर्स यानी छद्म युद्ध भी काफी खतरनाक होते हैं। आतंकवाद का समर्थन करने वाले देशों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। ऐसे देशों को अलग-थलग किया जाना चाहिए। आतंकवाद का गुप्त रूप से अथवा खुलकर समर्थन करने वालों के खिलाफ दुनिया को एकजुट होने की जरूरत है।

कई प्रतिनिधियों ने सम्यक राय दी कि ठोस कार्यक्रम पर गौर हो। इनमे प्रमुख है : आतंकवाद के खात्मे के लिए व्यापक, सक्रिय रणनीति के तहत कार्रवाई आवश्यक हो। आतंकवादियों का पीछा करें, उनके समर्थक नेटवर्क को तोड़ें और उनके वित्तीय स्त्रोतों को निशाना बनाएं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद के वित्त पोषण के खिलाफ व्यापक रणनीति नहीं बनी तो सामरिक लाभ जल्द ही बेअसर हो जाएंगे। आतंकवाद का समर्थन करने वाले देशों को इसकी कीमत चुकानी होगी। कुछ देश अपनी विदेश नीति के तहत आतंकवाद का समर्थन करते हैं। एक समान, एकीकृत, शून्य-सहनशीलता का दृष्टिकोण ही आतंकवाद को हरा सकता है। आतंकवाद का दीर्घकालिक प्रभाव गरीब और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर अधिक पड़ता है। सभी आतंकवादी हमलों के खिलाफ समान आक्रोश तथा कार्रवाई होनी चाहिए। आतंकवाद से निपटने के लिए संगठित अपराध के खिलाफ कार्रवाई बेहद आवश्यक।

ध्यान देनी वाली बात है कि मुस्लिम राष्ट्रों में जो सोच पनप रही है, वह एकांगी है। उनका ध्येय समस्त विश्व को दारुल इस्लाम में बदलना है। अतः दारुल हर्ब (शत्रु) राष्ट्रों का जिहाद द्वारा इस्लामीकरण हो। गजवाए हिंद द्वारा भारत पर कब्जा हो। जैसे कश्मीर पर। इन आतंकियों की दृष्टि में यह स्वाधीनता आंदोलन है न कि इस्लामी दहशतगर्दी। यही नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी के महानिदेशक दिनकर गुप्त ने मीडिया को बताया भी। उन्होने कहा कि सोशल मीडिया मंचो को आतंकवाद हेतु धन जुटाने में इस्तेमाल किया जा रहा है।

अतः भारत के इस वैश्विक (अभियान) सम्मेलन की समिति द्वारा प्रस्तुत घोषणापत्र में सभी भागीदार राष्ट्रों को प्रण करना चाहिए कि अब वे आतंक को प्रोत्साहित नही करेंगे। शुरूआत इस्लामी देशों से ही करनी होगी। भारत विगत पांच दशकों से अरब आतंकियों का अखाड़ा रहा। तमिलईलम और चीन समर्थकों, विशेषकर नक्सलवादियों को, भी याद रखें। उत्तरी श्रीलंका में एलटीटीई के वेलुपिल्लई प्रभाकरन के आतंकियों द्वारा श्रीलंका की सिंहली सरकार के नेताओं की हत्या पर बहुधा दक्षिण भारतीय नेता मौन रहा करते थे। द्रमुक नेता मुत्थु करुणानिधि ने तो राजग सरकार को एलटीटी का यार ही बना लिया था। इंदिरा गांधी ने एलटीटीई सैनिकों का देहरादून के जंगलों में प्रशिक्षण कराया था। उनके पुत्र के यही लोग हत्यारे निकले। महंगी कीमत देनी पड़ी। बताया जाता था किस्सा वीपी सिंह सरकार के गृह मंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद का। उनकी बेटी रुबय्या का अपहरण कराया गया। उसकी रिहाई के ऐवज में कश्मीरी सुन्नी आतंकी छोड़े गए थे। यूं तो विश्व का सबसे घिनौना और खूंखार आतंकी यासर अराफात था। न जाने कितने हवाई जहाजों को बम से उड़ाया। निर्दोष यात्रियों को कष्ट पहुंचाया। उसे इंदिरा गांधी सरकार ने एयर इंडिया का जहाज भेंट किया था। उसे निजी टैक्सी बनाकर यासर अराफात दुनिया की सैर करता था। कितने इसराइलियों की हत्या उसने करायी ?

अतः भारत सरकार को भी तुष्टीकरण के नाम पर आतंकियों को प्रश्रय नही देना होगा। दिल्ली संकल्प-पत्र वैश्विक स्तर पर अति महत्वपूर्ण होगा। आतंक-विरोधी दृढ़ इच्छाशक्ति की आवाज और परिचायक भी।



**के विक्रम राव**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, संपर्क**
**9415000909**

# गांधी बिना चश्मा, नेहरू बिना बाल दिवस

## समय- संदर्भ



**सुभाष गाताडे**

खबरों के मुताबिक इस बार 14 नवम्बर - जिसे हम जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन के साथ जोड़ कर देखते आए थे - तमाम स्कूलों में बिल्कुल अलग ढंग से मनाया गया, तरह तरह के आयोजन हुए, कई स्कूलों में तो सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान अध्यापिकाओं ने बच्चों के स्वागत के लिए स्टेज पर नृत्य भी किए।

अलबत्ता फरक महज इतना ही था कि भारत के प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू - जो बच्चों को बहुत पसंद करते थे, इन सभी में लगभग गायब मिले - जिनके बच्चों के प्रति उनके प्यार को रेखांकित करने के लिए, नवस्वाधीन भारत सरकार द्वारा बच्चों के कल्याण के लिए उठाए गए तमाम कदमों को उजागर करने के लिए इसकी शुरूआत की गयी थी। गौरतलब है कि नवस्वाधीन भारत सरकार ने 14 नवंबर को बाल दिवस मनाने के मसले को कानूनी फ्रेमवर्क में भी शामिल किया है।

वैसे गनीमत ही समझी जाएगी कि इस बार बाल दिवस के पहले सोशल मीडिया में यह बहस नहीं दिखाई दी कि 14 नवम्बर को बाल दिवस मनाने का क्या औचित्य है ? कुछ साल पहले भाजपा के साठ से अधिक सांसदों ने बाकायदा अपनी सरकार के पास आवेदन भेज कर इसे बदलने की मांग की थी। सांसदों की तरफ से कहा गया था कि 14 नवम्बर को चाचा दिवस - नेहरू को बच्चे चाचा कहते थे - घोषित किया जाए और बाल दिवस को 26 नवंबर को मनाना शुरू किया जाए। कहा जाता है कि इसी दिन सिखों के गुरु गोविंद सिंह के चार अल्पवयस्क बच्चे और मुगल सम्राट औरंगजेब के शासन में मार दिए गए थे। नेहरू बिना बाल दिवस मनाना इसे निश्चित ही महज मानवीय भूल नहीं कहा जा सकता !

कहा जा सकता है कि 2014 में पहली दफा अपने बलबूते पूर्ण बहुमत से केन्द्र में सत्ता हासिल करने के बाद मौजूदा हुकूमत द्वारा नेहरू की अहमियत को कम करने, उन्हें इतिहास के पन्नों से भी गायब कर देने या उन्हें खलनायक या ऐययाश साबित करने की जो सुसंगठित एवं सुनियोजित मुहिम जारी है, इसके अनिवार्य हिस्से के तौर पर ही इसे समझा जा सकता है।

आजादी के संघर्ष में दस साल से अधिक वक्त.जेल में गुजारे और नवस्वाधीन भारत को आकार देने में अहम भूमिका निभाने वाले भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू - जिन्होंने धर्म और राजनीति के संमिश्रण के खतरे को बखूबी पहचाना था और स्वाधीन भारत को धर्मनिरपेक्ष आधारों पर खड़ा करने में नेत्रत्वकारी रोल अदा किया था, और सबसे बढ़ कर जिन्होंने धर्म के आधार पर राष्ट खड़ा करने के फलसफे को चुनौती दी थी, वह हमेशा ही देश के मौजूदा सत्ताधारियों की आंखों की किरकिरी बने रहे है। हमें यह भी नहीं भुलना चाहिए कि भारत को हिन्दू पाकिस्तान बनाने के इरादों के प्रति जनता को बार बार आगाह किया था, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर पहली पाबंदी इन्हीं के प्रधानमंत्रीकाल में लगी थी।

बाल दिवस की चचाओं से नेहरू को ही गायब कर देना या उपनिवेशवाद विरोधी संघर्ष के महान नेता महात्मा गांधी को स्वच्छ भारत अभियान के आयकन तक सीमित कर देना, यह सब देश को न्यू इंडिया बनाने में लगी ताकतों के व्यापक डिजाइन का हिस्सा है।

दरअसल उनके लिए वैसे तमाम प्रतीक मंजूर नहीं है जिन्होंने अपने जीते जी उनके संकीर्ण फलसफे का विरोध किया हो तथा जो आज जनता के प्रेरणा स्थल के तौर पर मौजूद हों। उनकी हमेशा कोशिश रहती है कि या तो ऐसे प्रतीकों का विकृतिकरण किया जाए, उनको जनता के आंखों से ओझल कर दिया जाए या संदर्भों से रहित उनकी छवि प्रस्तुत करके उन्हें भी ह्यअपनेह्न ही आयकन के तौर पर प्रोजेक्ट किया जाए

गांधी के छवि के चश्मे तक न्यूनीकरण या उनके हत्यारे ह्यभारत के प्रथम आतंकवादी नाथूराम गोडसे का बढ़ता महिमामंडन हम एक ही सिक्के के दो पहलू के तौर पर समझ सकते है।

याद होगा कि 15 अगस्त को लाल किले से अपनी पहली तकरीर में वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री मोदी ने 2 अक्तूबर को - महात्मा गांधी के जन्मदिन को - स्वच्छ भारत अभियान के आगाज करने का ऐलान किया था। जाहिरसी बात है कि व्यापक लोगों को यह स्पष्ट नहीं था कि यह एक ही तीर से दो निशाने साधने की बात है, एक तरफ नयी सत्तासीन सरकार अपनी एक नयी छवि पेश करना चाह रही थी कि और साथ ही साथ ब्रिटिश विरोधी महान जनसंघर्ष के अगुआ रहे तथा सांपद्रायिक सदभाव बनाए रखने के लिए अपनी जान तक कुर्बान किए महात्मा गांधी को एक तरह से उनकी महान विरासत से काट कर स्वच्छ भारत अभियान के आयकन के तौर पर न्यूनीकृत करना चाह रही थी।

स्वच्छ भारत अभियान का प्रतीक गांधी के चश्मे को बनाना इसी का प्रतिबिंबन था। प्रतीकों के विकृतिकरण या उनके मामूलीकरण में सामाजिक मुक्ति संग्राम के अग्रणी भी उनके चपेट में बखूबी आते गए है।

वर्ष 2017 का वह प्रसंग निश्चित ही जनता की यादों से ओझल नहीं हुआ होगा। महाड क्रांति - जैसा कि उसे दलित विमर्श में कहा जाता है - जब वर्ष 1927 में महाड के चवदार तालाब पर डा अम्बेडकर की अगुआई में ऐतिहासिक सत्याग्रह किया गया था और जातिप्रथा को चुनौति दी गयी थी - की नब्बेवीं सालगिरह मनायी जा रही थी, तब हम सभी एक विचलित करनेवाले नजारे से रूबरू थे और ऐसा प्रतीत हो रहा था कि हम वहीं कदमताल कर रहे हैं, कहीं आगे नहीं बढ़े हैं।

मिसाल के तौर पर देश की राजधानी के नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर बिलबोर्ड लगाए गए थे, जिन्हें बाद में देश के अन्य रेलवे स्टेशनों पर लगाया जाना था और जिसे स्वच्छ भारत अभियान के हिस्से के तौर पर पेश किया गया था। इन बिलबोर्डस पर डा अम्बेडकर को स्वच्छता के आयकन अर्थात प्रतीक के तौर पर प्रस्तुत किया गया था, जिसमें अम्बेडकर सदृश्य एक व्यक्ति को कतार में खड़े लोगों की अगुआई में दिखाया गया था जो कूडेदान में कूडा डाल रहा है और बोर्ड पर लिखा है कि आप के अन्दर के बाबासाहब को आप जागरूक करें। गंदगी के खिलाफ इस महान अभियान में अपना योगदान दें।

उन अम्बेडकरी संगठनों एवं रैडिकल दलित कार्यकताओं की पहल की तारीफ करनी पड़ेगी जिन्होंने सैकड़ों लोगों के साथ अम्बेडकर के इस अपमान का विरोध किया और जातिवादी आग्रहों को प्रदर्शित करनेवाले इन बिलबोर्डस को हटाने के लिए भारतीय रेल को मजबूर किया, मगर यह समूचा प्रसंग तमाम सवालों को छोड़ गया।

यह प्रश्न तत्काल उठा कि इन जातिवादी आग्रहों को दिखाने वाले बिलबोर्डस को बिना आपत्ति प्रमाणपत्र किसने दिया और उनके सार्वजनिक प्रदर्शन की अनुमति आखिर किसने दी ? और अब रेल मंत्रालय या संबंधित विभाग इस मामले में क्या कार्रवाई करनेवाला है ? क्या भेदभाव के खिलाफ बने कानूनों के तहत किसी पर कोई कार्रवाई होने वाली है ?

आखिर इस बिलबोर्ड के सन्देश के जरिए क्या सम्प्रेषित की जाने की कोशिश हो रही थी ?

यही न कि देश के नीतिनिर्धारकों के लिए तथा उनके मातहत काम करनेवालों के लिए डा अम्बेडकर की अहमियत आज भी उत्पीड़ित जातियों के उन सदस्यों से अलग नहीं है जिन्हें वर्णव्यवस्था ने धर्म की मुहर लगा कर अस्वच्छ पेशों तक सीमित कर दिया है, जिनसे मुक्ति का हुंकार महाड सत्याग्रह था ! क्या यह एक तिरछी कोशिश थी ताकि वर्चस्वशाली जातियों में व्याप्त इस समझदारी को पुष्ट किया जाए कि इस मुल्क में समता के लिए चली लड़ाई में डा अम्बेडकर के योगदान की या नवस्वाधीन भारत का संविधान बनाने में दिए उनके योगदान की उन्हें कोई कदर नहीं है ? या वह इसी समझदारी को आगे बढ़ाना चाह रहे थे कि यह महान विद्वान - जिनकी निजी लाइब्रेरी में बीस हजार से अधिक किताबें थीं - और जिन्होंने भारत की उत्पीड़ित-शोषित जनता के हितों के लिए जबरदस्त लेखन किया, उनकी हैसियत उनके लिए कुछ भी नहीं है !

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में उसके स्वतंत्राता संग्राम या सामाजिक मुक्ति संग्राम के अग्रणियों की छवियों का यह विकृतिकरण निश्चित ही उस व्यापक पैटर्न का ही हिस्सा है, जिसके तहत हर सत्ताधारी जमात पुरजोर कोशिश करती है कि जनता के प्रेरणास्थलों को मामूली बना कर पेश किया जाए।

क्या इसे महज संयोग कहा जा सकता है कि दुनिया के सबसे ताकतवर जनतंत्र में अश्वेतों के महान नेता मार्टिन ल्यूथर किंग जिन्होंने अश्वेतों को नागरिक अधिकार दिलाने के लिए ऐतिहासिक संघर्ष की अगुआई की और जो श्वेत वर्चस्ववादियों की गोलियों का शिकार बने उनके विचारों का हाशियाकरण तेजी से जारी है। पूंजीवाद के विरोधी मार्टिन ल्यूथर किंग, जिन्होंने अमेरिकी सरकार द्वारा विएतनाम पर आक्रमण का विरोध किया था, उनकी बेहद सैनिटाइज्ड छवि आज अमेरिकी माध्यमों में अधिक प्रचलित कर दी गयी है कि वह किस तरह शांति के हिमायती थे आदि।

कहा जाता है कि सत्ताधारी जमातों को मनुष्य को मिथक में बदल दो और उसकी सीख का हाशियाकरण कर दो / का तरीका बेहद पसंद आता है ताकि वह अपने आप को जनता के ऐसे तमाम आयकन का वारिस भी घोषित कर दें और उनकी बेहद सैनिटाइज्ड छवि को अधिक प्रचलित कर दे। वैसे गांधी, नेहरू, अम्बेडकर आदि की छवि के न्यूनीकरण या विकृतिकरण में मुब्तिला जमातों की सक्रियता यहीं तक नहीं रूकती, वह उनके संकीर्ण विचारों के अगुआ तत्वों को भी समानांतर स्थापित करने की कोशिश करती है, नाथुराम गोडसे को संसद के पटल पर महान राष्टभक्त कहलाने में उन्हें संकोच नहीं होता या अपने संगठन को आजादी के महान संघर्ष से दूर रखने वाले हेडगेवार, गोलवलकर के महिमामंडन में , यहां तक ऐतिहासिक भारत छोड़ो आंदोलन के वक्त ब्रिटिश सेना में भरती अभियान चलाने में सक्रिय रहे सावरकर - जिन्होंने अंदमान के जेल से अपनी रिहाई के लिए माफीनामे लिखे थे - को स्वातंत्र्यवीर कहलाने में उन्हें गुरेज नही होता।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार एवं सोशल एक्टिविस्ट हैं)**

आजादी के संघर्ष में दस साल से अधिक वक्त.जेल में गुजारे और नवस्वाधीन भारत को आकार देने में अहम भूमिका निभाने वाले भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू - जिन्होंने धर्म और राजनीति के संमिश्रण के खतरे को बखूबी पहचाना था और स्वाधीन भारत को धर्मनिरपेक्ष आधारों पर खड़ा करने में नेत्रत्वकारी रोल अदा किया था, और सबसे बढ़ कर जिन्होंने धर्म के आधार पर राष्ट खड़ा करने के फलसफे को चुनौती दी थी, वह हमेशा ही देश के मौजूदा सत्ताधारियों की आंखों की किरकिरी बने रहे है। हमें यह भी नहीं भुलना चाहिए कि भारत को हिन्दू पाकिस्तान बनाने के इरादों के प्रति जनता को बार बार आगाह किया था, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर पहली पाबंदी इन्हीं के प्रधानमंत्रीकाल में लगी थी।

# इंदिरा गांधी को भुलाने की कोशिश

## प्रसंगवश



**एल एस हरदेनिया**

इकतीस अक्टूबर को देश ने आयरन मैन सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई। परंतु 31 अक्टूबर का एक और महत्व है। उस दिन देश की तीसरी प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या की गई थी। उसके पूर्व पूरा देश उन्हें आयरन वूमेन के रूप में स्वीकार कर चुका था। इकतीस अक्टूबर को भारत सरकार ने सरदार पटेल को याद करते हुए विज्ञापन निकाले। परंतु इंदिरा गांधी को पूरी तरह भुला दिया गया।

न सिर्फ इंदिराजी को भुलाया जा रहा है परंतु उनके महान पिता स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेता जवाहरलाल नेहरू को भी पूरी तरह से भुला दिया गया है। चौदह नवंबर को उनका जन्म दिन मनाया जाता था। उस दिन सारे देश के बच्चे उन्हें चाचा नेहरू के रूप में याद करते थे। चौदह नवंबर सारे देश में बाल दिवस के रूप में मनाया जाता था। अब सरकार के स्तर पर यह सब कुछ बंद है। अधिकांश समाचार पत्र अब 14 नवंबर को नेहरू जी को याद नहीं करते हैं। लगता है इन समाचार पत्रों के कर्ता-धताओं का यह सोच होगा कि कहीं हमने नेहरूजी की फोटो छापी तो प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी नाराज न हो जाएं। यही स्थिति इंदिराजी के संबंध में है। उन्हें भी केन्द्र सरकार और भाजपा शासित राज्य सरकारें याद नहीं करती हैं।

परंतु इंदिराजी ने अपने प्रधानमंत्रित्व के दौरान कुछ ऐसे करिश्माई काम किए जो शायद एक साधारण राजनीतिज्ञ नहीं कर सकता। प्रधानमंत्री बनने के तीन वर्ष बाद उन्होंने बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर दिया और राजा-महाराजाओं को मिलने वाला प्रीवी पर्स बंद कर दिया। प्रीवि पर्स के रूप में राजा-महाराजाओं को एक प्रकार की मासिक पेंशन मिलती थी। इस तरह उन्होंने देश के औद्योगिक घरानों और सामंती ताकतों को नाराज कर दिया।

इसके कुछ समय बाद देश को पूर्वी पाकिस्तान की समस्या का सामना करना पड़ा। इस समस्या के दो प्रमुख कारण थे। पहला, पाकिस्तान की केन्द्रीय सरकार पूर्वी पाकिस्तान पर उर्दू लादना चाहती थी और दूसरा यह कि पाकिस्तान में हुए चुनाव में अवामी लीग की जीत हुई थी जिसे स्वीकार करने को पश्चिमी पाकिस्तान के नेता तैयार नहीं थे। अवामी लीग की जीत के चलते पूर्वी पाकिस्तान के सर्वमान्य नेता शेख मुजीबुर रहमान को प्रधानमंत्री बनाया जाना था परंतु ऐसा नहीं होने दिया गया। इसके विरूद्ध पूर्वी पाकिस्तान की जनता ने विद्रोह कर दिया। मुक्ति वाहिनी का गठन कर वहां के निवासियों ने पश्चिमी पाकिस्तान के विरूद्ध विद्रोह का झंडा उठा लिया।

इस विद्रोह को दबाने के लिए पश्चिमी पाकिस्तान के शासकों ने देश की सेना का उपयोग किया। सेना ने पूर्वी पाकिस्तान में तरह-तरह की ज्यादतियां कीं जिससे जनता का आक्रोश और बढ़ गया। जुल्मों की इंतिहां इतनी हो गई कि पूर्वी पाकिस्तान के नागरिक भारत में शरण लेने लगे। स्वाभाविक था कि ऐसी स्थिति में इंदिराजी मूक दर्शक नहीं बनी रह सकतीं थीं। उन्होंने पाकिस्तान की फौज के विरूद्ध पूर्वी पाकिस्तान की सहायता करना प्रारंभ कर दिया।

परिस्थितियों ने ऐसा मोड़ लिया कि अंततः पूर्वी पाकिस्तान अलग हो गया और बांग्लादेश के नाम से से दुनिया के नक्शे पर एक नए देश का उदय हुआ। उस समय अमेरिका ने पाकिस्तान की मदद करने की कोशिश की। परंतु इसके बावजूद इंदिराजी ने जिस निर्भीकता से परिस्थितियों का मुकाबला किया उससे प्रभावित होकर अटल बिहारी वाजपेयी ने उन्हें दुर्गा माता कहकर संबोधित किया। बांग्लादेश की समस्या का सफल निवारण करने के कारण इंदिराजी की लोकप्रियता आसमान छूने लगी। इसके बाद हुए चुनाव में उन्हें अभूतपूर्व सफलता मिली।

शायद उनकी लोकप्रियता प्रतिपक्ष के नेताओं को अच्छी नहीं लगी। इसलिए उनके विरूद्ध वातावरण बनाना प्रारंभ कर दिया। इस बीच एक ऐसी घटना घटी जिसकी इंदिराजी को उम्मीद नहीं थी। समाजवादी नेता राजनारायण ने उनके चुनाव को चुनौती देते हुए इलाहबाद उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल कर दी। याचिका को मंजूर करते हुए इलाहबाद हाईकोर्ट के जज जगमोहन सिन्हा ने उनके चुनाव को अवैध घोषित कर दिया। जिसके चलते उन्हें प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे देना था। परंतु उन्होंने ऐसा नहीं किया जिससे सारे देश में उनके इस्तीफे की मांग उठने लगी और अराजकता की स्थिति उत्पन्न हो गई।

जयप्रकाश नारायण ने इस असंतोष का नेतृत्व संभाल लिया। उन्होंने देश की सेना और पुलिस से अपील की कि वह इंदिराजी के आदेशों को न मानें। ऐसा आदेश अत्यधिक खतरों से भरपूर था। ऐसी स्थिति में यदि सेना इंदिराजी को अपदस्थ कर देश की सत्ता पर कब्जा कर लेती तो हमारे देश की हालत पाकिस्तान जैसी हो जाती। शायद ऐसी स्थिति का मुकाबला करने के लिए इंदिराजी ने देश में आंतरिक आपातकाल लागू कर दिया। आंतरिक आपातकाल का प्रावधान हमारे देश के संविधान में है।

आपातकाल के दौरान कुछ अच्छी बातें हुईं। पर प्रेस सेंसरशिप और मूलभूत अधिकारों के निलंबन का काफी विरोध हुआ। इसी दरम्यान संजय गांधी के मोर्चा संभालने से आपातकाल अलोकप्रिय हो गया। इसी बीच इंदिराजी ने पुनर्चिंतन प्रारंभ कर दिया और चुनाव की घोषणा कर दी जिसका सर्वत्र स्वागत हुआ। जिस समय इंदिराजी ने चुनाव की घोषणा की उस समय मैं मास्को में था। वह एक राजनयिक ने यह दावा किया कि इंदिराजी ने यह जानते हुए चुनाव की घोषणा की है कि वे चुनाव हार जाएंगीं। मैंने उनसे पूछा कि इंदिराजी ने ऐसा खतरा क्यों मोल लिया है तो उन्होंने कहा, खून में प्रजातंत्र है।

जैसा कि अनुमान था, चुनाव में उनकी हार हुई। परंतु उसके बाद प्रतिपक्ष ने जो शासन दिया वह अत्यधिक घटिया था। प्रतिपक्ष की सरकार ढाई साल से ज्यादा नहीं चल सकी और सन 1980 में मध्यावधि चुनाव हुए और देश ने पुनः इंदिराजी के हाथ में सत्ता सौंप दी।

इस बीच इंदिराजी को एक और मुसीबत का सामना करना पड़ा। वह थी सिक्खों का आतंकवाद। सिक्खों का आतंकवाद सिर्फ आंतरिक समस्या नहीं थी उसकी जड़ें विदेशों तक में फैली थीं। पंजाब की स्थिति की चर्चा करते हुए इंदिराजी ने देश को सचेता करते हुए कहा था, मैं आज यह कहने की स्थिति में हूं कि पंजाब की स्थिति अत्यधिक गंभीर है। इसके पहले देश की एकता के लिए इतना बड़ा खतरा पैदा नहीं हुआ और यह खतरा पंजाब की आंतरिक ताकतों से है परंतु इसकी जड़ें देश के बाहर भी हैं।

इस दौरान खालिस्तान की चर्चा जोरशोर से होने लगी। पूरे पंजाब से हिन्दुओं को खदेड़ने की तैयारी की जाने लगी। आए दिन हिन्दुओं पर हिंसक हमले होने लगे। इस कठिन परिस्थितियों में इंदिराजी ने आपरेशन ब्लू स्टार का फैसला लिया। इस आपरेशन में सेना ने आश्चर्यजनक कार्य किया परंतु इंदिराजी को इसकी कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। राष्ट्र की एकता के लिए ऐसे बलिदान के उदाहरण इतिहास में कम ही मिलते हैं।

आपरेशन ब्लू स्टार के कुछ दिनों बाद जब इंदिराजी ने देखा कि उनकी सुरक्षा में जो लोग रहते हैं उनमें से सिक्खों को हटा दिया गया है तो उन्होंने उन्हें वापिस बुलवाया और अंततः उनके इन्हीं दो सिक्ख सुरक्षाकर्मियों ने ही उनकी निर्मम हत्या कर दी।

प्रसिद्ध अमरीकी कूटनीतिज्ञ हैनरी किसिंजर ने इंदिराजी के अद्भुत नेतृत्व की चर्चा करते हुए कहा, महाशक्तियों के बीच संतुलन रखने के लिए असाधारण चतुराई की आवश्यकता होती है। यह गुण इंदिाजी में भरपूर मात्रा में था। उनके पास देश को एक रखने के लिए स्पष्ट दृष्टिकोण था। इसके लिए उन्होंने वह सब किया जो आवश्यक था।

इंदिराजी की प्रशंसा करते हुए उनके कटु आलोचक मीनू मसानी ने कहा ह्यह्यमैंने इंदिराजी की तारीफ करने में कभी कंजूसी नहीं की थी। विशेषकर खतरे मोल लेने की जो क्षमता उनमें थी वह कम ही नेताओं में पाई जाती है। मैंने एक दिन संसद में उनके गुणों का उल्लेख करते हुए कहा था कि वे अपनी पार्टी में एकमात्र मर्द हैं। देश को इंदिरा जी को याद रखना चाहि क्योंकि सरदार पटेल ने यदि देश को बनाया तो इंदिराजी ने उसे बचाया।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

इस विद्रोह को दबाने के लिए पश्चिमी पाकिस्तान के शासकों ने देश की सेना का उपयोग किया। सेना ने पूर्वी पाकिस्तान में तरह-तरह की ज्यादतियां कीं जिससे जनता का आक्रोश और बढ़ गया। जुल्मों की इंतिहां इतनी हो गई कि पूर्वी पाकिस्तान के नागरिक भारत में शरण लेने लगे। स्वाभाविक था कि ऐसी स्थिति में इंदिराजी मूक दर्शक नहीं बनी रह सकतीं थीं। उन्होंने पाकिस्तान की फौज के विरूद्ध पूर्वी पाकिस्तान की सहायता करना प्रारंभ कर दिया।

## भुगतान

नाश्ते की दूकान पर खड़े थे वे चार जनें और उनमें
तीन ने किया नाश्ता
एक ने चम्मच से मुँह में पोहा उड़ेला
और दूसरे ने चवाना शुरू ही किया था
जलेबी का टुकड़ा
तभी तीसरे ने गर्मागरम मिर्च पकौड़े का तरकरीबन
मुँह में ठूँस लिया आधा हिस्सा
मुँह आगबबूला सी सी...सी सा करते हुए
पकौड़े की भाँप और मिर्च की तिलमिलाहट
फूँ-फूँ कर बाहर करते हुए चौथे को समझाया
कि देख भाई! म्हारी बात समझणे की कोशिश कर
के जब अपण हौवे हैं गलती पै
तो कँई हरज नी
हाथ जोड़ के
माथो झुका के
माफी माँगणे में
वो दस जनें को बतावैगो फजूल की बात बढ़ेगी
यहाँवहाँ होवैगी काँव-काँव
फिर तू कौण-कौण को पकड़ेगो मुँह!
जलेबी खाते रहे दूसरे ने इसे
जीवन की मिठास बताया
चूँकि पोहा न मीठा था न तीखा
लिहाजा तटस्थ खड़ा रहा पहला
चौथा पशोपेश में था कि वह सही है या गलत
और बीच इतना चवाया जा चुका था उसे कि
उसकी इच्छा
न कुछ खाने की हुई न चवाने की
उसने सिर्फ चाय पी और बीड़ी
और सारा भुगतान किया जाने से पहले

**- वसंत सकरगाए**



## व्यंग्य



# अंतरात्मा की आवाज

**श्रवण कुमार उर्मलिया**

मेरी अंतरात्मा की आवाज भी इन दिनों बहुत मुखर है, जबसे राजनीतिज्ञ अपनी अंतरात्मा और जमीर की आवाज सुनने लगे हैं। समझ में आने लगा है कि अंतरात्मा बड़ी समझदार होती है। जब तक हमारे स्वार्थ की सिद्धि हो रही हो, यह अंतरात्मा चुपचाप एक कोने में बैठी रहती है। पर जैसे ही हमारी स्वार्थसिद्धि में बाधा आने लगती है, हमारी अन्तरात्मा जाग उठती है। सबसे सरल और सहज होती है हम व्यंग्यकारों की अंतरात्मा। यह कभी सोती ही नहीं। यह बहुत कर्तव्यपरायण होती है और निरंतर दूसरों की छीछालेदर में लगी रहती है।

व्यंग्यकार इतना परस्वार्थी होता है कि वह दूसरों के चरित्रहनन या क्रियाकर्म की प्रक्रिया में अपनी अंतरात्मा के नीचे गिरने की तनिक भी परवाह नहीं करता है। कुछ व्यंग्यकार बकासुर की नस्ल के होते हैं। उन्हें रोज कुछ न कुछ भोजन चाहिए। यदि उनसे पूछो--महानुभावो, आपने इधर क्या विशेष खाया ? वे जवाब देंगे--हमने इधर एक-दो व्यंग्य विशेषांकों में कई अच्छे व्यग्यकारों को खा लिया। उन्हें छपने ही नहीं दिया। आगे भी हमारी कोशिश जारी रहेगी। यदि आगे पूछो--क्या आप नैसर्गिक रूप से इतने खुराफाती हैं या आपने ये विद्या सीखी है ? तो उत्तर मिलेगा--हम जो भी करते हैं, अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनकर करते हैं। हमारी आत्मा हमें प्रेरित करती है कि हम दूसरे व्यंग्यकारों का दाह-संस्कार करें। खासकर अपने विरोधियों का। यही तो व्यंग्य-धर्म है।

पुनः एक प्रश्न--पर जब कोई विरोधी आप पर वार करता है तो आप तिलमिलाने क्यों लगते हैं ?? वे कहते हैं--हमें तो बुरा नहीं लगता पर हमारी अंतरात्मा को बुरा लगता है। अंतरात्मा के मामले में हम दखल नहीं दे सकते।

--पर सुना तो यह है कि आप लोगों की अंतरात्मा मर चुकी है। आप ऐसे आदमी को पुरस्कार दिलवाने में नहीं हिचकते जिसे लिखना आता ही नहीं।

--आपसे यह किसने कह दिया कि पुरस्कारों के लिए लिखना जरूरी है। यार, लिखने के अलावा भी टैलेंट होते हैं।

--इस पर यदि कुछ खुलासा कर सकें तो ?

--पुरस्कार दिलवाने वाले लोगों का समुचित सम्मान करना चाहिए।

--मतलब उन्हें पुष्प-गुच्छ देना, माला पहनाना, प्रशस्ति-गान समर्पित करना इत्यादि ?

--नहीं रे बुड़बक। अरे ऐसा सम्मान देना जो सुरा-सुंदरी से सज्जित हो। तभी तो उनकी अंतरात्मा जागेगी, पगले।

--पर सुना है कि आपमें से कुछ की अंतरात्मा तो किसी वरिष्ठ के पास गिरवी रखी पड़ी है। तो कहीं यह उस वरिष्ठ की अंतरात्मा की आवाज तो नहीं जिसे आप कार्यान्वयित करते रहते हैं ?

--यार, किसी दमदार वरिष्ठ को जेब में रखना पड़ता है। उनकी चमचागिरी भी करनी पड़ती है ताकि पुरस्कार का जुगाड़ हो सके !

--मगर सुना है कि कुछ दो-दो वरिष्ठ पालते हैं ? एक दरबारी और दूसरा स्वनामधन्य।

--यार, तुम नीति को समझो। तुम्हें स्टैंडबाई का कॉन्सेप्ट ही नहीं मालूम। एक शेर के साथ एक गीदड़ जरूर पालो। वर्ना वह कहावत झूठी हो जायेगी कि हाथी के दाँत खाने के और दिखाने के और होते हैं ?

**( लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क 9868549036)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# 50 स्टाफ नर्सो को मिला नियुक्ति पत्र

**खुशी**

## नये वर्ष में मेडिकल कॉलेज में होगी नर्सिंग की पढ़ाई

### ट्रामा सेंटर भी नये वर्ष से शुरू तीन डॉक्टर की हुई नियुक्ति



चयन के बाद प्रमाण पत्र देते विधायक व अध्यक्ष।

**मीरजापुर।** नये वर्ष के पहले ही जिले में 50 स्टाफ नर्सो की नियुक्ति की गई है। स्टाफ नर्सो की नियुक्ति पत्र रविवार को सिटी क्लब स्थित हाल में रविवार को मझवां विधायक के हाथों से किया गया है। इस आशय की जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद ने दी। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक मजबूत कड़ी के रूप में है।

इन्होने सभी को नियुक्ति पत्र देते हुए कहा कि यह जिले के लिए गौरव की बात है कि एक जिले को 50 स्टाफ नर्स की नियुक्ति की जा रही है। डाक्टर व स्टाफ नर्स मरीजों के लिए मां व बाप की तरह भूमिका को अदा करते है और सभी एक समान उपचार करते है और सभी को उपदेश दिया कि किसी भी प्रकार का कोई भेदभाव नही करे और सबका एक समान उपचार करें और हमेशा सच बोलने का कार्य करें। मझवां विधायक विनोद बिन्द ने कहा कि इस समय प्रदेश व देश स्तर पर स्वास्थ्य के क्षेत्र में तमाम कार्य किये जा रहे है उसी के तहत प्रदेश के हर शहरों में मेडिकल कालेज और टामा सेन्टर खोले जा रहे है जिससे सभी को घर के नजदीक ही उपचार दिया जा सके किसी अन्यत्र स्थान न जाना पड़े और मेडिकल कालेज भी डॉक्टरी की पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मेडिकल कालेज के प्राचार्य आरवी कमल ने कहा कि जहां पर लगातार स्टाफ नर्सो व डाक्टरों की कमी हो रही उस दौर में 50 स्टाफ नर्सो की नियुक्ति किसी संजीवनी बूंटी से कम नही है। इसके साथ ही प्रदेश स्तर से तीन डाक्टरों की नियुक्ति अगले माह तक हो जाने के बाद हम नये वर्ष से टामा सेन्टर को भी चालू करके जनता को सौंप देंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अपर मुख्य चिकित्साधिकारी अनिल ओझा, यू0एन सिंह, वी0के0 भारती, वी0एल0 यादव, के अलावा अपर शोध अधिकारी पी0के0 पाण्डेय मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री सेवा पखवाड़े का किया गया आयोजन

**सीखड़।** माह के तीसरे रविवार को प्राथमिक स्वास्थ केन्द सीखड (मगरहां) में मुख्यमंत्री सेवा पखवाड़े का आयोजन प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर निलेश कुमार कुशवाहा के देख रेख में बाल बिकास परियोजनाधिकारी ज्योतीमा सिंह के आदेशों का परिपालन करती हुई सूची में से चार आंगनबाड़ी कार्यकत्री स्नेहलता पांडेय, लालमनि देवी, सरिता पांडेय, किरन देवी द्वारा हरे सांग सब्जियों मौसमी फलों, सहित पोषक तत्वों से भरपूर सामग्रियों का स्टाल लगायी तथा मेले मे आए लाभार्थीयों सेवन करने तथा उसके फायदे के बारे में जानकारी देती हुई बच्चों व गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ परिक्षण करायी तथा लाभार्थियों को खान पान साफ सफाई परिवार नियोजन की जानकारी दी।

# जेट्रोफा खाने से 11 बच्चे बीमार

## एक गंभीर, खंड शिक्षा अधिकारी पहुंचे अस्पताल

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** पड़री थाना क्षेत्र के धनही गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के 11 बच्चे जेट्रोफा खाने से बीमार हो गए। अचानक उल्टी व गाफिल होने से पूरे गांव में हड़कंप मच गया। अभिभावक आनन फानन में सभी को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पड़री लाए जहां इलाज चल रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्यालय बन्द होने पर बच्चे विद्यालय के अगल बगल खेलने लगे इसी दौरान जेट्रोफा को तोड़कर खा लिए। तथा आनन फानन में भागते हुए घर पहुंचे जहां बच्चों का हालत बिगड़ने लगा। जिसे अभिभावक आनन फानन में शाम को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाए जहां उनका इलाज चल रहा। सभी बच्चे प्राथमिक विद्यालय व आंगन बाड़ी के छात्र बताएं गए है। और सभी धनही गांव के ही है बीमार छात्रों में हर्ष पटेल उम्र 8 वर्ष पुत्र धर्मेन्द्र पटेल, श्याम पटेल उम्र 9 पुत्र धर्मेन्द्र पटेल,अंश 3 वर्ष पुत्र संदीप सिंह, अंशिका उम्र 2 वर्ष पुत्री संदीप सिंह, आकाश उम्र 6 वर्ष पुत्र भानु प्रताप, विकास उम्र 7 वर्ष भानू प्रताप, आदर्श उम्र 5 वर्ष पुत्र धीरज, प्रिया उम्र 4 वर्ष पुत्री धीरज , काजल उम्र 6 वर्ष प्रवीण यादव, अंशिका उम्र6 वर्ष पुत्री समरनाथ, प्रिंस उम्र 6 वर्ष पुत्र वासुदेव बताएं गए। डॉक्टर नन्हे लाल ने बताया कि सभी बच्चों के हालत में सुधार हो गया है कुछ बच्चो का हालत सुधरने में कुछ समय लगेगा।

इस संबन्ध में खंड शिक्षा अधिकारी विमलेश त्रिपाठी ने बताया कि हम खुद अस्पताल पहुंचे थे तथा परिजनो से बात की। ईश्वर की कृपा है की सभी सकुशल है। धनही प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य रामवीर से बात भी हुई उनका कहना है कि यह घटना विद्यालय बन्द होने पर जब छात्र घर जा रहे थे उसी समय की है।

# खत्म होगी मंडलीय अस्पताल से रेफर करने की परम्परा

जनसंदेश न्यूज

**नियम**

## दिल्ली के एम्स में ट्रेनिंग लेंगे जिले के डॉक्टर

### अब नहीं जायेगी लोगों की जान

**मीरजापुर।** जिले में अब मरीजों को रेफर कर देने की परंपरा खत्म होगी, जहां इमरजेंसी में मरीजों का कैसे इलाज कराया जाए इसके लिए डॉक्टरों को एम्स में ट्रेनिंग दी जाएगी। मिजार्पुर जिले में दो डॉक्टर व एक स्टॉप नर्स को दिल्ली के एम्स में ट्रेनिंग दी जाएगी। जनपद में अभी तक मरीजों को इलाज के नाम पर ट्रामा सेंटर रेफर या फिर हायर सेंटर रेफर करने की परंपरा है, जहां इमरजेंसी में बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने पहल किया है।

जिले के मंडलीय अस्पताल में प्रतिदिन ओपीडी में एक हजार मरीज और इमरजेंसी में भी पांच सौ से अधिक मरीज आते है। इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर के लिये रेफर कर दिया जाता था। रेफर कर देने की वजह से हायर सेंटर पहुंचने से पहले ही गंभीर मरीज की मौत हो जाती थी। इमरजेंसी में मरीजों को ट्रीट करने और मैनेज करने के लिए मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ आरबी कमल ने पहल किया है। इमरजेंसी में मरीजों को ट्रीट करने के लिए दो डॉक्टर और एक स्टॉप नर्स को चयनित किया गया है, जहां दिल्ली के एम्स में जाकर इमरजेंसी में मरीजों का उपचार कैसे किया जाए और किस कंडीशन में रेफर किया जाए, इसको लेकर गुण सिखाया जाएगा। यह ट्रेनिंग 4 दिसम्बर से 9 दिसम्बर तक चलेगी। जनपद के चिकित्सा अनुभाग से डॉक्टर दिलीप चौरसिया, डॉक्टर सुनील कुमार सिंह व स्टॉप नर्स शशि प्रभा ट्रेनिंग के लिए एम्स जाएगी।

# नाबालिग बच्ची के साथ नाबालिगलड़के ने किया दुराचार, गिरफ्तार

**अहरौरा।** नगर पालिका क्षेत्र के एक मोहल्ले में एक नाबालिग लड़के द्वारा नाबालिक बच्ची के साथ दुराचार किए जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए दुराचारी नाबालिक लड़के को उसके घर से गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष कुमुद शेखर सिंह ने बताया कि शुक्रवार को नगर पालिका क्षेत्र के पट्टी कला मोहल्ले में कक्षा 7 में पढ़ने वाला एक लड़का जिसकी उम्र लगभग 15 वर्ष बताई जा रही है ने अपने पड़ोस की कक्षा दो में पढ़ने वाली लगभग 8 वर्ष की एक बालिका को घर में टीवी देखने के बहाने बुलाया और बहला-फुसलाकर उसके साथ दुराचार किया। बच्ची जब रोते बिलखते अपने घर पहुंची तो अपनी मां को अपनी आपबीती बताई इसके बाद बालिका के पिता ने थाने जाकर उक्त लड़के के विरुद्ध प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने दुष्कर्म एवं पास्को एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत करते हुए लड़के को रविवार को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# अधूरे पुल के निर्माण को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन

## पुल के अभाव में लगाना पड़ता है कई किलोमीटर का चक्कर

जनसंदेश न्यूज




प्रदर्शन करते किसान।

**जमालपुर।** इंतहा हो गई इंतजार की जब खेती की समय आई तो लोगों को खल गई अधूरे पुल की कमी तो लोगों ने निर्माण स्थल पर जाकर प्रर्दशन किया। ओड़ी-देवरिला मार्ग स्थित मुर्दहवा नाले पर बन रहे लगभग डेढ़ वर्षों से धीमी प्रगति को लेकर अन्न दाता मंच के नेतृत्व में रविवार को स्थानीय लोगों द्वारा कार्य स्थल पर धरना प्रदर्शन किया।

स्थानीय चौधरी रमेश सिंह, अभिषेक, अमित, मनोज सिंह, लाल जी, राकेश सिंह सहित लोगों ने बताया कि है हम किसानों का खेती नाले के दोनों तरफ है और इस समय धान के फसल की कटाई-मड़ाई का काम चल रहा है, लेकिन पुल का निर्माण समय से पूरा नही होने के कारण खेती-किसानी का काम काफी प्रभावित हो रहा है। पुल का निर्माण नहीं होने के कारण सिर्फ एक किलोमीटर की दूरी तय करने के लिए लोगों को लगभग चार पांच किलोमीटर का अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है।

जब कि शासन-प्रशासन से लेकर संबंधित विभाग को इस सम्बन्ध में कई बार प्रार्थना पत्र दिया गया लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। अन्न दाता मंच के संयोजक चौधरी रमेश सिंह ने कहा कि यदि पुल का निर्माण समय से पूरा नही करना है तो कम से कम बगल में बने अस्थाई मार्ग को ही सही ढंग से बना दिया जाना चाहिए नहीं तो संगठन के लोग सड़क पर उतरने को बाध्य होंगे।

# जिले के खिलाड़ियों ने हरदोई में जीती राष्ट्रीय चैम्पियनशिप ट्राफी

## नौ गोल्ड मेडल जीतकर हरदोई में लहराया जिले का परचम

जनसंदेश न्यूज



जनपद आगमन पर सगत करते जिले के लोग।

**मीरजापुर।** हरदोई स्पोर्ट्स स्टेडियम में 16 से 18 नवम्बर तक नेशनल यूथ गेम्स का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों ने अपने खेल का प्रदर्शन किया। जिसमें उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, हरियाणा, भोपाल, उड़ीसा और अन्य राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

इस प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन और अन्य खेलों का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने दौड़ और कबड्डी और क्रिकेट में अपना अच्छा प्रदर्शन किया और क्रिकेट में पहला स्थान प्राप्त कर गोल्ड पर कब्जा किया। उत्तर प्रदेश के टीम में राजपूत क्रिकेट अकैडमी के खिलाड़ियों से अच्छा प्रदर्शन किया और विजय प्राप्त किया। राजपूत एकेडमी के कोच ने जानकारी दिया कि क्रिकेट की टीम का अच्छा प्रदर्शन रहा और सभी खिलाड़ियों का चयन फरवरी माह में नेपाल अंतराष्ट्रीय स्तर पर चयन किया गया है। मीरजापुर से राजपुत क्रिकेट अकादमी से शिवम तनमय, कृष्णा राजमिश्रा, ओम, प्रतीक, प्रियांशु, परवेज आकाश का बेहतर प्रदर्शन रहा।

एकेडमी के कोच वीरेंद्र सिंह ने जानकारी दिया की सभी खिलाड़ियों का अच्छा प्रदर्शन रहा और आज 20 को खिलाड़ियों की वापसी पर सभी का स्वागत किया गया और एकेडमी के अन्य खिलाड़ियों ने विजयी टीम और अपने कोच को माल्यार्पण कर स्वागत किए। एकेडमी कोच वीरेंद्र सिंह ने खुशी जताते हुए जानकारी दी। उम्मीद जगाया कि आगे की सभी खिलाड़ी इसी तरह मेहनत और लगन से अपने जिले और अपने राज्य देश का नाम रोशन करे।

## शिवलोक महोत्सव में बच्चों ने पेस किये रंगारंग कार्यक्रम

**पड़री।** क्षेत्र के कपसौर पड़री स्थित शिवलोक श्रीनेत पी जी कॉलेज में रविवार को शिवलोक महोत्सव लीजेंड 2022 कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अशोक कुमार सेठ वित्त एवं लेखाधिकारी माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा माँ सरस्वती व माँ विंध्यवासिनी के चलचित्र पर मालार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसके बाद कॉलेज के संरक्षक संतोष कुमार सिंह व प्रबंधिका डॉ मधुलिका सिंह द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया साथ ही मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की बच्चों में शिक्षा के साथ अन्य सांस्कृतिक कलाओं में सामील होने से बच्चों का शारीरिक मानसिक बौद्धिक विकास होता है। कॉलेज के बीएड के छात्राओं ने स्वागत गीत गाकर महोत्सव में उपस्थित लोगों का सम्मान किया। इसके बाद कॉलेज के संरक्षक डॉ संतोष कुमार सिंह ने गीत के माध्यम से मुख्य अतिथि समेत सभी के प्रति आभार ब्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन श्यामधर चतुवेर्दी एवं हिमांशी संतोष सिंह ने किया। कॉलेज की प्रबंधिका डॉ मधुलिका सिंह ने सबका आभार ब्यक्त किया।

# विंध्याचल में ऑटो बनी आग का गोला

जनसंदेश न्यूज

**हादसा**

## 6 किलोमीटर का सफर तय कर पहुंचे फायर ब्रिगेड के जवान

### आग पर पाया काबू, टला हादसा

**मीरजापुर।** जिले के विंध्याचल धाम के दुधनाथ तिराहा पर बीती रात सड़क पर दौड़ रही आटो आग का गोला बन गई। सर्द रात में सड़क पर आग लगते ही चालक रिंकू निषाद ने कूद कर अपनी जान बचाई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के जवानों ने आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड के जवानो की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया। हादसे की जानकारी मिलते ही विंध्याचल पुलिस भी पहुँच गई थी। सीएनसी गैस से संचालित आटो विंध्याचल थाना क्षेत्र के कंतित निवासी धर्मेश पांडेय का बताया गया हैं। जिसे रिंकू चला रहा था। शार्ट सर्किट के कारण आटो आग का गोला बनी। आग लगने की सूचना पर करीब 6 किलो मीटर का सफर तय करके पहुँचे फायर ब्रिगेड के हेड कांस्टेबल तेजप्रताप पाठक, चालक विजेंद्र मिश्र, सुरेंद्र कुमार गौतम ने मय यूनिट मेहनत कर सिलेंडर फटने के पूर्व ही आग पर काबू पाया। सिलेंडर फटने पर बड़ा हादसा हो सकता था। बीती रात जल निगम के द्वारा खोदे गए सड़क पर हिचकोले खाते हुए आटो अपनी मंजिल की ओर दौड़ रही थी। दूधनाथ तिराहे पर चालक बिना सवारी के पहुंचा था। अचानक भड़के आग को देख चालक वाहन को रोककर अपनी जान बचाने के लिए किनारे की ओर दौड़ पड़ा। जब तक वह कुछ समझता आटो आग का ज्वाला बन चुकी थी। राह से गुजर रहे लोग भी रात के अंधेरे में सड़क पर जल रहे आग को देख सहम गए। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे फायर ब्रिग्रेड के जवानों ने आग पर काबू पाया। आग बुझने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। विंध्य क्षेत्र में वर्ष में दो बार नवरात्रि मेला के दौरान ही फायर ब्रिगेड का अस्थाई कैंप विंध्याचल में लगाया जाता है। मेला खत्म होते ही फायर ब्रिगेड का संचालन पथरिया स्थित जिला कार्यालय से किया जाता है।

# डॉक्टर रिंकू कुशवाहा ने पेट से निकाला पांच किलो का गांठ

**मिर्जापुर।** जिले के रतनगंज में स्थित एक निजी चिकित्सालय में स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रिंकू कुशवाहा के द्वारा ओवेरियन सिस्ट का सफल ऑपरेशन किया है, जहां पेट के अंदर पर लगभग 5 किलो के गांठ को बाहर निकाला गया है। सबसे बड़ी बात यह है कि महिला 4 महीने की गर्भवती थी, जिसको सुरक्षित रखते हुए ऑपरेशन किया गया है। डॉक्टर रिंकू कुशवाहा के द्वारा बिना किसी टीम के साथ रहे यह उपलब्धि हासिल की गई है। जनपद के बिरोही निवासी अनिता पत्नी बाबूलाल जिसके पेट में अचानक से दर्द शुरू हो गया। दर्द शुरू हो जाने के बाद महिला के पति ने डॉक्टर रिंकू कुशवाहा को दिखाया, जिसके बाद डॉक्टर ने अल्ट्रासाउंड कराने की सलाह दी। अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट में आया कि महिला ओवरियन सिस्ट नाम की बीमारी से ग्रसित है, जहां पेट मे गांठ हो गया है। इसके साथ ही चार माह की गर्भवती भी है। ओवरियन सिस्ट बीमारी वजह से पेट में दर्द है और भारी गांठ हो गया है। डॉक्टर रिंकू कुशवाहा के द्वारा बिना किसी टीम के ओवेरियन सिस्ट से बने गांठ का सफल ऑपरेशन किया गया, जहां लगभग 5 किलो के गांठ को बाहर निकाला गया। चार माह की गर्भवती महिला अब सुरक्षित भी है। डॉक्टर रिंकू कुशवाहा ने बताया कि ओवेरियन सिस्ट बीमारी का प्राथमिक लक्षण पेट का फूलना, मल का त्याग, पेल्विक दर्द, जांघ में दर्द के साथ मितली और उल्टी होना है। महिलाओं को होने वाली इस बीमारी में पहले तो जब पेट फूलता है तो लोगों को गर्भवती होने को लेकर आशंका होती है, लेकिन यह बीमारी गर्भ धारण करने के जैसा ही होता है। समय रहते पर अगर उपचार नहीं कराया जाएगा, तो यह बीमारी जानलेवा भी बन जाती है।



आपरेशन के बाद गांठ दिखातीं डा रिंकू कुशवाहा।

## किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं होगा पत्रकारों का उत्पीड़न : सौरव

**मीरजापुर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की कार्यसमिति की विशेष बैठक रविवार को गोयनका धर्मशाला विंध्याचल में आहूत की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश अध्यक्ष सौरव कुमार ने कहा कि पत्रकारों का उत्पीड़न किसी भी दशा में नहीं होने दिया जाएगा। इसके लिए जरूरत पड़ने पर प्रदेश वापी आंदोलन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार से कुछ बिंदुओं पर पत्रकारों के लिए सरकार से वातालर्प चल रहा है। समय आने पर हम आपके बीच रखेंगे। उन्होंने मिजार्पुर जनपद के चुनार तहसील के पूर्व तहसील अध्यक्ष की दुर्घटना में निधन होने पर दस हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। कार्यक्रम के संयोजक महेंद्र नाथ सिंह ने कहा कि हम पत्रकार ग्रामीण क्षेत्र के दूरदराज इलाकों से सरकार तक खबर पहुंचाते हैं। दिन-रात अपने कार्य में लगे रहते हैं। इस दौरान चुनार के पूर्व तहसील अध्यक्ष कामेश्वर पाल की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान श्रवण कुमार दुबे,शालिग्राम पांडे ,कैप्टन वीरेंद्र सिंह, अजय भाटिया, छोटे लाल चौधरी, हौसला प्रसाद त्रिपाठी, एसके उपाध्याय, बीएस राव,मंडल अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, जिलाध्यक्ष देवेंद्र नाथ मिश्र, सदर तहसील अध्यक्ष विभूति भूषण सिंह उर्फ बबलू सिंह, ज्ञान दास गुप्ता, रघुवर मौर्य कुमार, आनंद सहित तमाम लोग उपस्थित रहकर रह कर अपने अपने विचार व्यक्त किए।

# पीएम आवास में वसूली करने का महिला ने लगाया आरोप

जनसंदेश न्यूज

**खुलासा**

## 10000 रुपये लेकर अपात्र महिला को दिया गया आवास

### बीडीओ से शिकायत कर महिला ने ग्राम प्रधान पर लगाया आरोप




**राजगढ़।** विकासखंड क्षेत्र के राजगढ़ गांव की प्रधानमंत्री आवास लाभार्थी एक महिला ने ग्राम प्रधान पर आवास देने के एवज में 10000 लेने का आरोप लगाया है। महिला के आरोप पर खंड विकास अधिकारी ने गांव में पहुंचकर जांच-पड़ताल किया। सरकार द्वारा गरीबों को छत मुहैया कराने के लिए प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना चलाई गई है जिसके तहत पात्र गरीबों को आवास दिया जाता है।

वही पात्र लाभार्थियों के चयन हेतु गांव में सेक्टर प्रभारी ग्राम विकास अधिकारी नियुक्त किए गए हैं परंतु सेक्टर प्रभारी आवास का जांच करने गांव में दिखाई नहीं देते। राजगढ़ गांव निवासिनी श्यामा देवी को प्रधानमंत्री आवास दिया गया है महिला ने वायरल वीडियो के जरिए आरोप लगाया कि आवास की एवज में ग्राम प्रधान द्वारा 10000 लिया गया है जिससे वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर रविवार को खंड विकास अधिकारी रमाकांत आवास का जांच करने पहुंचे। जांच उपरांत महिला ने बताया कि गलत ढंग से वीडियो बनाकर वायरल किया जा रहा है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी रमाकांत ने बताया कि वीडियो वायरल किया गया है जिसमें 10000 घूस देने का आरोप लगाया गया है तथा दूसरे वीडियो में पैसे ना देने की बात स्वीकार की गई है। लेकिन ब्लाक मुख्यालय से महज चंद कदमों पर स्थित राजगढ़ ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री की अति महात्वाकांक्षी योजना भ्रष्टाचार से अछूता नहीं रहा। वहीं ब्लाक में बैठे जिम्मेदार अधिकारियों की निगरानी भी कमोबेश बेपरवाही का प्रतीक दिखाई दे रहा है। जबकि राजगढ़ गांव में कई आवास अभी भी अधूरे पड़े हैं जिसकी जिम्मेदारी कोई नहीं ले रहा है। ऐसे में जांच-पड़ताल के नाम पर खानापूर्ति कर शासन को गलत रिपोर्ट भेज दी जाती है ग्रामीणों ने मुख्य विकास अधिकारी से गांव में बनाए जा रहे आवासों की जांच कराने की मांग किया है। इस संबंध में सेक्टर प्रभारी राजकपूर सिंह ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में आया है लेकिन इसके बारे में ग्रामीणों की ओर से कोई शिकायत नहीं की गई है। वहीं जिस महिला को आवास दिया गया है वो मेरे कार्यकाल का नहीं है।

# संक्षेप

## 10 दिन के अंदर लम्बित प्रार्थना पत्रों का करें निस्तरण : डीआईजी



**मीरजापुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र आर0पी0 सिंह द्वारा जनपद भदोही के सर्किल भदोही के अन्तर्गत थाना भदोही, सुरियावां, दुर्गागंज थानो के लंबित विवेचनाओं के संबंध में समीक्षा की गई तो पाया गया कि अभियान के अन्तर्गत वांछित अपराधी, पुरस्कार घोषित, एनबीडब्लू, अपराधी सत्यापन, जिलाबदर, विवेचना के निस्तारण में कार्यवाही संतोषजनक नहीं की गई है, अभियान के 18 दिवस व्यतित हो जाने के उपरान्त भी क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षकों से नाराजगी व्यक्त कर कठोर चेतावनी देते हुए निर्देशित किया गया कि अभियान के शेष बचे दिनों में निर्धारित शीर्षकों में अधिक से अधिक कार्यवाही करें। यदि पुनः समीक्षा से सार्थक परिणाम नहीं पाया जाता है तो क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षकों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। सत्यापन के दौरान जो अपराधी फरार चल रहे हैं उनके सम्बन्ध में कड़ी निगरानी रखा जाय तथा वे वर्तमान में कहां रह रहे है मो0 न0, आधार न0 व व्यवसाय की जानकारी की जाय, जो अपराधी अपने घर पर मौजूद है उनको डिटेल थाने पर रखा जाय। महिला सम्बन्धी अपराध, एससीएसटी की विवेचनायें निर्धारित समय पर पूर्ण की जाय अन्यथा इसकी पूर्ण जिम्मेदारी क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक की होगी एवं समय पर पूर्ण नही की जाती है तो उनके विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। क्षेत्राधिकारी के पास प्रार्थना पत्र, प्रारम्भिक जाचॅ काफी मात्रा में लम्बित है उनका निस्तारण 10 दिवस में कराना सुनिश्चित करें। गोवध अधि0, पशु क्रुरता अधि0, आबकरी अधि0, चिन्हित माफियॉ, महिला सम्बन्धी, संपत्ति सम्बन्धी अपराध में विवेचना समय से पूर्ण करके निरोधत्मक कार्यवाही की जाय एंव उनकी संपत्ति की जानकारी करके 14(1) की कार्यवाही की जाय।

## एसडीएम ने किया बूथों का निरीक्षण



**मीरजापुर।** जिले में विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान चल रहा है जिसका रविवार को उपजिलाधिकारी मड़िहान अश्वनी सिंह ने दर्जनभर बूथों का निरीक्षण कर चल रहे कार्यक्रम का जायजा लिया। साथ ही जो भी बीएलओ प्राथमिक स्कूलों पर तैनात थे उनको सचेत रहकर कार्य करने का निर्देश दिया। यह जानकारी देते हुए उपजिलाधिकारी मड़िहान अश्विनी सिंह ने बताया कि विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके क्रम में रविवार को एक दर्जन बूथों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 1 जनवरी 2023 को 18 वर्ष की उम्र पूरा करने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। जिसका निरीक्षण किया गया। साथ ही सभी प्राथमिक विद्यालयों पर बीएलओ की ड्यूटी लगाई गई है उनको निर्देश दिया गया कि किसी भी मतदाता का नाम नहीं छूटना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो भी मृतक मतदाता हैं उनका नाम सूची से हटाते हुए नए मतदाताओं का नाम जोड़ा जाए। जिससे आने वाले चुनाव में कोई भी मतदाता मतदान करने से वंचित न रहने पाए साथ ही उन्होंने कहा कि यह बड़ा ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम चल रहा है इस में लापरवाही करने वाले कर्मचारियों अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सोनकर फाउंडेशन के तत्वाधान में सम्मान समारोह



**मीरजापुर।** सोनकर फाउंडेशन के तत्वाधान में सालवर कोचिंग में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसके उपलक्ष में रविवार को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जहां दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं सहित उनके माता-पिता भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुये। मुख्य अतिथि जटाधारी सोनकर व हंसराज सोनकर रहे। इस सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को इनाम स्वरूप साइकिल दिया गया। इस मौके पर सालवर कोचिंग के प्रबंधक धर्मेंद्र सोनकर, महेंद्र सोनकर, दीपक सोनकर, अनिल सोनकर, अनुराग सोनकर, नीरज सोनकर, गणेश सोनकर, लक्ष्मी सोनकर, महेश सोनकर समेत समाज के लोग मौजूद रहे।

## चोरी के सबमर्सिबल के साथ चोर गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना चील्ह 16 नवम्बर को वादी सुभाषचन्द्र मिश्रा पुत्र स्व0 श्रीराम निरंजन निवासी सारीपट्टी थाना चील्ह मीरजापुर द्वारा घर के पीछे लगे सबमर्सिबल के चोरी हो जाने के सम्बन्ध अज्ञात के विरूद्ध तहरीर दी गयी। जहां एसपी के निर्देश के क्रम में रविवार को उ0नि0 हरिकेश सिंह मय पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना चील्ह क्षेत्र से एक आरोपी रणजीत बिन्द पुत्र रामजीत बिन्द निवासी प्रजापतपुर थाना चील्ह मीरजापुर को गिरफ्तार कर चोरी हुआ सबमर्सिबल बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपी के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

## जहरीले जंतु के काटने से युवक की मौत

**अदलहाट।** अदलहाट थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी चन्द्रबली यादव पुत्र स्वर्गीय मुरारी यादव उम्र 33 वर्ष अपने खेत में शनिवार की शाम को धान की कटाई कर रहे थे उसी समय किसी बिषैले जन्तु ने उन्हें काट लिया। तबियत बिगड़ने पर उन्हें वाराणसी इलाज के लिए ले जाया जा रहा था कि रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। परिजन शव को अदलहाट थाने पर ले आए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए चुनार भेज दिया।

## गोवध का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** एसपी द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को उ0नि0प्रभुनाथ शर्मा थाना अहरौरा मय पुलिस बल द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना अहरौरा क्षेत्र से गोवध अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम के अभियोग से सम्बन्धित वांछित आरोपी सुकालू उर्फ सुरेश पुत्र रामचन्दर निवासी चौखड़ा थाना राजगढ़ मीरजापुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## विशाल भंडारे का आयोजन 22 नवंबर को

**लालगंज।** क्षेत्र के जैकर कला परमहंस आश्रम में 22 नवंबर दिन मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। जिसमें हजारों भक्तों प्रसाद ग्रहण करने की व्यवस्था की गई है। आश्रम में भंडारे के साथ यथार्थ गीता भगवत कथा भावानंद महाराज द्वारा सुनाई जाएगी। यह कार्यक्रम पिछले 10 वर्षों से परंपरागत रूप से भक्तों द्वारा आयोजित की जाती है। इस भंडारे और कथा श्रवण करने के लिए लालगंज विकासखंड व हलिया के साथ छानवे क्षेत्र के भक्त मौजूद रहेंगे। वही दूरदराज अन्य प्रदेशों के भक्त कथा श्रवण करने के लिए पिछले 3 दिनों से डेरा जमाए हुए हैं। इस आशय की जानकारी अधिवक्ता व आश्रम के भक्त गणेश यादव ने दिया।

## पत्रकार के घर पहुंचकर दी श्रद्धांजलि

**अदलहाट।** थाना क्षेत्र के गौरही गांव निवासी पत्रकार कामेश्वर पाल के दुर्घटना में आकस्मिक मौत पर आइडियल यूनिक जर्नलिस्ट एसोशिएशन के जिलाध्यक्ष गौरीशंकर सिंह के गरौड़ी स्थित आवास पर रविवार को हुए बैठक में पत्रकार कामेश्वर पाल को श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही उनकी आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। बैठक में पत्रकार के परिवार की हरसम्भव मदद के लिए भी विचार विमर्श किया गया। इस दौरान आईडियल यूनिक जर्नलिस्ट एसोशिएशन के प्रदेश सचिव राजकुमार पटेल, मण्डल महासचिव डा. राजू सिंह, मण्डल उपाध्यक्ष रामकुमार सिंह, मण्डल सचिव ओम प्रकाश द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह, जिला संगठन मंत्री संसार पाठक, आनन्द कुमार आजाद, राजेश यादव प्रभात कुमार मिश्रा आदि रहे।

## पूरी दुनिया में 20 को मनाया जाता है अंतर्राष्ट्रीय बाल दिवस

**अहरौरा।** बाल अधिकार समूह एवं मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय बाल दिवस 20 नवंबर के अवसर पर नक्सल प्रभावित क्षेत्र के हिनौता ग्राम पंचायत के छातो गाँव में स्थित पंचायत भवन पर बनवासी समुदाय के बच्चों के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 60 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर बच्चों को बताया गया कि 20 नवंबर को पूरे दुनिया में अंतर्राष्ट्रीय बाल दिवस मनाया जाता है। आज बच्चों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार घोषणा पत्र पर देश ने हस्ताक्षर किया है। बच्चों को शिक्षा, स्वस्थ, सुरक्षा, खेल इत्यादि सुविधाए पर्याप्त स्तर पर मिलनी चाहिए जिससे सभी बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। सभी बच्चों को तरक्की करने और आगे बढ़ने के लिए हमे सभी स्तर पर प्रयास करना चाहिए। इस प्रयास में बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करना बहुत ही जरूरी है। बाल अधिकार समूह की सदस्य आकांक्षा कुमारी ने कहा कि हम सभी बच्चों को समान रूप से पढ़ने, खेलने, पोषण युक्त भोजन, स्वच्छ पानी, स्वस्थ रहने के लिए ग्राम स्तर पर सुविधाए जरूरी है।

# स्पोर्ट्स



माउंट मैनगुनी में भारत और मेजबान टीम के मैच में पारंपरिक लोक कलाकार भी प्रशंसकों में शामिल थे।

# सूर्या के शतक से जीता भारत, न्यूजीलैंड को 65 रन से हराकर सीरीज में ली 1-0 की बढ़त

## सूर्यकुमार के शतक से निर्धारित ओवरों में छह विकेट पर 191 रन बनाये, विरोधी टीम के टिम साउदी ने अंतिम ओवर में हैट्रिक लगा दी

**माऊंगानुइक।** सूर्यकुमार यादव की शानदार शतकीय पारी के बाद गेंदबाजी के भी अच्छे प्रदर्शन से भारतीय टीम ने यहां हुए दूसरे टी20 क्रिकेट मुकाबले में न्यूजीलैंड को 65 रनों से हरा दिया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने सूर्यकुमार के शतक से निर्धारित ओवरों में छह विकेट पर 191 रन बनाये। सूर्यकुमार ने 51 गेंदों पर 11 चौकों और 7 छक्कों की सहायता से 111 रन बनाये। इसके बाद जीत के लिए मिले 192 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए मेजबान न्यूजीलैंड टीम 18.5 ओवर में ही 126 रनों पर सिमट गयी। कीवी टीम की ओर से कप्तान केन विलियमसन के अलावा कोई भी अन्य बल्लेबाज रन नहीं बना पाया। विलियमसन ने सबसे ज्यादा 61 रन बनाये। वहीं भारत की ओर से दीपक हुड्डा ने 4 जबकि मोहम्मद सिराज और यजुवेन्द्र चहल ने 2-2 विकेट लिए। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे हो गयी है।



इससे पहले सुबह कीवी कप्तान ने टॉस जीतकर भारतीय टीम को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। उनका ये फैसला सही नहीं रहा। भारतीय टीम के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार ने जमकर बल्लेबाजी करते हुए 49 गेंदों में ही शतक लगा दिया। सूर्यकुमार के अलावा ईशान किशन ने 36 जबकि श्रेयस अय्यर ने 13 रन बनाये पर ये बड़ी पारी नहीं खेल पाये। वहीं भारत ने विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को पारी की शुरूआत के लिए भेजा पर वह विफल रहे और छह रन बनाकर ही पेवेलियन लौट गये। भारतीय टीम ने पॉवरप्ले में एक विकेट पर 42 रन बनाए।

विराट कोहली की जगह तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे सूर्यकुमार ने अपनी बल्लेबाजी से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। उन्होंने अपनी पारी के अंतिम 64 रन केवल 18 गेंद पर बना दिये। लॉकी फर्ग्यूसन के 19वें ओवर में सूर्यकुमार ने चार चौके और लंबा छक्का लगाय। उनकी बल्लेबाजी के सामने मेजबान गेंदबाज बेबस नजर आये भारतीय टीम ने अंतिम पांच ओवर में 72 रन बटोरे। इसके बाद हालांकि टिम साउदी ने अंतिम ओवर में हैट्रिक लगा दी।

### प्रशंसकों ने सूर्यकुमार को दूसरे ग्रह का खिलाड़ी बताया

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के खिलाफ भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव के शतककी प्रशंसकों ने जमकर तारीफ करते हुए उन्हें दूसरे ग्रह तक का प्राणी बता दिया। सूर्यकुमार ने दूसरे टी20 में केवल 49 गेंदों में ही शतक लगा दिया था। यह उनके करियर का दूसरे टी20 शतक है। उन्होंने 51 गेंदों पर खेली गई नाबाद 111 रन की पारी में जमकर चौके ओर छक्के लगाये। इसी पारी को देकर प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर तो उन्हें ग्रह का खिलाड़ी करार दिया। वहीं आईपीएल फ्रेंचाइजी ने भी सूर्यकुमार की तारीफ में अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर उनकी शतक वाली फोटो शेयर करते हुए लिखा, निश्चितरूप से वह किसी दूसरे ग्रह से आए हैं। सूर्यकुमार ने अपनी इस शानदार पारी में 11 चौके और 7 छक्के लगाए। इस दौरान उन्होंने 200 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। एक अन्य यूजर ने सूर्यकुमार यादव के शतक वाले वीडियो पर लिखा, न्यूजीलैंड के खिलाफ न्यूजीलैंड में 49 गेंदों पर नाबाद 101 रन। क्या खिलाड़ी है हैं सूर्या।



### धोनी ने खरीदी नई कीया इवी 6 इलेक्ट्रिक क्रॉसओवर कार

**दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने एक नई कीया इवी 6 इलेक्ट्रिक क्रॉसओवर कार खरीदी है। इसी के साथ ही धोनी के वाहनों के बेड़े में एक नई कार भी जुड़ गयी है। एक नये वीडियो में धोनी की इस नई कार को टेम्परेरी नंबर प्लेट और मूनशाइन रंग में देखा जा सकता है। किआ सीबीयू यानी कंप्लीटली बिल्ट यूनिट के जरिए भारत में ईवी6 की 200 कारें लेकर आई है। अब तक इवी6 की सभी यूनिटें बिक गयी हैं। किया अब भारतीय बाजार के लिए और ज्यादा कारें लाने में लगी है। कीया ने भारतीय बाजार में इवी 6 को दो अलग-अलग मॉडल्स में लॉन्च किया है। पहला मॉडल फ्रंट-माउंटेड सिंगल मोटर और टू-व्हील-ड्राइव कॉनफि गरेशन में आता है। वहीं इसकी कीमत 59.95 लाख रुपये है। यह अधिकतम 229 पीएस की पावर और 350 एनएम का पीक टॉर्क देती है। वहीं दूसरा ऑल-व्हील-ड्राइव मॉडल है, जिसके हर एक्सल पर एक इलेक्ट्रिक मोटर लगी हुई है। इसका पावर आउटपुट को बढ़ाकर 325 पीएस और 605 एनएम का पीक टॉर्क दिया गया है। इस वेरिएंट की कीमत 64.95 लाख (एक्स-शोरूम) है।

# दीपक हुड्डा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ मिस कर दी हैट्ट्रिक, 4 विकेट लेकर तोड़ा बुमराह का रिकार्ड

## न्यूजीलैंड के खिलाफ बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट लिए

**नई दिल्ली** । न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मुकाबले में भारतीय आलराउंडर दीपक हुडा को टीम में शामिल किया गया, लेकिन पहली पारी में बल्लेबाजी के मोर्चे पर वो पूरी तरह से फेल हो गए। पहली पारी में वो गोल्डन डक का शिकार हुए और टिम साउथी की गेंद पर लाकी फर्ग्यूसन के हाथों लपके गए। हालांकि उन्होंने अपनी खराब बल्लेबाजी की कसर दूसरी पारी में गेंदबाजी में पूरी कर ली और कीवी टीम के चार बल्लेबाजों को आउट किया। यही नहीं वो हैट्रिक विकेट लेने से जरा सा से चूक गए।

टीम इंडिया ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 191 रन बनाए, लेकिन भारतीय गेंदबाजों की धाकड़ गेंदबाजी के सामने ये टीम पूरी तरह से धराशाई हो गई और 18.5 ओवर में 126 रन पर आलआउट हो गई। इसके साथ ही कीवी टीम को 65 रन से हार मिली।



भारत की इस जीत में दीपक हुडा की घातक गेंदबाजी का भी बड़ा योगदान रहा जिन्होंने 4 विकेट लिए। दीपक ने इस मैच में 2.5 ओवर में 10 रन देकर 4 विकेट लिए और अपने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट करियर का बेस्ट प्रदर्शन कर डाला। उन्होंने इस मैच में डेरिल मिचेल, एडम मिलने, ईश सोढ़ी और टिम साउथी को अपना शिकार बनाया।

इस मैच में वो हैट्रिक लेने से चूक गए, लेकिन टीम की जीत में उनकी बड़ी भागीदारी रही। दूसरी पारी के 19वें ओवर की दूसरी गेंद पर हुडा ने ईश सोढ़ी को एक रन पर पंत के हाथों स्टंप करवा दिया तो वहीं उन्होंने तीसरी गेंद पर ही टिम साउथी को गोल्डन डक पर पंत के हाथों कैच आउट करवा दिया। चौथी गेंद मिस हो गई और फिर से पांचवीं गेंद पर उन्होंने एडम मिलने को 6 रन के स्कोर पर अर्शदीप सिंह के हाथों कैच करवा दिया। *एजेंसी*

### टी20 विश्वकप की हार के लिए कोई बहाना नहीं बना सकते : अश्विन

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने कहा है कि टी0 विश्व कप के सेमीफाइनल तक पहुंचना भी कम बात नहीं है। इसलिए टीम की आलोचना नहीं होनी चाहिये। अश्विन ने कहा , मैं समझ सकता हूं हमारे देश के क्रिकेट प्रेमी काफी निराश हैं। हम इस हार के लिए कोई बहाना नहीं बना सकते हैं। सबको लगता है भारतीय टीम फाइनल तक पहुंचने में विफल रही और खिताब नहीं जीत पायी। मैं देश के क्रिकेट प्रेमियों की भावनाओं का सम्मान करता हूं।



उन्होंने साथ ही कहा, कोई भी बहाना क्रिकेट प्रेमियों को राहत नहीं दे सकता है। हारना हमारे लिए भी काफी निराशाजनक पल था पर हमें इस दुखद परिस्थिति से अब बाहर निकला ही होगा। उन्होंने टी20 विश्वक कप में मिली सफलता पर भी बात की। उन्होंने कहा, भारतीय टीम टूनार्मेंट में सेमीफाइनल तक पहुंचने में कामयाब रही। यह भी कम बात नहीं है। उन्होंने इस बात को भी माना कि प्रशंसकों के साथ-साथ भारतीय खिलाड़ी भी इस हार से काफी निराश हैं।

# शुभमन गिल ने खोली उर्वशी रौतेला और ऋषभ पंत के रिश्ते की पोल, बताया कौन है एक्ट्रेस का 'मिस्टर आरपी'

**नई दिल्ली।** बला की खूबसूरत उर्वशी रौतेला का नाम पिछले दिनों क्रिकेटर ऋषभ पंत के साथ खूब जोड़ा गया। एक्ट्रेस की हर पोस्ट और तस्वीर पर सोशल मीडिया यूजर ऋषभ पंत का नाम लेकर मजे लेते हैं। अब इनके रिश्ते को लेकर क्रिकेटक शुभमन गिल ने चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि ये रिलेशनशिप है भी कि नहीं!

चैट शो 'दिल दियां गल्लां' में सोनम बाजवा के साथ बातचीत के दौरान, पंत की टीम के साथी शुभमन गिल ने पंत-उर्वशी के रिश्ते की परतें खोलीं। गिल से पूछा गया कि आखिर पंत और उर्वशी के बीच क्या है- 'आजकल ऋषभ पंत को एक एक्ट्रेस का नाम लेकर खूब छेड़ा जा रहा है, क्या टीम में भी उन्हें इसी तरह छेड़ा जाता है?'

इसपर जवाब देते हुए शुभमन गिल ने कहा कि, 'वो खुद ही ऐसा कर रही हैं, ऋषभ को उनसे कोई लेना देना नहीं है और उसको इन चीजों से कोई मतलब भी नहीं है, तो उसका ध्यान भी ऐसी बातों पर नहीं रहता है।' शुभमन गिल से आगे पूछा गया, 'क्या इन सब से ऋषभ पंत डिस्ट्रैक्ट होते हैं?' इस पर शुभमन ने कहा, 'नहीं, उन्हें इन चीजों से बिल्कुल फर्क नहीं पड़ता है, क्योंकि उन्हें पता है कि कुछ है नहीं।'



इससे पहले इसी साल अगस्त में, बॉलीवुड हंगामा के साथ एक इंटरव्यू में, उर्वशी ने कहा था कि ₹मिस्टर आरपी₹ ने नई दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान एक्ट्रेस से मिलने के लिए लंबे समय तक इंतजार किया था, उन्होंने 16-17 मिस्ड कॉल की किए थे। इसके जवाब में ने भी उर्वशी को करारा जवाब दिया था। ऋषभ पंत ने एक इंटरव्यू में कहा, 'यह हास्यास्पद है कि कैसे लोग केवल कुछ लोकप्रियता के लिए और सुर्खियों में आने के लिए इंटरव्यू में झूठ बोलते हैं। दुख की बात है कि कैसे कुछ लोग प्रसिद्धि और नाम के लिए इतने प्यासे हैं। भगवान उन्हें आशीर्वाद दे'। अभिनेत्री ने एक इंस्टाग्राम स्टोरी के साथ पंत की पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी, जिसमें लिखा था, छोटू भैया को बैट बॉल खेलना चाहिए। मैं कोई मुन्नी नहीं हूं बदनाम होने विद यंग किडोज डार्लिंग तेरे लिए #रक्षाबंधन मुबारक हो।

### पुजारा ने पांच साल बाद अर्जुन अवॉर्ड लिया

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने पांच साल के बाद अर्जुन अवॉर्ड लिया है। इससे पहले वह खेल में व्यस्त होने के कारण साल 2017 से ही यह अवार्ड नहीं ले पाये थे। अब यहां आयोजित हैंड ओवर समारोह में उन्हें ट्रॉफी उठाने का अवसर मिला। अब खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से पुरस्कार प्राप्त करने के बाद उन्होंने ट्वीट किया, बीसीसीआई और अनुराग ठाकुर को अर्जुन पुरस्कार सौंपने के लिए यह सम्मान आयोजित करने के लिये मेरा धन्यवाद। इसे मैं अपनी क्रिकेट प्रतिबद्धताओं के कारण उस साल ले अब तक ग्रहण नहीं पाया था। अब में इसे लेकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं और आभारी भी हूं। पुजारा सौराष्ट्र की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं, पर विजय हजारे ट्रॉफी के कारण अभी वह दिल्ली में हैं। वह अगले महीने दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए बांग्लादेश का दौरा करने वाली भारत ए टीम में भी शामिल रहेंगे। पुजारा ने पिछले दिनों काउंटी क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम में वापसी की है।



### फीफा कतर वर्ल्डकप 2022 की ऐसी दिवानगी, मैच देखने को एक परिवार ने खर्च किए 23 लाख रुपये

**कोच्चि।** 2022 की दिवानगी हमारे देश में भी कम नहीं है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है केरल के एक परिवार ने इसके लिए 23 लाख रुपये खर्च किए हैं। ये सुनने में अजीब लगता होगा लेकिन ये एक सच्चाई है। दरअअसल, इस परिवार ने एक साथ इस वर्ल्ड कप का आनंद उठाने के लिए कोच्चि में एक घर खरीदा है। इस घर की कीमत करीब 23 लाख रुपये है। ये मामला केरल में कोच्चि के एक छोटे से गांव मुंडाकुमल का है। इस परिवार के लिए इतनी बड़ी रकम की प्रापर्टी खरीदना इसलिए ही संभव हो सका क्योंकि ये सभी फुटबाल प्रेमी हैं। ये सभी चाहते थे कि पूरा परिवार एकजुट होकर इस विश्व कप का आनंद उठाए। इस बड़े परिवार के 17 लोगों पर फुटबाल का भूत सवार रहता है। इनके ऊपर चढ़ी फुटबाल की खुमारी का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि इन्होंने अपने घर को ब्राजील, अर्जेंटीना और पुर्तगाल के रंग में रंग दिया है। इनमें से कोई अर्जेंटीना के फुटबाल खिलाड़ी लियोन मेस्सी का फैन है तो कोई पुर्तगाल के क्रिस्टानो रोनाल्डो का मुरीद है। इस घर में परिवार ने इनके अलावा कई दूसरे खिलाड़ियों के कट आउट भी लगाए हुए हैं। समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए इस परिवार के एक सदस्य शिफिर ने बताया कि वो इस वर्ल्ड कप के लिए कुछ अलग प्लान कर रहे थे। यही सोचकर परिवार के 17 सदस्यों ने मिलकर ये घर खरीदा। *एजेंसी*






कतर की राजधानी दोहा में विश्वकप फुटबॉल के लिए उमड़े प्रशंसक, इस दौरान जमकर आतिशबाजी भी हुई।

### लियोनल मेसी अब तक चोट से नहीं उबरे, विश्व कप से पहले कतर यूनिवर्सिटी में अकेले किया अभ्यास

**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना के कप्तान लियोनल मेसी अपनी टीम के साथ कतर पहुंच चुके हैं। फुटबॉल विश्व कप में टीम का पहला मैच 22 नवंबर को सउदी अरब के खिलाफ होगा। मुकाबले से पहले टीम की चिंता कप्तान मेसी की चोट है। वह पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) की ओर से खेलते हुए चोटिल हुए थे। वह अब तक चोट से उबर नहीं पाए हैं। मेसी ने टीम के अन्य साथियों के बगैर ही कतर यूनिवर्सिटी ग्राउंड में अभ्यास किया। कतर में रविवार (20 नवंबर) से शुरू होने वाला विश्व कप मेसी का पांचवां फीफा विश्व कप होगा। यह उनका आखिरी विश्व कप भी हो सकता है। ऐसे में मेसी अपनी टीम को विश्व विजेता बनाना चाहेंगे। उन्होंने पिछले साल कोपा अमेरिका ट्रॉफी जीती थी। इस साल उन्होंने यूरो कप की चैंपियन टीम इटली को हराकर फिनालिसिमा खिताब जीता था। यह मैच यूरो कप और कोपा अमेरिका चैंपियन के बीच खेला गया था।



फिनलैंड में एफआईएस अल्पाइन महिला स्की विश्वकप में भाग लेती हुई मिकेला शिफरिन।

# 'मोदी सरकार संप्रग के कानूनों को कर रही कमजोर', राहुल ने पीएम पर लगाया आरोप

## भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी बोले–सत्ता में वापसी पर हम इन कानूनों को मजबूत करेंगे
## भारत जोड़ो यात्रा 23 नवम्बर को मप्र में करेगी प्रवेश, भूपेश सहित 250 नेता जाएंगे

**मुंबई।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का आज यानी रविवार को महाराष्ट्र में आखिरी दिन है। यात्रा महाराष्ट्र चरण के अंतिम दिन बुलढाणा जिले से आगे बढ़ी। महाराष्ट्र से यह पदयात्रा रविवार रात को मध्य प्रदेश में प्रवेश करेगी। यात्रा के 74वें दिन साईराम एग्रो सेंटर में रात्रि विश्राम के बाद सुबह छह बजे बुलढाणा के भेंडवल से फिर से शुरू हुई। इसी क्रम में कांग्रेस नेता राबुल गांधी ने महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले के जलगांव-जामोद में आदिवासी महिला कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। यहां उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार पर आदिवासियों को सशक्त बनाने के लिए संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) द्वारा बनाए गए कानूनों को कमजोर करने का आरोप लगाया।



उन्होंने कहा कि जब उनकी पार्टी दोबारा सत्ता में वापसी करेगी तो इन कानूनों को मजबूत किया जाएगा। इस दौरान पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आदिवासी देश के पहले मालिक हैं और उन्हें अन्य नागरिकों की तरह समान अधिकार प्राप्त हैं। मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि मोदी सरकार पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम, वन अधिकार अधिनियम, भूमि अधिकार, पंचायत राज अधिनियम और स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण जैसे कानूनों को कमजोर कर रही है। राहुल गांधी ने तंज कसते हुए कहा कि पीएम मोदी आदिवासियों को 'वनवासी' कहते हैं, लेकिन 'आदिवासी' और 'वनवासी' शब्दों के अलग-अलग अर्थ हैं। वनवासी का मतलब है कि आप केवल जंगलों में रह सकते हैं, शहरों में नहीं, आप डॉक्टर और इंजीनियर नहीं बन सकते हैं और हवाई जहाज से यात्रा नहीं कर सकते हैं। इस दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री आदिवासियों की जमीन छीनकर अपने दोस्तों को देना चाहते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि जब हम सत्ता में आएंगे तो हम इन कानूनों को मजबूत करेंगे और आपके कल्याण के लिए नए कानून बनाएंगे। उन्होंने कहा कि उनकी दादी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी कहा करती थीं कि आदिवासी देश के पहले मालिक हैं।अगर आप आदिवासियों की संस्कृति और इतिहास को नहीं समझेंगे तो देश को नहीं समझ पाएंगे। बताया जा रहा है कि सोमवार को भारत यात्रियों के लिए विश्राम दिवस रहेगा। इस दिन राहुल गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार करेंगे। गुजरात में विधानसभा चुनाव के लिए एक और पांच दिसंबर को मतदान होना है। भारत जोड़ो यात्रा सात सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से शुरू हुई थी। इस बीच कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वड्रा अगले हफ्ते मध्य प्रदेश में भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होंगी। यह पहली बार है, जब कांग्रेस की उत्तर प्रदेश से जुड़े मामलों की प्रभारी महासचिव प्रियंका इस पदयात्रा में हिस्सा लेंगी। भारत जोड़ो यात्रा 20 नवंबर को मध्य प्रदेश में प्रवेश करेगी।

### दिल्ली एनसीआर में महंगाई का एक और झटका, मदर डेयरी ने बढ़ाए दूध के दाम

**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर में आम जनता को महंगाई का एक और झटका लगा है। मदर डेयरी ने एक बार फिर से दूध के दाम बढ़ा दिए हैं। यह कीमतें सोमवार से प्रभावी हो जाएंगी। इस साल दिल्ली एनसीआर में चौथी बार दूध की कीमत बढ़ाई गई है। मदर डेयरी ने फुल क्रीम दूध पर एक रुपये प्रति लीटर के हिसाब से बढ़ोतरी की है।

वहीं, टोकन वाले दूध पर दो रुपये प्रति लीटर कीमत बढ़ाई है। दिल्ली एनसीआर में मदर डेयरी कंपनी सबसे ज्यादा दूध की आपूर्ति करने वाली कंपनियों में से एक है। मदर डेयरी रोजाना 30 लाख लीटर से ज्यादा दूध की आपूर्ति करती है। सोमवार से फुल क्रीम दूध अब 63 रुपये/लीटर की जगह 64 रुपये/लीटर मिलेगा। वहीं टोकन दूध 48 की जगह 50 रुपये प्रति लीटर मिला करेगा। मदर डेयरी के प्रवक्ता ने बताया कि फुल क्रीम दूध के आधा लीटर पैकेट के दाम में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। जो लोगों को थोड़ी राहत की बात है।

### कंगना ने की तब्बू की प्रशंसा, कहा- 52 की उम्र में भी अकेले बॉलीवुड को बचाने का कर रही हैं काम



**नई दिल्ली।** कंगना रनोट ने हाल ही में कहा है कि इस वर्ष दृश्यम 2 और भूल भुलैया 2 यह दोनों ही फिल्में है जिन्होंने बॉलीवुड को बचाने का काम किया है और इन दोनों ही फिल्मों में सुपरस्टार तब्बू की अहम भूमिका है। कंगना रनोट ने तब्बू की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा है कि वह अकेले के दम पर हिंदी फिल्म इंडस्ट्री को बचा रही है। रविवार को कंगना रनोट ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने लिखा है कि तब्बू बॉलीवुड की उन दो फिल्मों में है, जो दोनों ही फिल्में इस वर्ष सफल रही है। कंगना रनोट ने यह भी कहा कि तब्बू स्टारडम के पीक पर अपने उम्र के 50 वर्ष पूरे करने के बाद पहुंची हैं। गौरतलब है कि तब्बू की उम्र 52 वर्ष है। कंगना रनोट ने यह भी कहा कि तब्बू इस समय बहुत अच्छा कर रही है। वह कहती हैं, 'इस वर्ष 2 फिल्मों ने बहुत अच्छा किया है। पहली है भूल भुलैया 2 और दूसरी है दृश्यम 2। दोनों ही फिल्मों में तब्बू की अहम भूमिका है, जो 50 की उम्र पार करने के बाद भी बहुत अच्छा काम कर रही हैं। उनकी टैलेंट और कंसिस्टेंसी का कोई जवाब नहीं। वह अपने बेस्ट और करियर की स्टारडम की पीक पर पहुंची है।'

## खास खबर

### मेघालय के सीएम बोले- एनपीपी अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी,एनडीए का साथ जारी रहेगा

मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी नेशनल पीपुल्स पार्टी अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में अकेले लड़ेगी। संगमा ने कहा कि हम राज्य के आगामी चुनाव में अकेले उतरेंगे। हम पहले के चुनावों में भी अकेले लड़े थे। हालांकि, उन्होंने साफ किया कि एनडीए को हमारा समर्थन जारी रहेगा। मेघालय की 60 विधानसभा सीटों में से अब तक हमने 58 सीटों पर अपनी पार्टी के उम्मीदवारों को अंतिम रूप दे दिया है। मेघालय में टीएमसी की ताकत के बारे में बात करते हुए कोनराड संगमा ने कहा कि टीएमसी आगामी राज्य विधानसभा चुनावों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाएगी। कॉनराड संगमा ने कहा कि कांग्रेस विधायकों के टीएमसी में शामिल होने के बाद टीएमसी मेघालय में मुख्य विपक्षी पार्टी बन गई। विपक्ष एकजुट नहीं था और टीएमसी भी अब गुटों में जा रही है। मुझे नहीं लगता कि टीएमसी आगामी चुनावों में अच्छा परिणाम दिखाएगी।

### भारत-आसियान समिट में भाग लेने कंबोडिया जाएंगे रक्षा मंत्री राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कंबोडिया के सिएम रीप में 22 और 23 नवंबर को होने वाली भारत–आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग लेंगे। वे इस बैठक की सह–अध्यक्षता भी करेंगे। इसकी मेजबानी कंबोडिया द्वारा की जा रही है, जो भारत–आसियान संबंधों के 30 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में 22 नवंबर से शुरू हो रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और आसियान के आमंत्रित गणमान्य व्यक्ति भारत–आसियान साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए योजनाओं पर चर्चा और घोषणा करेंगे। इसके अलावा राजनाथ सिंह 23 नवंबर को एडीएमएम–प्लस बैठक को संबोधित करेंगे। बता दें कि भारत 1992 से आसियान का भागीदार रहा है।

## बांग्लादेशी युवक ने जगन्नाथ मंदिर के गर्भगृह का वीडियो किया वायरल

### शूट कर सोशल मीडिया पर डाला, एफआईआर दर्ज



**नई दिल्ली।** श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) ने रविवार को एक बांग्लादेशी नागरिक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। आरोप है कि उसने मंदिर के 'गरबा गृह' (गर्भगृह) का वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। मामले का खुलासा वीडियो वायरल होने के बाद शनिवार को हुआ।

आरोपी की पहचान आकाश चौधरी के रूप में हुई है। उसने खुद के इस्कॉन भक्त और यू-ट्यूबर होने का दावा किया। एसजेटीएक के प्रशासक (सुरक्षा) वी. एस. चंद्रशेखर राव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, हमने सिंह द्वारा थाने में बांग्लादेशी नागरिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। 12वीं शताब्दी के मंदिर परिसर के अंदर मोबाइल फोन और कैमरे को लेना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। इसलिए सवाल उठ रहे हैं कि बांग्लादेशी नागरिक कैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को मंदिर के अंदर ले जा सकता है। वहां कई सुरक्षा कर्मी मौजूद थे लेकिन किसी की भी उस पर नजर नहीं गई।

मंदिर प्रशासन के सेवादार ने कहा, ऐसा लगता है कि वीडियो मंदिर के जया-बिजय द्वार से रिकॉर्ड किया गया था, क्योंकि इसमें गर्भगृह के रत्न सिंघासन पर देवताओं की मूर्तियों को कैद कर लिया था। चंद्रशेखर राव ने कहा, यह सुरक्षा में चूक नहीं है, लेकिन हम निश्चित रूप से सुरक्षा व्यवस्था में सुधार करेंगे। उन्होंने कहा, बांग्लादेशी युवक ने आईटी अधिनियम और श्री जगन्नाथ मंदिर अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन किया है। वीडियो को हटा दिया गया है।

### अमेरिका के कोलोराडो नाइट क्लब में गोलीबारी, 5 की मौत, 18 घायल

**कोलोराडो।** अमेरिका के कोलोराडो में एक समलैंगिक नाइट क्लब में शनिवार रात हुई गोलीबारी में पांच लोगों की मौत हो गई और 18 घायल हो गए। इस घटना के बारे में कोलोराडो स्प्रिंग्स लेफ्टिनेंट पामेला कास्त्रो ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि एक संदिग्ध हिरासत में है और क्लब क्यू में हुए हमले के बाद घायलों का इलाज किया जा रहा है। कास्त्रो ने कहा कि पुलिस को शूटिंग के बारे में आधी रात से पहले शुरूआती फोन कॉल मिला था। अधिकारियों ने क्लब के अंदर एक व्यक्ति का पता लगाया जिसे संदिग्ध माना जा रहा था। उसने हमले के मकसद के बारे में कोई जानकारी नहीं दी और यह कहने से इनकार कर दिया कि शूटिंग में किस तरह के हथियार का इस्तेमाल किया गया था। गूगल लिस्टिंग में क्लब क्यू खुद को ₹वयस्क-उन्मुख समलैंगिक और समलैंगिक नाइटक्लब होस्टिंग थीम नाइट्स जैसे कराओके, ड्रैग शो और डीजे के रूप में वर्णित करता है। क्लब ने अपने फेसबुक पेज पर एक बयान में कहा कि यह ₹हमारे समुदाय पर मूर्खतापूर्ण हमला था। हम ग्राहकों की त्वरित प्रतिक्रियाओं का धन्यवाद करते हैं जिन्होंने बंदूकधारी को वश में कर लिया।

## दिल्ली नगर निगम चुनाव : अगर भाजपा जीती तो दिल्ली में और बनेंगे कूड़े के पहाड़

### पहाड़गंज में बोले सीएम केजरीवाल- '15 साल से भाजपा ने अच्छा काम नहीं किया'

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है। बड़ी पार्टियों के नेता चुनावी मैदान में उतरकर लोगों से संवाद बढ़ा रहे हैं। इसी को लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को करोलबाग विधानसभा क्षेत्र के पहाड़गंज में नुक्कड़ सभा के जरिए लोगों से संवाद किया। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने स्कूल, अस्पताल, पानी, बिजली ठीक कर दी। अब दिल्ली की सफाई भी करेंगे। इस बार सब लोग मिलकर आप को एक मौका दे दो। दिल्ली में केजरीवाल की सरकार है, अब केजरीवाल का पार्षद भी बना दो। मैं साफ सफाई करवा दूंगा, गली बनवा दूंगा और पानी का इंतजाम कर दूंगा। उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली वालों ने विधानसभा चुनाव में जैसे हमें 70 में से 67 सीटें दी थी, वैसे ही एमसीडी में 250 में से 230 सीट चाहिए। अगर आपने गलती से भी भाजपा वाले को जिता दिया तो सारे



काम बंद हो जाएंगे। वो हम से लड़ेगा और डिस्टर्ब करेगा। मैं इनसे रोज लड़ता हूं। ये लोग रोज मेरे काम रोकते हैं। इसलिए काम रोकने वालों को वोट मत देना, काम करने वालों को वोट देना। मुख्यमंत्री केजरीवाल के सात उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, एमसीडी के प्रभारी एवं विधायक दुर्गेश पाठक और आप विधायक विशेष रवि समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जनतंत्र बातचीत से चलता है। हम जनता से बातचीत करने आए हैं। उनको अगर बातचीत करनी थी, तो शांति से खड़े होकर बातचीत करनी चाहिए थी। गुंडागर्दी से लोकतंत्र नहीं चलता है। इस तरह से दूसरे की सभा में आकर गुंडागर्दी, लफंगई और गाली गलौज करना अच्छी बात नहीं है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 15 साल से एमसीडी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का शासन है। भाजपा ने 15 साल में एमसीडी में एक भी अच्छा काम नहीं किया, जबकि 7 साल में आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली के अंदर सरकारी स्कूल ठीक कर दिए, सरकारी अस्पताल ठीक कर दिए, पानी मुक्त कर दिया, बिजली मुक्त कर दी, मोहल्ला क्लीनिक बना दिए, सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कूड़ा उठाने और दिल्ली की साफ सफाई करने की जिम्मेदारी भाजपा शासित एमसीडी की है, लेकिन कई लोगों को गलतफहमी है। मैं कई लोगों से बात करता हूं तो वे कहते हैं कि केजरीवाल आपने बिजली ठीक कर दी, आपने स्कूल ठीक कर दिए, आपने अस्पताल ठीक कर दिए, मोहल्ला क्लीनिक बना दिए, ये कूड़ा क्यों नहीं ठीक करते? मैं उनसे यही कहता हूं कि मुझे भी यह देखकर बहुत दुख होता है। मैं पूरी दिल्ली में घूम घूमता हूं, चारों तरफ कूड़े का ढेर देखता हूं। मैं उनको बताता हूं कि दिल्ली में कूड़ा साफ करने की जिम्मेदारी दिल्ली सरकार की नहीं है, बल्कि दिल्ली नगर निगम की है।

## अंबानी परिवार में गूंजी किलकारी, ईशा अंबानी ने जुड़वा बच्चों को दिया जन्म

### इन बच्चों का नामकरण भी कर दिया गया, दोनों बच्चे स्वस्थ्य

**नई दिल्ली।** दिग्गज उद्योगपति मुकेश अंबानी नाना बन गए हैं। उनकी बेटी ईशा अंबानी ने जुडवा बच्चों को जन्म दिया है। अंबानी परिवार की ओर से जारी किए गए बयान के मुताबिक, ईशा अंबानी ने आज दो जुड़वा बच्चों को जन्म दिया है, दोनों बच्चे स्वस्थ्य हैं। इन बच्चों का नामकरण भी कर दिया गया है। जुडवा बच्चों में लड़की का नाम आदिया व लड़के नाम कृष्णा रखा गया है।



*2018 में हुई थी शादी*

मुकेश अंबानी की बेटी ईशा अंबानी का जन्म 23 अक्तूबर 1991 को हुआ था। उन्होंने येल यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन किया है और फिर मैकेंजी एंड कंपनी में काम भी किया है। अभी वह रिलायंस जियो और रिलायंस रिटेल में 2014 से ही डायरेक्टर हैं। ईशा अंबानी की शादी 12 दिसंबर 2018 को पिरामल ग्रुप के आनंद पिरामल के साथ हुई। आनंद पिरामल राजस्थान से हैं। राजस्थान के झुंझनु जिले में पिरामल्स की कोठियां, हवेलियां और पैलेस हैं। ईशा की सास स्वाति पिरामल भी पेशे से साइंटिस्ट और इंडस्ट्रियलिस्ट हैं। स्वाति ही मुंबई की गोपीकृष्णा पिरामल हॉस्पिटल की संस्थापक हैं। वे वर्ष 2012 में पद्मश्री सम्मान हासिल कर चुकी हैं। ईशा की ननद नंदिनी पिरामल ग्रुप का पूरा कारोबार संभालती हैं। ईशा अंबानी के ससुर अजय पिरामल अपनी कंपनी का चेयरमैन होने के अलावे श्रीराम ग्रुप के चेयरमेन, टाटा सन लिमिटेड के नॉन एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, हावर्ड बिजनेस स्कूल के बोर्ड मेंबर, अनंत नैशनल यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट और चेयरमेन, प्रथम एजुकेश फाउंडेशन के चेयरमेन के चेयरमेन का पद भी संभालते हैं।

## रामपुर के नवाब और पांच बार के पूर्व विधायक ने दिया भाजपा को समर्थन, कांग्रेस में खलबली

### उत्तर प्रदेश की रामपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव ने इतिहास रच दिया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की रामपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव ने इतिहास रच दिया है। पहली बार किसी कांग्रेसी नेता ने बीजेपी उम्मीदवार को अपना समर्थन दिया है, जिससे उनकी पूरी पार्टी में खलबली मच गई है। नवाब काजिम अली खान, जो कांग्रेस के एक वरिष्ठ सदस्य हैं, ने भाजपा के उम्मीदवार आकाश सक्सेना को अपना समर्थन दिया है। सक्सेना ने पुष्टि की, कि काजिम अली ने उन्हें समर्थन देने की घोषणा की है। हालांकि, काजिम अली की ओर से कोई टिप्पणी सामने नहीं आई है। स्थानीय शाही परिवार के एक वंशज, काजिम अली रामपुर से पांच बार विधायक रहे हैं। सपा के दिग्गज मोहम्मद आजम खान के साथ उनकी दुश्मनी काफी चर्चाओं में रही हैं। आकाश रामपुर से पार्टी के पूर्व सांसद शिव बहादुर सक्सेना के बेटे हैं। समाजवादी पार्टी (सपा) ने आजम खान के सहयोगी असीम रजा को मैदान



में उतारा है और कांग्रेस की पूर्व सांसद बेगम नूर बानो के बेटे काजिम अली आजम खान के समर्थन वाले किसी का भी समर्थन नहीं करेंगे। दिलचस्प बात यह है कि रजा ने हाल ही में रामपुर से लोकसभा उपचुनाव लड़ा था, लेकिन हार गए थे। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि आकाश सक्सेना को काजिम अली का समर्थन निश्चित रूप से भाजपा की मदद करेगा, क्योंकि चुनाव धारणाओं पर लड़े जाते हैं। काजिम अली का बीजेपी को समर्थन शिया वोटों को आकाश सक्सेना के पक्ष में मोड़ सकता है। काजिम अली के करीबी एक सूत्र ने कहा, काजिम अली का समर्थन आकाश सक्सेना के लिए है, न कि भाजपा के लिए। क्योंकि आकाश ने अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी आजम खान के खिलाफ मोर्चा संभाला था और वह पूर्व सपा मंत्री के खिलाफ 80 से अधिक मामलों में एक पार्टी है। यह सक्सेना की शिकायत थी, जिसके कारण आजम को अभद्र भाषा के एक मामले में अयोग्य ठहराया गया था। इस बीच, काजिम अली के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने वाले पार्टी नेताओं के एक वर्ग के साथ मामले ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस में हंगामा खड़ा कर दिया है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, ऐसे समय में जब कांग्रेस पार्टी भाजपा के खिलाफ संघर्ष कर रही है और राहुल गांधी सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ अपनी भारत जोड़ो यात्रा पर हैं, काजिम अली ने भाजपा उम्मीदवार को समर्थन देने का फैसला किया है। राजनीति में व्यक्तिगत समर्थन जैसा कुछ नहीं होता। *एजेंसी*

## गोलियों की आवाज से थर्राया धनबाद, सीआईएसएफ की फायरिंग में मारे गए 4 कोयला चोर, 2 जख्मी

### मुठभेड़ के बाद इलाके में स्थिति तनावपूर्ण

**बाघमारा/भीमकनाली।** ब्लॉक दो क्षेत्र के बेनीडीह साइडिंग में शनिवार की देर रात कोयला चोर व सीआइएसएफ जवानों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पत्थरबाजी के बाद दोनों ओर से गोलीबारी हुई। घटना में गोली लगने से चार लोगों की मौत हो गई। वहीं छह लोग घायल हुए हैं। दो लोगों को सीने में गोली लगी। गोली पीठ से निकलकर शरीर के आर-पार हो गई। गंभीर हालत में उन्हें धनबाद स्थित शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती ले जाया गया, जहां से एक को मिशन अस्पताल दुगार्पुर और एक को रांची स्थित रिम्स रेफर कर दिया गया। वहीं चारों मृतकों के शव एसएनएमएमसीएच ले जाए गए हैं। मुठभेड़ के बाद इलाके में स्थिति तनावपूर्ण है। मामले की सूचना मिलने पर बाघमारा व बरोरा थाना की पुलिस सहित काफी संख्या में सीआइएसएफ के जवान बेनीडीह साइडिंग पहुंचे। पुलिस ने साइडिंग से करीब दो दर्जन



दोपहिया वाहनों को जब्त किया है। घटना रात करीब पौने 11 बजे से सवा 12 बजे के बीच की है। जानकारी के अनुसार, रात में दर्जनों की संख्या में दोपहिया वाहनों पर सवार होकर सभी युवक कोयला चुराने के लिए साइडिंग पर पहुंचे थे। यहां युवकों व सीआइएसएफ जवानों में भिड़ंत हो गई। देखते ही देखते दोनों ओर से पहले पत्थरबाजी हुई और फिर गोली चलने लगी। करीब 30 राउंड फायरिंग हुई। सीआइएसएफ के अनुसार, उक्त साइडिंग में कोयले की लूट को रोकने की कोशिश पर धंधेबाज जवानों से उलझ गए। क्विक रिस्पांस टीम मौके पर पहुंची तो धंधेबाजों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी।

## इंस्ताबुल धमाके से भड़का तुर्किये, हवाई हमलों में सीरिया और इराक में 89 कुर्द आतंकी ठिकानों को किया नष्ट

### इराक में कांदिल, असोस और हाकुर्क और उत्तरी सीरिया में कोबानी, ताल रिफत, सीजायर और डेरिक को निशाना बनाया

**इंस्ताबुल।** पिछले दिनों इंस्ताबुल में हुए बम धमाके से तुर्किये भड़क गया है। इसके लिए कुर्द समूहों को जिम्मेदार ठहराया गया है। तुर्की के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि उत्तरी इराक और उत्तरी सीरिया में कुर्द आतंकी ठिकानों पर हवाई हमलों में सेल्टरहोम और गोला-बारूद डिपो सहित 89 ठिकाने नष्ट हो गए। हमलों में इराक में कांदिल, असोस और हाकुर्क और उत्तरी सीरिया में कोबानी, ताल रिफत, सीजायर और डेरिक को निशाना बनाया गया। इसमें कहा गया है कि आतंकी संगठन के तथाकथित डायरेक्टर को बेअसर कर दिया गया है।

तुर्किये के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि युद्धक विमानों ने प्रतिबंधित



कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) और सीरियन पीपल्स प्रोटेक्शन यूनिट्स (वाईपीजी) के ठिकानों पर हमला किया, जिसके साथ एफ-16 जेट के उड़ान भरने की तस्वीरें और हवाई ड्रोन के हमले के फुटेज थे। किसी भी समूह की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं मिली है। रक्षा मंत्रालय ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के तहत तुर्की के आत्मरक्षा के अधिकार का हवाला देते हुए शनिवार देर रात क्ला स्वार्ड नामक एक आपरेशन शुरू किया। इसने कहा कि इसने कहा कि यह हमारे देश पर उनके हमलों में आतंकवादियों द्वारा आधार के रूप में उपयोग किए जाने वाले क्षेत्रों को निशाना बना रहा था। तुर्किये ने कहा कि वह हमलों को रोकने, अपनी दक्षिणी सीमा को सुरक्षित करने और इसके स्रोत पर आतंकवाद को नष्ट करने की मांग कर रहा है। यह हवाई हमले 13 नवंबर को इस्तांबुल के मध्य में एक चहल-पहल भरे रास्ते में हुए बम विस्फोट के बाद हुए, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई और 80 से अधिक अन्य घायल हो गए। तुर्किये के अधिकारियों ने पीकेके और उसके सीरियाई सहयोगी वाईपीजी पर हमले का आरोप लगाया। कुर्द उग्रवादी समूहों ने हालांकि इसमें शामिल होने से इनकार किया है।

तुर्किये और अमेरिका दोनों पीकेके को एक आतंकी समूह मानते हैं, लेकिन वाईपीजी की स्थिति को लेकर असहमत हैं। सीरिया में सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेस के बैनर तले वाईपीजी को इस्लामिक स्टेट समूह के खिलाफ लड़ाई में अमेरिका के साथ गठबंधन किया है। पीकेके ने 1984 से तुर्किये में सशस्त्र विद्रोह का मुकाबला किया है, जिसमें तब से अब तक इस संघर्ष में हजारों लोग मारे जा चुके हैं।

### गुजरात भाजपा की बड़ी कार्रवाई, बागी नेताओं को दिखाया बाहर का रास्ता

**नई दिल्ली।** गुजरात विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी की ओर से बड़ी कार्रवाई की गई है। पार्टी ने सात बागी नेताओं को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। इन पूर्व विधायकों ने इस बार टिकट कटने के बाद निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन किया था, जिसके बाद पार्टी ने उन्हें निलंबित कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, इन सातों विधायकों का टिकट इस बार काट दिया गया था। इसके बाद से ये विधायक लगातार टिकट की मांग कर रहे थे। हालांकि, टिकट न मिलने के बाद इन विधायकों ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल कर दिया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल ने बताया, सातों विधायकों को छह साल के लिए निलंबित किया गया है। भाजपा ने जिन विधायकों को निलंबित किया है, उनमें नर्मदा जिले के नंदोद से हर्षद वसावा, जूनागढ़ के केशोद से अरविंद लडानी, सुरेंद्रनगर से छत्रसिंह गुंजारिया, वलसाड से केतन भाई पटेल, राजकोट ग्रामीण से भरत भाई चावड़ा, गिर सोमनाथ जिले के वेरावल से उदय भाई शाह और अमरेली करण भाई बरैया को शामिल हैं।



रूस के सुदूर पूर्व कामचटका प्रायद्वीप में दो ज्वालामुखी सक्रिय हो गए हैं। दोनों ज्वालामुखियों से राख के ऊंचे और चमकते बादल निकल रहे हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि इन ज्वालामुखियों में जल्द ही बड़े धमाके हो सकते हैं।

# पेड़ काटने का विरोध करने पर दबंगों का लाठी-डंडे से हमला

**विवाद**

### महिलाओं समेत पांच जख्मी दो की हालत गंभीर

**जनसंदेश न्यूज**

**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के करंजाकला गांव में विवादित जमीन स्थगन आदेश के बाद भी पेड़ काटने का विरोध करने पर दबंगों ने एक पक्ष पर लाठी डंडा व धारदार हथियार से हमला कर लहूलुहान कर दिया जिसमें महिलाओं समेत पांच लोग जख्मी हो गए। उपचार के लिए पीएससी के बाद दो लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

उक्त गांव निवासी जितेंद्र कुमार यादव की जमीन पर पड़ोस के ही सिकंदर यादव, आसाराम यादव अपना हक जता रहे हैं। जितेंद्र कुमार यादव कहना है कि विवादित जमीन पर स्थगन आदेश है। इसके बावजूद पड़ोसी उक्त जमीन पर लगा पेड़ काट रहे थे जिसका उन्होंने विरोध किया तो करीब डेढ़ दर्जन की संख्या में दबंगों ने लाठी डंडा लेकर उन पर हमला कर दिया और मारपीट कर जितेंद्र यादव, राम पलट यादव, पूनम, बबलू और वृद्ध महिला किशना यादव को जख्मी कर दिया। स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई जहां चिकित्सकों ने 2 लोगों को बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया है। भुक्तभोगी पक्ष का आरोप है कि पुलिस सुलह-समझौता कराना चाहती थी और कार्रवाई करने में आनाकानी कर रही थी। पीड़ित पक्ष द्वारा इनकार करने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

## अमरूद तोड़ने को लेकर मारपीट, महिला की मौत

**मुफ्तीगंज।** केराकत कोतवाली क्षेत्र के बलईपुर बैरगिया हरिजन बस्ती में बच्चों द्वारा अमरूद तोड़ने को लेकर आपस में विवाद हो गया। बिवाद इतना बढ़ गया कि हाथा पाई धक्का मुक्की में एक महिला को अपनी जान गंवानी पड़ी। जानकारी के अनुसार बलईपुर बैरगिया निवासी फूलचन्द की पत्नी फिरता देवी 60 वर्ष व उनके पट्टीदार से अमरूद तोड़ने को लेकर शनिवार की रात साढ़े आठ बजे विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पट्टीदारों में हाथा पाई व धक्का मुक्की होने लगी। इसी बीच फिरता देवी जमीन पर गिर गयी। जिससे उनके सर में चोट लगने से मौके पर मौत हो गयी। सूचना पर केराकत कोतवाल अपने हमराहियों के साथ वहां पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## कस्टमर केयर बन खाते से उड़ाया एक लाख

**गभिरन।** खुटहन थाना क्षेत्र के पनौली गांव निवासी युवक को मोबाइल बैंकिंग ऐप की खामियों को दूर कराने के लिए इंटरनेट पर खोजे गए कस्टमर केयर के नंबर पर बात करना बहुत महंगा साबित हो गया। कथित कस्टमर केयर द्वारा बताए गए तरीकों को वह अपनी मोबाइल में लोड करता रहा। उधर उसके खाते से लगातार आनलाइन खरीदारी होती रही है। आधे घंटे के प्रोसीजर में उसके खाते से छह बार में एक लाख रुपए पार कर दिए गए। पीड़ित ने थाने में अज्ञात उचक्के के खिलाफ तहरीर दिया है। गांव निवासी एखलाख मुंबई में रहकर अपना छोटा-मोटा व्यवसाय चलाते हैं। उनका मुंबई में ही इण्डाशींड बैंक में खाता है जिस पर वे मोबाइल बैंकिंग सेवा संचालित किए हुए हैं। एक सप्ताह पूर्व वे मुंबई से घर आये थे। शनिवार को उनका मोबाइल बैंकिंग का कोड इरर बताने लगा। वे गूगल पर कथित कस्टमर केयर का नंबर खोज उससे फोन पर बात किया तो उसने कहा कि ऐप फिर से डाउनलोड करना पड़ेगा। जो मैं बताता हूं वैसे ही मोबाइल पर करते जाइए। उसके बताए मुताबिक एखलाख ऐप डाउनलोड करने लगा। इस दौरान उसके खाते से छह बार में एक लाख रुपए पार हो गये। बाद में खाते से डेविड का मैसेज मोबाइल पर देख उसके होश उड़ गए। उसने तुरंत बैंक शाखा में फोन कर खाता संचालन पर रोक लगवा दी।

# सड़क किनारे खड़े युवक को बाइक सवार ने मारी टक्कर

**हादसा**

### जौनपुर-केराकत मार्ग पर गजना बाजार में हुई घटना

**गौराबादशाहपुर।** जौनपुर-केराकत मार्ग पर शनिवार की रात खड़े एक युवक को अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल भेजा गया जहां उसकी हालत गंभीर परंतु स्थिर बनी हुई है। थाना क्षेत्र के गजना गांव निवासी सुमित कुमार 18 पुत्र पप्पू सड़क के किनारे खड़े होकर ठेले से कुछ सामान खरीद रहा था।

इसी दौरान केराकत के तरफ से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। घटना के फलस्वरूप युवक बुरी तरह से घायल हो गया जबकि बाइक सवार भी सड़क पर गिर गया परंतु लोगो के पहुंचने के पहले वह अपनी बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गया।

स्थानीय लोगों ने घायल सुमित कुमार को घायल अवस्था में 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। जहां उसकी हालत गंभीर परंतु स्थिर बनी हुई है।

## स्कूटी सवार दो युवतियों को तेज रफ्तार पिकअप ने मारी टक्कर, भेजा गया जिला अस्पताल

**गौराबादशाहपुर।** केराकत मार्ग पर जौनपुर शहर से जफराबाद की तरफ जा रही स्कूटी सवार दो युवतियों को सरैयां मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दिया। घटना से दोनों युवतियां घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने दोनों को उठाकर उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया। मौके से पिकअप चालक गाड़ी सहित फरार होने में सफल रहा। बता दें कि जौनपुर शहर कोतवाली क्षेत्र की निवासी शिवांगी 20 पुत्री राजेश व आँचल 18 पुत्री घनश्याम अपनी एक्टिवा स्कूटी से रविवार को किसी कार्य के लिए जौनपुर शहर से जफराबाद के तरफ जा रही थी। जफराबाद थाना क्षेत्र के सरैयां मोड़ के पास शाम लगभग चार बजे विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप ने दोनों को टक्कर मारते हुए फरार हो गई। घटना से दोनों युवतियां घायल हो गई।

## मुख्यमंत्री आवास के लाभार्थियों का लेआउट



लाभार्थी का लेआउट करवाते एडीओ आईएसबी व सचिव

**जनसंदेश न्यूज**

**गौराबादशाहपुर।** धमार्पुर ब्लॉक के धन्नेपुर ग्राम पंचायत में मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आने वाले लाभार्थियों का लेआउट करवाया गया। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत धन्नेपुर में रविवार को आवास दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आने वाले लाभार्थियों का लेआउट करवाया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रभारी एडीओ आईएसबी संजय श्रीवास्तव ने उपस्थित ग्रामीणों को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

एडीओ आईएसबी संजय श्रीवास्तव द्वारा लाभार्थियों से शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार निर्माण करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार आवास के लाभार्थियों को आवास के निर्माण कार्य में स्वयं मजदूरी भी करनी है जिसका उक्त लाभार्थी को मजदूरी भी उनके खाते में भेजी जाएगी।

इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि मुलेन्द्र निषाद, सचिव स्वतंत्र कुमार व तकनीकी सहायक सुधीर वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# देश के प्रति समर्पित रहा है राजपूत समाज : कृपाशंकर सिंह

**आयोजन**

### 14 महान विभूतियों को किया गया सम्मानित

**जौनपुर।** तिलकधारी महाविद्यालय के बलरामपुर हाल में रविवार को राजपूत सेवा समिति के तत्वावधान में द्वितीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजित किया गया। इस मौके पर देश विदेश में समाज को विभिन्न क्षेत्रों में गौरवान्वित करने वाले 14 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि महाराष्ट्र सरकार के पूर्व गृह राज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह ने कहा कि राजपूत समाज ने सदा देश और समाज के लिए कुर्बानियां दी हैं तथा आज भी ये समाज देश के लिए हर कुर्बानी देने को तैयार है। विशिष्ट अतिथि विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह प्रिंशु ने कहा कि राजपूत सम्मान के लिए सभी को एक साथ जोड़कर चलना होगा तभी भारत देश फिर से विश्व गुरु बनेगा। आप के ऊपर समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने की जिम्मेदारी है।

शाहगंज विधायक रमेश सिंह ने कहाकि इस तरह के सम्मेलन से समाज में एकजुटता आती है। एक दूसरे के साथ मिलकर प्रेम प्यार से आगे बढ़ने की सीख मिलती है। पूर्व विधायक हरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि राजपूत सेवा समिति को सिर्फ जौनपुर तक ही नही सीमित करें, बल्कि पूरे राष्ट्र में राजपूतों की पताका को फहराना है।

मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि के साथ प्राचार्य आलोक सिंह ने देश-विदेश में राजपूत समाज का नाम गौरवान्वित करने वाले 14 विभूतियों को स्मृति चिन्ह, प्रमाण-पत्र व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।



प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित हुए लोग

### इन लोगों को किया गया सम्मानित

शौर्य के क्षेत्र में केराकत तहसील के भौरा गांव निवासी बलिदानी संजय कुमार सिंह के पिता श्याम नारायण सिंह, समाज सेवा के क्षेत्र में शेरवां गांव निवासी प्रशासनिक अधिकारी अजीत प्रताप सिंह, शिक्षा के क्षेत्र में राज्य पुरस्कार से सम्मानित अवकाश प्राप्त शिक्षक बदलापुर खुर्द गांव निवासी सत्यदेव सिंह, विधिवेत्ता के क्षेत्र में वासुदेव सिंह, चिकित्सा के क्षेत्र में प्रख्यात अस्थि रोग विशेषज्ञ केजीएमयू के पूर्व कुलपति ओपी सिंह, व्यवसाय के क्षेत्र में राजकुमार सिंह, प्रशासनिक सेवा के क्षेत्र में अहमदपुर गांव निवासी संजय कुमार सिंह, विज्ञान के क्षेत्र में चांदी गहना निवासी अशोक कुमार सिंह, नारी शशक्तिकरण के क्षेत्र में समाजसेविका सुनीता सिंह, प्रशासनिक अधिकारी के क्षेत्र में आईपीएस विशाल विक्रम सिंह, पत्रकारिता के क्षेत्र में राजकुमार सिंह, खेलकूद के क्षेत्र में राजेपुर गांव निवासी समर बहादुर सिंह, लोककला के क्षेत्र में प्राख्यात भोजपुरी गायक रविन्द्र सिंह ज्योति व कृषि के क्षेत्र में खेतासराय खुदौली ग्राम निवासी राजकेशर सिंह को स्मृति चिन्ह, प्रमाण-पत्र व अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। ओम प्रकाश सिंह ने समिति के गठन पर जानकारी दी। अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य राधेश्याम सिंह, संचालन मनीष सिंह सोमवंशी व आभार दिनेश सिंह बब्बू ने जताया।

# नंद के घर आनंद भयो जै कन्हैयालाल की झांकी ने लुभाया

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** जनपद में चल रही भागवत कथा में डा. संजय कृष्ण सलिल महराज की नंद के घर आनंद भयो जै कन्हैयालाल की यह दृश्य लोगों को भा गया। गजेन्द्र मोछ वामन चरित्र, समुद्र मंथन, रामकथा, कृष्ण जन्म का भी दर्शन श्रोताओं व भक्तों को भा गया।

बता दे कि कथा 17 से 23 नवम्वर शाम 4 से 7 बजे तक सदभावना पुल के पास गोल्ड पैलेस कीर्तिकुंज ज्वेलर्स के बगल में चल रही है जिसका प्रसारण भक्ति चैनल पर भी किया जा रहा है। यह कथा नारायण सेवा संस्थान उदयपुर के सहयोगार्थ की जा रही है। नारायण सेवा संस्थान उदयपुर भारत में ही नहीं बल्कि सारे विश्व में दिव्यांगों की सेवा के लिए जाना जाता है।

संस्थान दिव्यांगो के लिए कृत्रिम अंग प्रदान करने, शल्य क्रिया, शिक्षा देना, निराश्रित को भोजन सामाग्री देना, विभिन्न प्रशिक्षण देना, दवाई व हेल्थ शिविर, सिलाई मशीन, कम्प्यूटर प्रशिक्षण मोबाइल रिपेयरिंग, सामूहिक विवाह समारोह आयोजित करना, जरूरत मंदो की सहायता व सामाग्री वितरण जैसे पुनीत कार्यो से उन्हें समाज में सम्मान दिलाना, आत्म निर्भर बनाने का प्रयास कर रहा है जिसका लाभ पांच लाख से अधिक लोगों ने उठाया।

ऐसे कार्य में सभी की मदद मिले संस्थान को दान भी देकर रसीद प्राप्त कर लेना चाहिए जिसका लाभ आयकर छूट मे भी मिलता है।

आज के प्रमुख अतिथियों में मनीष कुमार वर्मा जिलाधिकारी, दीप प्रज्जवलन जितेन्द्र उपाध्याय बार असोसिएशन के अध्यक्ष संदीप वर्मा, नव दीप वर्मा, प्रबंधक राजीव सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य, कार्यक्रम आयोजक नन्हे लाल वर्मा, सनी वर्मा, प्रियम वर्मा सहित कई गणमान्य, व्यवसायी, जिला प्रशासन, शिक्षा जगत, समाजसेवी, व्यापारी, धर्म प्रेमी बहुत सारे लोग उपस्थित हुए जिनको महराज के हाथो धार्मिक उपहार, गंथ, गले पट्टी व शाल देकर सम्मानित किया गया। आयोजक नन्हे लाल वर्मा ने सभी अतिथियों को व्यास मंच ले जाकर सम्मान दिलाकर विदा किया।



भागवत कथा का दीप प्रज्जवलन कर शुभारम्भ करते अतिथिगण

# बैकुंठ धाम पहुंचे सांसद का हुआ स्वागत

**बरसठी।** विकास खंड के चतुर्भुजपुर नेवादा विख्यात बैकुंठ धाम पर चल रहे तीन दिवसीय रामचरित मानस पाठ में पहुंचे सांसद बीपी सरोज ने भगवान शिव का किया दर्शन।

सांसद के पहुंचने पर बैकुंठ धाम के पुजारी व धाम में मौजूद लोगों ने मुख्य द्वार पर माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं संचालनकर्ता कुंवर राजेश सिंह बब्लू प्रधानाध्यापक के साथ मंदिर परिसर में पहुंच कर पुजारी कमलेश दुबे के द्वारा मंत्रोच्चारण कर विधि विधान से शिवलिंग पर माला फूल चढ़ा कर मत्था टेका।

वहीं बैकुंठ धाम के लिए सांसद बीपी सरोज ने मुख्य मार्ग से लेकर धाम तक पक्की सड़क बनवाने, मंदिर में हाई मास्क लाईट देने का धाम कमेटी को एलान किया।

इस दौरान बैकुंठ धाम के सदस्य कमलेश सिंह व आशीष सिंह (बंटी) ने आए हुए आंगतुकों का आभार प्रकट किया। वहीं थाना प्रभारी दिनेश कुमार भी पहुंच कर दर्शन किए। मंदिर में उपस्थित मिथिलेश सिंह एडवोकेट मुंबई, त्रिवेणी पाठक, भाजपा निगोह मंडल अध्यक्ष केपी मिश्रा, सत्यप्रकाश दुबे, गौरव मिश्रा, गोलू सिंह, रामजीत पाल पूर्व प्रधान, निशांत सिंह पत्रकार उपस्थित रहे।



## निकाय चुनाव को लेकर अद के राष्ट्रीय सचिव ने की बैठक

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** निकाय चुनाव के लिए अपना दल एस ने पूरी तरह से कमर कस लिया है। चुनाव को लेकर पार्टी के पदाधिकारी जमीनी स्तर पर हर हाल में जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी एड़ी से चोटी का जोर लगा दिए हैं।

चुनाव की तैयारियों को लेकर रविवार को जिला कार्यालय वाजिदपुर में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सचिव पप्पू माली ने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ एक आवश्यक बैठक ली। उन्होंने बैठक में निकाय चुनाव को लेकर पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ गहन मंत्रणा की। सभी वार्ड के सभासद एवं टाउन एरिया तथा नगरपालिका की सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारने के विषय में विचार विमर्श किया गया। राष्ट्रीय सचिव ने पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी की आलाकमान राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल एनडीए गठबंधन के तहत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष से बातचीत कर रही हैं।

बातचीत के दौरान यदि सकारात्मक परिणाम सामने आया तो प्रदेश में निकाय चुनाव में गठबंधन के तहत पार्टी अपने प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतारेगी। कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष विकास मौर्य ने किया। इस मौके पर मान सिंह पटेल, डॉ. मनीष यादव, अंबिका प्रसाद पटेल, अरविंद जायसवाल, मनोज गुप्ता, सूरज पटेल, गुरुदीन यादव, संतोष मौर्या, राजेश बेन बंसी, आकाश मौर्य, इंद्रजीत पटेल, संतोष पटेल, राम अवध दुबे, रामधनी सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# अभिनेता शुभम तिवारी बने दरोगा नबंर वन

**प्रेसवार्ता**

### फिल्म निर्माताओं की पहली पसन्द बना जौनपुर

**जनसंदेश न्यूज**

**केराकत।** क्षेत्र के त्रिलोचन बाजार निवासी भोजपुरी फिल्म अभिनेता चन्दन सेठ के निवास स्थान पर रविवार को भोजपुरी फिल्मों के सुपरस्टार अभिनेता शुभम तिवारी व अभिनेत्री प्रज्ञा तिवारी ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि वो केराकत क्षेत्र के नई बाजार के ग्राम चौकिया के विभिन्न जगहों पर चल रही भोजपुरी फिल्म दरोगा नंबर वन की शूटिंग के लिए मुम्बई से आए हुए हैं।

फिल्म के सेट से समय मिलने पर त्रिलोचन महादेव स्थित प्राचीन व ऐतिहासिक शिव मंदिर पर दर्शन-पूजन कर मत्था टेका। इसके बाद साथी कलाकार चन्दन सेठ के निवास स्थान पर आए हैं। अभिनेता शुभम तिवारी ने मीडिया से बताया कि जौनपुर में इससे पहले भोजपुरी फिल्म बहुरानी की शूटिंग जलालपुर सहित त्रिलोचन बाजार में कर चुके हैं। जौनपुर में मेरी यह दूसरी फिल्म है। दरोगा नंबर वन की शूटिंग केराकत क्षेत्र के इर्द गिर्द की जा रही है। क्षेत्र की जनता का अपार सहयोग व प्यार मिल रहा है। श्री तिवारी अब तक दर्जनों फिल्मों में अपने अभिनय का लोहा मनवा चुके हैं। इनकी प्रमुख फिल्में इलाहाबाद से इस्लामाबाद, बबली की बारात, बहुरानी, प्रशासन, लड़ब मरते दम तक, भइया हमारा दयावान, सन्यासी बलमा, सौगन्ध बा हमारा सुहाग के हैं। वहीं जौनपुर में पहली बार शूटिंग करने पहुंची अभिनेत्री प्रज्ञा तिवारी ने बताया कि गांव में शूटिंग कर अच्छा लग रहा है। इस समय धान की कटाई व पिटाई चल रही है। गांव की औरतों को धान की पिटाई करते देखना अच्छा लग रहा है। उन्होंने कहा कि जौनपुर के इतिहास के बारे में बहुत सुना था मगर यहां आकर जो प्यार व दुलार मिल रहा है वह किसी उपहार से कम नहीं है।



अभिनेत्री प्रज्ञा तिवारी ने बताया कि अब तक वह भोजपुरी के बड़े स्टार कलाकारों के साथ 28 फिल्में कर चुकी है जिनमे उनकी प्रमुख फिल्में क्रोध, गुन्डे, प्रेम कहानी, साथ जीयेंगे साथ मरेंगे, मुख्तार, बलवा, सईंया मिलल बा 420, चालबाज दगाबाज प्रमुख है। चन्दन सेठ ने बताया कि फिल्म निर्माताओं को जौनपुर शहर बहुत पसन्द आ रहा है जिससे आए दिन यहां भोजपुरी फिल्मों की शूटिंग जिले सहित अन्य रमणीय स्थनों पर की जा रही है जिसमें जनपद में छिपी प्रतिभाओं को अभिनय करने का मौका मिल रहा है। इस दौरान कलाकार चन्दन ने कलाकारों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर दरोगा नबंर वन फिल्म के निर्माता केपी सिंह, निर्देशक निरंजन सिंह, फाइट मास्टर हीरा लाल यादव, शिवचन्द यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### चोरी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने चोरी के एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है। उसके कब्जे से 32 एटीएम कार्ड, नकदी के साथ मोबाइल फोन भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार प्रभारी निरीक्षक रमेश यादव, उ.नि. पन्नेलाल यादव मय हमराह रविवार को नौ बजे मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त विकास कुमार पुत्र विरेन्द्र सिंह 32 वर्ष निवासी बड़गांव थाना फतेहपुर, जिला गया (बिहार) को बैंक आफ बड़ौदा एटीएम के पास जंघई रोड से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के 32 अदद एटीएम कार्ड, 641 रुपये व एक अदद मोबाइल फोन बरामद कर उसके विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया।

### विधायक ने किया विद्यालय में निर्माण कार्य का उद्घाटन




**शाहगंज।** नगर के केशव नगर पुराना चौक मोहल्ला स्थित सरस्वती शिशु मन्दिर के निमार्णाधीन प्रथम तल का रविवार को विधायक रमेश सिंह ने उद्घाटन किया। इस दौरान छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विधायक ने कहा कि शिशु मन्दिर बेहतरीन शिक्षा का केंद्र है। यहां शिक्षा के साथ साथ संस्कार, भारतीय संस्कृति व सभ्यता की शिक्षा से देशभक्त पैदा होतें है। इस दौरान प्रमुख रुप से प्रबंधक ओमप्रकाश जायसवाल, नपा अध्यक्ष गीता जायसवाल, डा राम मनोहर, राम जी सिंह, जगदीश, सुनील अग्रहरि टप्पू, प्रदीप जायसवाल, रुपेश जायसवाल, बेचन सिंह, देवेश जायसवाल आदि मौजूद रहे। प्रधानाचार्य ज्ञानेन्द्र ने आभार प्रकट किया।

### मादक पदार्थ का वांछित तस्कर अरेस्ट



**केराकत।** क्षेत्र के ग्राम मुर्तजाबाद स्थित माईक्रोटेक कालेज के पास रविवार को दोपहर लगभग एक बजे गश्त के दौरान प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा ने वांछित चल रहे मादक पदार्थो के तस्कर राजेश यादव पुत्र कविराज यादव निवासी ग्राम सुरैला थाना गौराबादशाहपुर को मुखबिर की सूचना पर हल्का बल प्रयोग कर हिरासत में ले लिया। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त पर एनडीपीसी एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक शिव प्रसाद पाण्डेय, हेड कॉन्स्टेबल सुनील कुमार, कांस्टेबल निक्कू चौधरी शामिल रहे।

### मृतका के परिवार को कंपनी ने दी तीन लाख की आर्थिक सहायता

**चंदवक।** क्षेत्र के मढ़ी गांव में 10 अक्टूबर को गैस पाइप लाइन बिछाने वाली कंपनी द्वारा खोदे गए गहरे गड्ढे में गिरने से मृत हुई किशोरी आंचल विश्वकर्मा के परिजन को कंपनी द्वारा तीन लाख रुपये आर्थिक सहायता प्रदान की गई। आर्थिक सहायता का चेक आईएचबी कंपनी के असिस्टेंट मैनेजर आत्मानंद यादव ने मृतका के पिता रामबली को सौंपा। गौरतलब हो कि विगत दस अक्टूबर को घर से एक किमी दूर चचेरी बहन संग खेत देखने जाते समय हिसामपुर की सीमा पर गैस पाइप लाइन बिछाने वाली कंपनी द्वारा खोदे गए गहरे गड्ढे में भरे पानी में डूबने से मढ़ी गांव की आंचल की मौत हो गई थी। कंपनी आर्थिक सहायता देने में आनाकानी कर रही थी। ग्रामीणों ने समाजसेवी अजीत सिंह के नेतृत्व में सहायता न देने पर काम रोकने की चेतावनी दी थी जिसकी जानकारी सांसद वीपी सरोज को हुई तो उन्होंने शुक्रवार को चौपाल लगाकर एसडीएम माज अख्तर की उपस्थिति में कंपनी के अधिकारियों को तलब किया। आर्थिक सहायता देने पर सहमति बनी। शनिवार को कंपनी के असिस्टेंट मैनेजर ने तीन लाख का चेक मृतका के पिता रामबली को सौंप दिया।

### गांवों में अन्त्येष्टि स्थल होने से मिलेगी ग्रामीणों को राहत : रमेश सिंह




**सुइथाकला।** स्थानीय विकास खण्ड के सवायन गाँव में शनिवार शाम क्षेत्रीय विधायक रमेश सिंह द्वारा अन्त्येष्टि स्थल का शिलान्यास किया गया। तत्पश्चात ग्रामीणों ने गाँव में विकास की गंगा बहाने वाले जुझारू किस्म के अपने विधायक का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। अपने सम्बोधन में श्री सिंह ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश की वर्तमान सरकार वगैर भेदभाव के सभी के विकास के लिए दृढ़ संकल्प है। गाँवों में अन्त्येष्टि स्थल बनने से ग्रामीणों को आवागमन से लेकर हर तरह की कठिनाइयों से राहत मिलेगी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों को जनता का सेवक बताते हुए सेवा के लिए हर स्तर पर उपलब्ध रहने के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने विधान सभा क्षेत्र में 14 सड़क को मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृति कराने की बात बताई जिसमें लखनऊ बलिया मार्ग से चंपानगर, लखनऊ बलिया से सवायन उसरा बस्ती होते हुए गंगौली मार्ग तक की नव निर्माण सड़क शीघ्र बनने की जानकारी ग्रामीणों को दी। इस दौरान कार्यवाहक प्रधान सत्यदेव, सालिक राम वर्मा, अमन वर्मा, नन्हे दीक्षित, अवधेश दीक्षित, राम अवध दीक्षित, रामप्यारे दीक्षित, अशोक सिंह समेत गाँव के सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे। संचालन पत्रकार सन्तोष कुमार दीक्षित और अध्यक्षता राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने किया।

### आपका भविष्य आपके हाथ, हेलमेट सदा रखें साथ

**पराऊगंज।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मनाए जा रहे यातायात सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत कुटीर पीजी कॉलेज चक्के मे "यातायात सुरक्षा एवं उपाय" विषय पर 98 यूपी बटालियन एनसीसी के कैडेटों द्वारा महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता एवं सामाजिक जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली गई। रैली को हरी झंडी मेजर डॉ. रमेश मणि त्रिपाठी ने दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. चित्रसेन गुप्ता मौजूद रहे। कैडेटों ने स्लोगन आपका भविष्य आपके हाथ, हेलमेट सदा रखें साथ... का नारा लगाते हुए पराऊगंज कुटीर चक्के मार्ग पर मोटरसाइकिल चालकों को हेलमेट लगाकर मोटरसाइकिल चलाने की बात बताते हुए क्षेत्रीय नागरिकों को यातायात में सुरक्षा के तरीकों के बारे में जागरूक किया। तत्पश्चात उक्त विषय पर एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य के निर्देश पर एनसीसी अधिकारी द्वारा कराया गया। उक्त अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।



यातायात सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूकता रैली निकालते कैडेट

# विजय मिश्रा के रिश्तेदार सहित दो के शस्त्र लाइसेंस निरस्त

ज्ञानपुर। कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने के दृष्टिगत आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त शस्त्र धारकों के शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण हेतु एसपी डॉ. अनिल कुमार के कुशल निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस थाना औराई व गोपीगंज की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप पंजीकृत विभिन्न आपराधिक मामलों के दृष्टिगत जिला बदर व हिस्ट्रीशीटर दो अलग-अलग शस्त्रधारकों के दो शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही की गई।

थाना औराई क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व जिला बदर अभियुक्त श्याम नारायण पटेल पुत्र मुंशी पटेल निवासी खेतलपुर थाना औराई जनपद भदोही के विरुद्ध पंजीकृत विभिन्न आपराधिक मामलों व स्वीकृत शस्त्र का दुरुपयोग करते हुए आमजन को डराने धमकाने के दृष्टिगत आरोपी के नाम सुकृत पिस्टल का शस्त्र लाइसेंस जिला मजिस्ट्रेट भदोही द्वारा निरस्त किया गया है।

शस्त्र धारक श्याम नारायण पटेल उपरोक्त जिला बदर आरोपी है, इसके विरुद्ध महिलाओं के साथ छेड़खानी, अपहरण, गुंडा व पॉक्सो एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत हैं।

इसी क्रम में थाना गोपीगंज पर पंजीकृत हत्या जैसे गम्भीर अपराध सहित अन्य अपराधों में संलिप्त व थाना स्थानीय का मजारिया हिस्ट्रीशीटर विजय मिश्रा गैंग के सक्रिय सदस्य अशोक कुमार शुक्ला पुत्र सोहनलाल शुक्ला निवासी विहरोजपुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही के आपराधिक गतिविधियों के दृष्टिगत गौरांग राठी, जिला मजिस्ट्रेट भदोही ने आरोपी के नाम स्वीकृत रिवाल्वर का शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर दिया।

आरोपी अशोक शुक्ला ज्ञानपुर के पूर्व विधायक विजय मिश्रा का रिश्तेदार है व रेंज स्तर से विजय मिश्रा के विरुद्ध वर्ष-2007 में पंजीकृत एमडीजी गैंग का सक्रिय सदस्य है।

शस्त्र धारक के विरुद्ध हत्या, गुंडा, गैंगस्टर व शस्त्र अधिनियम के आठ अभियोग पंजीकृत हैं।

## प्रायोगिक परीक्षा 23 नवम्बर को

भदोही। केशव प्रसाद मिश्र राजकीय महिला महाविद्यालय औराई में अध्ययनरत बीएससी द्वितीय सेमेस्टर की समस्त छात्राओं को सूचित किया जाता है कि उनकी जन्तु विज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा 23 नवम्बर को समय प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगी। महाविद्यालय के जन्तु विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. लक्ष्मी यादव ने बताया है कि समस्त छात्राएं अपने प्रयोगात्मक फाइल्स प्रोजेक्ट, चार्ट माडल एवं अपने प्रवेश पत्र के साथ जन्तु विज्ञान विभाग में ससमय प्रातः10 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। अनुपस्थित होने की स्थिति में छात्राएं स्वयं जिम्मेदार होंगी। महाविद्यालय में अध्ययनरत एमए हिन्दी चतुर्थ सेमेस्टर सत्र 2021.22 की हिंदी पंचम प्रश्नपत्र की मौखिकी परीक्षा 22 नवम्बर दिन मंगलवार को प्रातः 10 बजे महाविद्यालय में सम्पन्न होगी। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. सुनिता वर्मा ने बताया कि सभी छात्राएं अपने प्रवेशपत्र के साथ समय पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। अन्यथा की स्थिति में छात्राएं इसके लिए स्वयं जिम्मेदार होंगी।

# विधायक के हाथों नियुक्ति पत्र पाते ही स्टाफ नर्सों के खिले चेहरे

**खुशी**

### प्रदेश सरकार जन जन के उत्थान हेतु कटिबद्धः गौरांग राठी

जनसंदेश न्यूज

ज्ञानपुर। निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 1354 स्टाफ नर्सों को रविवार को लोक भवन लखनऊ में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नियुक्ति पत्र वितरित किया। उक्त कार्यक्रम का जनपद में कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी सभागार में सजीव प्रसारण देखा व सुना गया।

इस दौरान लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित जनपद के आठ स्टाफ नर्स कंचन, सोनी शर्मा, राधिका मौर्या, कुमारी सविता देवी, वीनस मौर्या, सोमा राही, अंशु मौर्य एवं अनामिका को विधायक ज्ञानपुर विपुल दुबे, जिलाधिकारी गौरांग राठी, मुख्य विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक द्वारा नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया और उनके उज्जवल भविष्य हेतु कामना की गई। नियुक्ति पत्र पाकर स्टाफ नर्सों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर ज्ञानपुर विधायक विपुल दुबे ने स्टाफ नर्सों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कहा कि प्रदेश सरकार जन-जन के उत्थान हेतु प्रतिबद्ध है। प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार देने के लिए अनेक प्रयास किये जा रहे है। जिसके फलस्वरूप पूरे प्रदेश में पारदर्शी तरीके से स्टाफ नर्सों की नियुक्ति की गई है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी व अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।



नियुक्ति पत्र दिखाती स्टाफ नर्स साथ में खड़े सीएमओ, सीडीओ, जिलाधिकारी और विधायक ज्ञानपुर विपुल दुबे

# आप के कार्यकर्ता सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब



आप के कार्यकर्ता सम्मेलन में सदस्यता ग्रहण करते लोग

**आयोजन**

### आम आदमी पार्टी निकाय चुनाव में सभी सीटों पर मजबूती से लड़ेगी चुनावः मनोज गुप्ता

सुरियावां। आम आदमी पार्टी की ग्यारह दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन की रविवार से शुरूआत की गयी।सुरियावां की जनसभा में आप कार्यकताओं के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी शामिल हुए।कार्यकताओं को संबोधित करते हुए निकाय चुनाव प्रभारी मनोज गुप्ता ने कहा कि निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी हर सीट पर मजबूती से चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य नगर निगम नगर पालिका और नगर पंचायत में फैले भ्रष्टाचार को समाप्त कर नगरीय व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करना है।

कार्यकर्ता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली और पंजाब में अच्छी शिक्षा, बेहतर चिकित्सा व्यवस्था, बिजली, पानी, महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य, यातायात व्यवस्था पर शानदार काम किया है। आप जिला अध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि आम आदमी पार्टी प्रत्याशियों का चयन ट्रिपल सी के आधार पर कर रही है और यह पार्टी की विश्वसनीयता ही है जिस कारण आवेदन फॉर्म लेने के लिए सैकड़ों लोग कार्यालय आकर अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आवेदन फॉर्म की डिमांड बढ़ चुकी है। लेकिन पार्टी सिद्धांतों के अनुसार हम प्रत्याशियों का आकलन ट्रिपल सी के आधार पर कर रहे हैं। कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रमुख रूप से राजेश मौर्य, पंकज कुमार एडवोकेट, प्रदीप मौर्या, इजहार मौर्या जी रोशन अली, बाल रमापति छोटेलाल मौर्य, रमापति सरोज, शिवजीत सरोज, बैजानाथ सरोज, राजकुमार सिंह राजेश मौर्या सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुलिस अधीक्षक ने किया दो क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव

ज्ञानपुर। डॉ. अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनपद में नियुक्त दो क्षेत्राधिकारीगण के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया है। प्रशिक्षण अवधि पूर्ण करने के उपरांत पुलिस उपाधीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए उमेश्वर प्रभात सिंह को क्षेत्राधिकारी औराई के पद पर नियुक्त किया गया तथा इसी माह सेवानिवृत्त होने वाले वर्तमान में क्षेत्राधिकारी औराई के पद पर नियुक्त रहे रामलखन मिश्रा को क्षेत्राधिकारी कार्यालय की जिम्मेदारी दी गई है।

## मार्ग का हुआ लोकार्पण

भदोही। नगर के हुलासपुर में 9.75 लाख की लागत से करिया सरोज के मकान से रवि पटोदिया के बाउंड्री तक व 9.35 लाख की लागत से जितेंद्र सरोज के मकान से रवि पटोदिया के गेट तक भूमिगत नाला विस्तार का लोकार्पण पालिका अध्यक्ष अशोक कुमार जयसवाल द्वारा किया गया। इस अवसर सभासद पुत्र आशुतोष दूबे, सभासद आशीष जायसवाल, अजय सिंह, राजेश जायसवाल, राजेश गुप्ता, मनीष सरोज, सतीश सरोज, कमलेश सरोज, अमरनाथ सरोज, जगरनाथ सरोज, ओमप्रकाश, संदीप सरोज, जयप्रकाश आदि उपस्थित रहे।

# अधिकारियों ने लिया विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान का जायजा



मतदान केंद्र पर बैठे बीएलओ

जनसंदेश न्यूज

भदोही। जनपद के सभी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारियों ने रविवार को कई बूथों का निरीक्षण कर चल रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान का जायजा लिया। इस दौरान उन्होने उपस्थित बीएलओ को बेहतर ढंग से कार्य करके शुद्ध मतदाता सूची बनाने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार अर्हता तिथि 01.01.2023 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अन्तर्गत फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 09 नवम्बर, 2022 को किया जा चुका है। 09 नवम्बर, 2022 से 08 दिसम्बर, 2022 तक दावें और आपत्तियां प्राप्त की जायेगी। इस अवधि के मध्य विशेष अभियान की तिथि 26 नवम्बर, (शनिवार) एवं 04 दिसम्बर, 2022 (रविवार) निर्धारित की गयी है। मौके पर निर्वाचन सम्बंधित अधिकारीगण सहित सम्बन्धित बीएलओ गण उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### नो पार्किंग, हाई स्पीड एवं नियमों का उल्लंघन करने पर वाहनों का किया चालान

भदोही। यातायात माह नवम्बर-2022 के दौरान यातायात जागरूकता हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश के क्रम में उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर अश्वनी पांडेय, ट्रैफिक क्षेत्राधिकारी व एआरटीओ प्रवर्तन की संयुक्त टीम द्वारा ऊंझ नवधन क्षेत्र में सघन वाहनों की चेकिंग की गई। संयुक्त टीम ने ऊंझ नवधन क्षेत्र में जनता जनार्दन व वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए यातायात नियमों के पालन करने हेतु जैसे- नशे की हालत में वाहन न चलाने, निर्धारित मानक से अधिक सवारी न बैठाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, अवयस्क को वाहन न चलाने देने, सीट बेल्ट का प्रयोग करने, दो पहिया वाहनो पर हेलमेट का प्रयोग करने, वाहनों को ओवर लोड, ओवर स्पीड न चलाने, नो पार्किंग आदि के संबन्ध में कड़ाई से चालान काटते हुए जागरुक किया गया। सभी को अवगत कराया गया कि "सीटबेल्ट" का प्रयोग व दो पहिया वाहन चलाते समय "हेलमेट" का प्रयोग अवश्य करें। हेलमेट एक जीवन रक्षक उपकरण है हेलमेट और सीट बेल्ट के प्रयोग से दुर्घटना के समय आपके जीवन सुरक्षित रखने की 70% संभावनाएं विद्यमान रहती हैं। यातायात जागरूकता के साथ ही प्रवर्तन की कार्यवाही के दौरान नियमों का पालन न करने वाले सैकड़ों वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए वाहनों का चालान किया गया।

### तहसील भवन की मांग को लेकर 20वें दिन धरना जारी

ओबरा। ओबरा तहसील ओबरा में बनाने की मांग को लेकर 20वें दिन धरना प्रदर्शन जारी रहा। रविवार को अधिवक्ता अनिल कुमार राय, अमित उपाध्याय, व्यापारी अनुज कुमार गुप्ता का माल्यार्पण एड. एसके चौबे, अनिल मिश्रा उमेश चंद्र शुक्ला ने करके धरने पर बैठाया। आंदोलनकारियों ने ओबरा तहसील के स्थाई भवन का निर्माण ओबरा में कराए जाने की मांग किया। इस अवसर पर रमेश चंद्र मिश्रा, अनिल मिश्रा, पुष्पराज पांडे, राहुल प्रताप सिंह, कृष्ण कांत पांडे, जयशंकर भारद्वाज, कौशल पांडे, नंदलाल पांडे, राजू पाठक, शुभम पटेल, शिवजी सिंह, सुभरम, रामपाल सिंह, राजेंद्र कुमार पाल, बुद्धि नारायण जायसवाल, हरेंद्र सिंह, अजय यादव आदि मौजूद रहे।

### कबड्डी, रंगोली व संगोष्ठी का हुआ कार्यक्रम



नियामताबाद। रेलवे चाइल्ड लाइन मुगलसराय एवं राम जानकी शिक्षण संस्थान अलीनगर के संयुक्त तत्वाधान में बालिका जागरूकता सप्ताह के समापन पर राम जानकी इंटर कॉलेज अलीनगर में कबड्डी, रंगोली एवं संगोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। वक्ताओं ने आज के दौर में हो रही घटनाओं के ऊपर प्रकाश डालते हुए बालक बालिकाओं को इससे सतर्क रहकर सीख लेने की बात कही स वक्ताओं ने कहा आधुनिकता के इस अंधी दौड़ में मां-बाप तथा अभिभावकों की बात को ना मानना इन घटनाओं की वजह बनती जा रही हैं। यदि मां-बाप की की देखरेख में बेटा -बेटियों की परवरिश हो और उन्हें सही मार्गदर्शन शिक्षकों द्वारा मिले इन घटनाओं को बहुत हद तक रोका जा सकता है। वक्ताओं ने खतरों के आभास होने पर 1090, 1098, 112 नंबर डायल करने की बात कही समारोह की अध्यक्षता पूर्व सीडब्ल्यूसी सदस्य एवं पूर्व प्रधानाचार्य इंद्रजीत शर्मा ने की कार्यक्रम की मुख्य अतिथि किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य एवं मजिस्ट्रेट आराधना गुप्ता, विशिष्ट अतिथि सीडब्ल्यूसी के सदस्य मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र सिंह एडवोकेट ने बच्चों का सही मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर उप निरीक्षक तारा चंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल आस्था गुप्ता, प्रबंधक जितेंद्र प्रताप, सुभाष सिंह यादव, शैलेंद्र प्रताप सहित अनेक विशिष्ट जन महिला कांस्टेबल एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे अतिथियों का स्वागत एवं आभार प्रदर्शन संस्था की कोऑर्डिनेटर चंदा गुप्ता ने किया विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया। अंत में राष्ट्रगान के बाद समारोह का समापन किया गया।

### चार महीनों से गांव के दर्जनों घरों में नही मिल रहा पानी

चहनियां। कस्बा से सटे खण्डवारी बंधवा पर दो दर्जन से ज्यादा घरों में पानी की सप्लाई नही हो रही है। पानी के लिए ग्रामीणों को दर दर भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कई बार विभागीय अधिकारियों को सूचना देने के बाद भी दुरुस्त नही कराया गया। इसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश ब्याप्त है। खण्डवारी गांव व सराय गांव दोनो सटे गांव में पानी की सप्लाई के लिए पानी टंकी लगा है। खण्डवारी गांव में बन्धवापर आधी पानी की सप्लाई दोनो टंकी से होती है। बिगत चार महीने से पानी की सप्लाई नही हो रही है। लोग पानी के लिए दर दर भटक रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ लोगो के घरों में पानी बिल्कुल ही नही जाता है। जहां पानी की सप्लाई हो भी रही है। टोटी से पतली धार में स्लो गति से आ रहा है। ग्रामीणों द्वारा कई बार विभागीय अधिकारियों को सूचना देने के बाद भी कोई सुनवाई नही हो रही है। लोगो को पानी लेने के लिए दूर खुली कुंआ या फिर हैंडपम्प से लाना पड़ता है। गांव में पानी की सप्लाई के लिए लगा अंडर ग्राउंड पाइप कई जगह से क्षतिग्रस्त हो गया है। पानी गांव में जाने के बजाय खेतो में बह रहा है। सरकार द्वारा स्वच्छ जल योजना के तहत अभियान चलाया जा रहा है। बाबजूद लोग पानी के लिए तरस रहे है। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारीयों का ध्यान आकर्षित कराते हुए इस समस्या से निजात दिलाये जाने की मांग की है।

### ब्राह्मण प्रत्याशी को जिताने को भगवान परशुराम सेवा समिति ने भरी हुंकार

चंदौली। भगवान परशुराम सेवा समिति की बैठक रविवार को केदार धाम वाटिका सकलडीहा रोड में हुई। इसमें संगठन को मजबूती पर बल दिया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से सभी राजनीतिक दलों द्वारा ब्राह्मणों को उपेक्षित किया जा रहा है।सभी दलों ने सिर्फ ब्राह्मणों का सहयोग समर्थन लिया लेकिन कभी भी ब्राह्मण को नगर पंचायत चन्दौली का चेयर मैन नही बनने दिया गया। अब सभी लोग ब्राह्मण को प्रत्याशी घोषित कर चुनाव जितावें। कहा कि यदि सामान्य सीट होने पर भी किसी दल ने ब्राह्मण को प्रत्याशी घोषित नहीं किया तो भगवान परशुराम सेवा समिति द्वारा किसी ब्राह्मण को प्रत्याशी बनाकर चुनाव जिताने के काम करेगी। इसके साथ ही पूरे जिले में संगठन को मजबूत बनाने के लिए सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।तथा ब्राह्मणों के ऊपर किसी भी जाति धर्म द्वारा अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ऐसा करने वालो को सबक सिखाया जाएगा। इस दौरान पंकज पांडे, अशोक मिश्रा,डा. शशिकांत मिश्रा, राजू पांडे, उपेंद्र तिवारी, करन तिवारी, गुड्डू तिवारी, राजेश उपाध्याय, राजेश तिवारी, अजित उपाध्याय, आनन्द उपाध्याय, पंकज ओझा,दिलीप दुबे उपस्थित रहे। अध्यक्षता सत्यमूर्ति ओझा,तथा संचालन पंकज मिश्रा ने किया।

# एसपी की पहल, हर थाने पर बनेगा बैडमिंटन और वॉलीबॉल कोर्ट

जनसंदेश न्यूज

**पहल**

### थाना ऊंज पर बने बैडमिंटन और वॉलीबॉल कोर्ट का एसडीएम और क्षेत्राधिकारी औराई द्वारा किया गया उद्घाटन

### खेल से पुलिसकर्मी शारीरिक और मानसिक रूप से रहेंगे स्वस्थ

भदोही। पुलिस को फिट और तनाव मुक्त रखने के लिए हर थानों में बैडमिंटन और वॉलीबॉल कोर्ट बनवाया जाएगा। इसके अलावा कोर्ट बनाने का उद्देश्य है कि पुलिसवाले खेलकूद के जरिए खुद को फिट रख सकें।

थाना ऊंज में बैडमिंटन और वॉलीबॉल कोर्ट बनाया गया है। रविवार को थाना ऊंज में उपजिलाधिकारी औराई एवं उमेश्वर प्रभात सिंह, क्षेत्राधिकारी औराई द्वारा बैडमिंटन और वॉलीबॉल खेलकर कोर्ट का उद्घाटन किया गया। पुलिसिंग को बेहतर बनाने के लिए पुलिसकर्मियों को फिट और तनाव मुक्त रखना बेहद जरूरी है।

इसके लिए सभी थानों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। थानों की साफ-सफाई के साथ ही पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा थानों पर बैडमिटंन और वॉलीबॉल कोर्ट बनाने का आदेश दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक भदोही डॉ. अनिल कुमार द्वारा बताया गया कि खेल से पुलिसकर्मी शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे और उनकी कार्य क्षमता में और बढ़ोत्तरी होगा।

## नगद सहित लाखों के जेवरात चोरी जांच में जुटी पुलिस

ज्ञानपुर। उंज क्षेत्र के पिलखुना गांव में लाल बिहारी तिवारी के घर से चोरों ने पीछे के दरवाजे से चढ़कर जेवरात सहित नगद कपड़ा चुरा ले गए। परिवार के सदस्य घर में सो रहे थे।

लाल बिहारी तिवारी की पत्नी सुशीला तिवारी की कंगन, चूड़ी, हार, पायल, किचन सेट एवं नगद 15000 तथा उनकी बहू श्वेता तिवारी की 10 एवं लाल बिहारी तिवारी 19000 हजार नगद कैश चोरों ने उड़ा दिया। सुबह उठे तो सभी सामान बिखरे देख पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष बृजेश कुमार मौर्य ने गहन जांच किया। इसके बाद डाग स्कवायड की टीम ने जांच किया। मामले के शीघ्र खुलासा करने की बात कही। लाल बिहारी तिवारी ने जेवरात सहीत नगद चोरी की थाने में तहरीर देकर सूचना दर्ज कराई है।

# सबका साथ सबका विकास के मंत्र के साथ सर्व समाज के नेता हैं पीएम मोदी : अजीत

जौनपुर। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा रविवार को बस्ती संपर्क अभियान के अंतर्गत विधानसभा सदर के ग्राम पंचायत गंनघनुआ में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत रावत ने बस्ती-बस्ती जाकर प्रधानमंत्री के लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अनुसूचित समाज के लोगों को बताया और उनको आश्वस्त किया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ सरकारी कर्मचारियों द्वारा आप लोगों तक पहुंचाया जाएगा।

बीच में बिचौलियों को हटाते हुए सीधा लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना भारतीय जनता पार्टी व सरकार की मुहिम है जिसमें किसी भी प्रकार से कोई भी अपात्र व्यक्ति नहीं छूट पाए। जिसको लेकर सरकारी विभाग कर्मचारियों को भी कड़े आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।



क्षेत्रीय अध्यक्ष ने बताया कि जिले के अति सुदूर क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रचार प्रसार व जागरूकता अभियान करना अति आवश्यक है जिससे कि सरकार की मंशा के अनुसार सारी योजनाओं का लाभ हर समुदाय सहित अनुसूचित समुदाय के लोगों तक पहुंचाया जा सके जिसके तहत कोई भी परिवार पात्र छूट ना जाये। उन्होंने सोनकर बस्ती में सहभोज कार्यक्रम में शिरकत कर खिचड़ी खाई। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष अजय सरोज ने कहा कि सारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जाए इसके लिये सरकार कटिबद्ध है। वहीं मौजूद ग्रामीणों के बीच सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के प्रचार प्रसार को लेकर ग्रामीणों में पंपलेट वितरित किया गया जिससे की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति को मिले। कार्यक्रम में जिला महामंत्री निखिल सोनकर, उपाध्यक्ष अर्जुन पासवान, संजीव, संजय, साहब लाल चौधरी, संजीव गौतम, संजय सरोज, प्रिंस गौतम, राजबहादुर, संतोष सोनकर दीपक, जसवंत सोनकर, प्रेमसागर, विजय कुमार, राजेश सरोज साथ ही सोनकर और पासी समाज के लोग उपस्थित रहे।

## राज्य अध्यापक पुरस्कार व सीएम अध्यापक पुरस्कार के लिए करें आवेदन

ज्ञानपुर। राज्य अध्यापक पुरस्कार व मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार हेतु जनपद में वर्ष 2022 -23 के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि 15 नवंबर से 30 नवंबर तक निर्धारित की गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक नंदलाल गुप्ता ने प्रेस नोट के माध्यम से बताया कि इच्छुक अध्यापक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# सांस्कृतिक, खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन, कलाम सदन अव्वल



बीजपुर। शिवम संकल्प इन्टरमीडिएट कॉलेज बखरिहवां में गुरुवार से शनिवार तक चल रहे तीन दिवसीय सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिता का समापन विभिन्न कार्यक्रमों के साथ रविवार को हो गया। इस दौरान कलाम, विवेकानन्द, मालवीय व सुभाष सदन के मध्य समस्त प्रतियोगिताएं हुईं।

समूह नृत्य, कहानी, एकल गीत, मोनो एक्ट, एकल नृत्य, रंगोली, मेहंदी, पोस्टर, मॉडल मेकिंग, हिन्दी सुलेख, अंग्रेजी सुलेख, मार्च पास्ट, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, रस्सी दौड़ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया। जिसमें 28 बार प्रथम स्थान पाकर कलाम सदन प्रथम, 27 बार स्थान पाकर सुभाष सदन द्वितीय, 22 बार स्थान प्राप्त करके विवेकानंद सदन तृतीय एवं 17 बार स्थान पाकर मालवीय सदन चतुर्थ स्थान पर रहा। कार्यक्रम सभी हाउस के हाउस मास्टर, हाउस कैप्टन, सी.सी.ए कोऑर्डिनेटर प्रहलाद राम तिवारी के देख रेख में किया गया।

प्रधानाचार्य रामप्रकाश पाण्डेय ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी। कहा कि जीवन में कोई असफल नही होता है, किसी की मेहनत बेकार नही जाती, या तो वह जीतता है या फिर सीखता है, असफलता एक चुनौती है, जिसे स्वीकार करना चाहिए। कोशिश करने वाले की कभी हार नही होती। इस मौके पर छात्रों समेत तमाम लोग मौजूद रहे। संचालन दीपक कुमार यादव ने किया।

## अंतिम व्यक्ति को उपलब्ध हो शिक्षा व बेहतर स्वास्थ्य

लालगंज (आजमगढ़)। मसीरपुर पहुंचे भाजपायुवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प है कि समाज के अंतिम व्यक्ति को शिक्षा व बेहतर स्वास्थ्य उपलब्ध हो। दिव्य गायत्री यज्ञ योग संस्कार केंद्र गायत्री धाम श्रीराम जानकी मंदिर मसीरपुर लालगंज में राजपूत काशी विश्वनाथ सेवा संस्थान के सौजन्य से चल रहे निःशुल्क कोचिंग क्लासेज में भाजपा के युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रजनीश जायसवाल ने पहुंचकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि समाज के अंतिम व्यक्ति को शिक्षा तथा बेहतर स्वास्थ्य उपलब्ध होना चाहिए जिसमें सरकार तथा समाज को मिल कर काम करने की आवश्यकता है। राजपूत काशी विश्वनाथ सेवा संस्थान द्वारा समाज के गरीब बच्चों को यह अवसर प्रदान करना एक सराहनीय कदम है। संस्थान की अध्यक्षा प्रतिमा सिंह ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। योग शिक्षक सुरेश नारायण त्रिपाठी ने कहा कि केन्द्र पर शिक्षा के साथ ही संस्कार तथा योग के संबंध में भी बच्चों को जानकारी प्रदान की जाती है जिससे बच्चों का चैमुखी विकास किया जा सके और वे आगे चलकर राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व का सही निर्वाह कर सकें। इस

# बरसाने की होली, झांकी के साथ रासलीला का हुआ समापन

जनसंदेश न्यूज

डाला। रामलीला मैदान में दुर्गा पूजा सेवा समिति के बैनर तले रासलीला मंचन के दसवें दिन शनिवार को कृष्ण बलराम की झांकी व देर रात्रि रासलीला में बरसाने की लट्ठमार होली के साथ रासलीला का समापन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे रहे। वहीं नगर में कृष्ण बलराम की झांकी देखने के सैकड़ों लोग एकत्र हो गए और नगर के विभिन्न जगहों पर झाकी के साथ चलते रहे।

पूरा नगर जय श्रीकृष्ण जय बलदाऊ सरकार की उद्घोष से गुंजायमान हो गया। वहीं रात्रि रासलीला के दौरान मंडल के ब्यास स्वामी राम शरण शर्मा ने बताया कि ब्रज में बरसाने की होली का बड़ा ही महत्व है, जो सादगी भरा प्रेम को प्रर्दशित कराता है, कृष्णरास, बरसाना की लठ्ठमार होली और पुष्प गुलाल होली देखकर हर कोई कृष्ण भक्ति में लीन हो गया। सुरक्षा व्यवस्था में डाला चौकी प्रभारी अरविंद गुप्ता मय फोर्स मौजूद रहे। मौके पर जोगेन्द्र सिंह ऊर्फ गुड्डू पटेल, राकेश पासवान, गिरिश, सुधीर सिंह, राकेश, अनिकेत, अवनीश पाण्डेय, अंशु पटेल, राकेश शर्मा, मुकेश जैन समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



बरसाने की होली खेलते राधा-कृष्ण

# शादियों का सीजन और हाउसफुल

## वैवाहिक समारोहों की धूम

## नहीं खाली हैं बैंडबाजे, आतिशबाजी, बग्घी, कैटरर्स, डेकोरेशन, डीजे व लाइटिंग वाले

## ढूंढ़े नहीं मिल रहे हलवाई व मैरेज लॉन, अगले साल की बुकिंग में व्यस्त मैरेज व्यापारी



जितेंद्र श्रीवास्तव

शादी-ब्याह का वैवाहिक समारोह सीजन शुरू हो चुका है। शुभ मुहूर्त कम होने के कारण इन तिथियों को मारामारी मची। ऐसे में यदि किसी के लाडले या लाडली की शादी तय हुई है तो उनको अच्छे मैरेज लॉन, कैटरर्स, डेकोरेशन, हलवाई, डीजे वाले ढूढ़े नहीं मिल रहे हैं। चूंकि नवम्बर से 14 दिसम्बर के बीच ही वैवाहिक समारोह के शुभ मुहूर्त निकल रहे हैं। ऐसे में बुकिंग को लेकर हाय-तौबा मची हुई है। यहीं नहीं, दुल्हे को मनपसंद वाहन देने के लिए लकड़ी वालों को सर्द मौसम में भी पसीने छूट रहे हैं, क्योंकि ऐसे वाहनों के बुकिंग की लंबी कतार लगी है। यहीं वजह है कि अगले साल जनवरी-फरवरी के लिए अभी से बुकिंग शुरू हो गई। उम्मीद जताई जा रही है कि कुछ दिन बाद जनवरी-फरवरी में मैरिज हाल व बैंड बाजों की बुकिंग का संकट खड़ा हो सकता है।

वैवाहिक समारोह बाजार से जुड़े लोगों की मानें तो शहर के प्रमुख मैरिज हालों, बैंडबाजों, कैटर्स, टेंट, आतिशबाजी, लाइटिंग, डेकोरेटर्स, ब्यूटी पॉर्लर, हलवाई, बग्घी, डीजे आदि की बुकिंग हो चुकी है। नवम्बर-दिसम्बर में ज्यादा तिथियां न होने से वे लोग इन दुश्वारियों से जूझ रहे हैं, जिनके यहां शादी पड़ी है। नवम्बर की पहली अच्छी लग्न 25 को है। इस दिन के लिए कमोबेश हर जगह हाउसफुल का बोर्ड है। इसके अलावा दिसम्बर में दो, सात, आठ, 13 व 15 तारीख को सर्वोत्तम विवाह मुहूर्त हैं। इन तिथियों में भी मैरिज हाल व बैंडबाजे वाले को खोजना थोड़ा कठिन है, लेकिन शहर के बाहरी इलाकों में अभी आसानी से उपलब्ध हो रहे हैं। ऐसे में लोग अगले साल की लग्न को लेकर लोग ज्यादा उत्साहित हैं। जनवरी और फरवरी के लिए ज्यादा बुकिंग हो रही है।

### दो-दो शिफ्ट में बुकिंग

बैंडबाजा वाले हो या फिर आतिशबाजी, लाइटिंग, डेकोरेटर्स, कैटरर्स, कार-बग्घी, ब्यूटी पॉर्लर, डीजे आदि संचालकों ने बताया कि नवम्बर-दिसम्बर की सभी तिथियों के लिए बुकिंग हो गई है। जबकि अगले वर्ष जनवरी और फरवरी की प्रमुख तिथियों के लिए भी बुकिंग हो गई है। इस सीजन में तो एक तिथि के लिए दो शिफ्ट की भी बुकिंग की गई है।



### शहनाईवादकों पर छाई मंदी, घट रहा रुझान

एक ओर जहां शादियों में बैंडबाजा को लेकर मारामारी है तो दूसरी ओर अब शादी-विवाह में शहनाई की गूंज सुनाई ही नहीं पड़ रही। लोगों का रुझान इस तरफ घटने लगा है। इससे शहनाई बजाने वाले आर्थिक संकट में हैं। शहनाई वादकों की मानें तो एक समय था जब शादी-समारोह में शहनाई को शुभ माना जाता था। शादियों के एक-एक रस्म के दौरान पग-पग पर शहनाई वालों की जरुरत महसूस की जाती थी। लेकिन अब तो शादी-समारोह में तड़क-भड़क वाला हो गया है। अब तो इन समारोहों में शहनाई की जगह ढोल-तासा की पूछ बढ़ी है।

शादी समारोह के चालू सीजन में लग्न कम और शादी-विवाह करने वालों की संख्या अधिक होने के कारण ऐसी मारामारी है कि ना सिर्फ मिठाइयों के लिए दूध के लिए बल्कि फूलों की डिमांड के अनुसार सप्लाई नहीं हो पा रही। फूल की तो स्थिति यह है कि डिमांड से 30-35 प्रतिशत से भी कम सप्लाई होने के कारण दीपावली के समय बिकने वाले रेट के मुकाबले अभी दोगुने दाम में फूल बिक रहे हैं।

### फूलों की बुकिंग भी फुल

लग्न के कम मुहूर्त के कारण एक ही दिन बड़ी संख्या में डिमांड के अनुसार फूलों की पूर्ति संभव नहीं हो पा रही है। हालांकि क्षेत्रीय स्तर पर भी कुछ गेंदा के फूलों की आपूर्ति कराई जाती है लेकिन गेंदा व अन्य फूलों को हावड़ा से मंगाए जाते हैं। फूल का थोक कारोबारियों की मानें तो गेंदा और अन्य फूल पश्चिम बंगाल के हावड़ा और राणा घाट से मंगाते हैं। लेकिन डिमांड के अनुरूप इसकी आपूर्ति नहीं हो पा रही है। शादियों को लेकर फूलों की बुकिंग फुल है।

### लॉडले-लॉडली के शादी-समारोह का बजट भी बढ़ा

शादियों में सजावट, कैटरिंग, बैंडबाजा से लेकर हर उस आइटम के, जिनकी इस समारोह में दरकार होती है, खर्च में 30 से 40 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हो गई है। इसका नतीजा है कि शादी-समारोह का बजट भी बढ़ गया है। ऐसे में लोग या तो बजट में कटौती कर रहे हैं या फिर डेस्टिनेशन वेडिंग में सीमित लोगों को आमंत्रित कर रहे हैं। ताजा हालात में शादियों में सहागल आइटमों के अलावा व्यवसायिक सिलिंडर से लेकर किराना, सब्जी और फलों के दाम आसमान छू रहे हैं। एक शादी में आमतौर पर आठ से 10 सिलिंडर लग जाते हैं। इसके अलावा किराना, फल, सब्जी, दूध, दही, पनीर के दाम 30 से 40 प्रतिशत तक बढ़ चुके हैं। कैटरिंग में ठेका व्यवस्था होती है, जिसके तहत कैटरिंग संचालक को स्वयं ही सामान की व्यवस्था कर तरह-तरह के व्यंजन तैयार करवाना होता है। इसमें उन्हें मजदूरों और सामान की ढुलाई के लिए लोडिंग वाहन की जरूरत भी होती है। स्नैक्स, चॉट, गोलगप्पा, मंचूरियन, मैगी के अलावा पनीर की सब्जी, मिक्स वेज, छोले या दम आलू, चावल, दही बड़ा, पुड़ी, तंदूरी रोटी, सलाद, पापड़, मिठाई, केसर दूध, लौंग व इलायची वाला कहवा, अदरक और मसाले वाली कुल्हड़ की चाय, गुलाब, केसर हलवा, मूंग हलवा, सूजी हलवा, कुल्फी, आइसक्रीम वाली प्लेट आदि के दाम काफी बढ़ गए हैं। शादियों के व्यापार से जुड़े लोगों का कहना है कि अभी शादियों का खर्चा पिछले दो सालों में दोगुना हो गया है।



### पेट्रोल-डीजल महंगे होने का भी बड़ा असर

पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ने का असर भी शादियों पर पड़ा है, क्योंकि सजावट से लेकर कैटरिंग, बैंड, लाइटिंग, डेकोरेशन, डीजे, टेंट-कनात आदि में ढुलाई का काम अधिक होता है। इसके लिए लोडिंग वाहनों की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में पेट्रोलियम पदार्थ महंगे होने का असर सीधे तौर पर शादियों पर पड़ रहा है।

### क्या कहते हैं व्यापारी

मैरेज लॉन संचालक राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि मैरिज हालों की बुकिंग नवम्बर-दिसम्बर के विवाह समारोहों के लिए लगभग हो चुकी है। इन दो महीनों में अब अच्छे लॉन खाली मिलने से रहे। जनवरी-फरवरी के लिए बुकिंग तेज हो गई है। कैटरर्स शरद श्रीवास्तव का कहना है कि कि मैरेज हाल, टेंट, कैटरर्स आदि की बुकिंग हाउसफुल है। जनवरी-फरवरी की अनेक तिथियों की बुकिंग अभी से शुरू हो गई है। सहागल आइटमों के थोक कारोबारी नंदलाल अरोड़ा की मानें तो किराए पर मिलने वाले दुल्हन सेट नवम्बर-दिसम्बर के लिए बुक हो चुके हैं। अब तो अगले साल जनवरी और फरवरी के लिए भी बुकिंग होने लगी है।

कमोबेश यही स्थिति लगन के इस सीजन के दौरान बैंडबाजे, टेंट-पंडाल, गाड़ी-घोड़ा, हलवाई, डेकोरेटर्स, आतिशबाजी, लाइटिंग, डीजे व कैटरर्स सहित लगन में उपयोग में आने वाले सजावटी सामग्री व अन्य सामान की है। एक-एक लग्न में डबल-ट्रिपल बुकिंग के बावजूद इन सामग्रियों की उपलब्धता आयोजकों के लिए एक समस्या बनी है।

### डीजे और ढोल-ताशे के चलते कारोबार बेपटरी

बिना बैंड के बारात की कल्पना भी नहीं की जा सकती है, लेकिन महंगाई ने बैंड बाजार पर भी मार की है। बैंड संचालकों के अनुसार बारातों में डीजे और ढोल-ताशे के बढ़ते चलन से उनके कारोबार पर असर पड़ा है। एक जमाना था, जब एक बारात में दो से तीन तरह के बैंडबाजे हुआ करते थे, लेकिन डीजे और ढोल-ताशे की लगातार बढ़ती डिमांड के चलते बैंडबाजा कारोबार डाउन हुआ है। चूंकि डीजे के साथ लाइटिंग का भी पैकेज होता है, इसलिए बैंडबाजे की पूछ घटी है।

---

## विवाद का साया

# क्यों अनोखा रहेगा कतर में आयोजित विश्व कप फुटबाल

### पश्चिमी देशों की आलोचना से कतर अचरज में

**दोहा।** कतर में रविवार से प्रारंभ विश्व कप फुटबाल को लेकर विवाद पहले ही शुरू हो गए। कहा जा रहा है कि यह सबसे अनोखा टूर्नामेंट होने जा रहा है, अच्छा और खराब दोनों लिहाज से। पश्चिमी देशों ने कतर पर आलोचना के बाउंसर फेंकना शुरू कर दिया है



जबकि कई ऐसे भी हैं जो बेवजह आलोचना पर पश्चिमी देशों को आड़े हाथों लिया है। आखिर क्यों होगा इस बार अनोखा विश्वकप ये।

आयोजकों को उम्मीद है कि वे एक लाख 30,000 कमरों की व्यवस्था कर पाएंगे. इसमें फैंस विलेजेज, टेंट और मेटल केबिन में 9,000 बिस्तर, अपार्टमेंट और विला में 60,000 कमरे, होटलों में 50,000 कमरे और टूनामेंट के दौरान तट पर रोके गए दो क्रूज पोतों में 4,000 कमरे शामिल हैं.

इसका मतलब ये हुआ कि कुछ खेल प्रशंसकों को ओमान, सउदी अरब और यूएई जैसे पड़ोसी देशों में ठहरना पड़ेगा और फ़्लाइट पकड़ कर खेल देखने आना होगा। ओमान मस्कट से दोहा के बीच हर रोज 24 विशेष उड़ानें और फ़्री वीजा का ऑफर भी दे रहा है।

### डिस्पोज़िबल स्टेडियम

इस टूर्नामेंट के लिए तैयार आठ स्डेडियमों में से सात को नींव से बनाया गया है। सात स्टेडियमों में टूर्नामेंट के बाद कुर्सियां हटा दी जाएंगी और स्टेडियम को पूरी तरह धराशायी दिया जाएगा, जिसे शिपिंग कंटेनरों से बनाया गया है। टूर्नामेंट के बाद फुटबॉल टीम के लिए सिर्फ एक स्टेडियम अहम बिन अली स्टेडियम का अल रायन रह जाएगा। फाइनल मैच के बाद दो लाख कुर्सियों को हटा दिया जाएगा और आयोजकों का कहना है कि इसे विकासशील देशों को दे दिया जाएगा।

### ठहरने के इंतजाम की कमी

एक ऐसा देश जो आबादी या आकार के मामले में दुनिया के 100 शहरों में भी शामिल नहीं है, फिर भी कतर उस तरह के रहने की व्यवस्था नहीं कर सकता जो आम तौर पर वर्ल्ड कप में देखा जाता है। मार्च में, देश में केवल 30,000 होटल रूम थे, जबकि आधिकारिक आंकड़ें बताते हैं कि इस टूर्नामेंट के लिए पूरी दुनिया से करीब 15 लाख लोग आ रहे हैं।

### अप्रवासी मजदूरों की मौतों पर आलोचना

पिछले साल गार्डियन में छपी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि जबसे कतर को मेजबानी मिली है, 2010 से 2020 के बीच भारत, पाकिस्तान, नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश के 6500 अप्रवासी मजदूरों की मौत हुई है। कतर की सरकार का कहना है कि आंकड़ों का कुल योग गुमराह करने वाला है क्योंकि सभी मौतें वर्ल्ड कप से जुड़े प्रोजेक्टों में काम करने वाले वर्करों के रूप में जोड़ी गई हैं। एमनेस्टी इंटरनेशनल का कहना है कि इसका कोई सटीक आंकड़ा नहीं है क्योंकि कतर का प्रशासन पिछले एक दशक में हजारों अप्रवासी मजदूरों की मौतों के मामले की जांच करने में विफल रहा है।

### कतर में होने जा रहा फीफा फुटबॉल वर्ल्ड कप इतना विवादों में क्यों है?

इस टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए कतर ने बड़ी संख्या में आधारभूत संरचनाओं का निर्माण कराया है। स्टेडियमों के अलावा 100 नए होटल बनाए गए हैं और नई सड़कें और एक मेट्रो का निर्माण किया गया है। लुसैल में आखिरी स्टेडियम के चारो ओर एक नया शहर ही बनाया जा रहा है। स्टेडियमों और ट्रेनिंग सेंटरों का अकेले ही बजट 5.3 अरब पाउंड (करीब 48,816 अरब रुपये) है। रहने की पर्याप्त व्यवस्था न होने के बावजूद अक्टूबर तक 28.9 लाख टिकटों की बिक्री हो चुकी थी। इसका मतलब है कि अब तक किसी भी वर्ल्डकप के लिहाज से ये सबसे भीड़भाड़ वाला होने जा रहा है।

### कितनी बीयर का इंतजाम?

कतर में एक बीयर की कीमत 10 से 15 पाउंड (करीब एक हजार से 1500 रुपये) है. हालांकि बहुत सारी पाबंदियां हैं कि आप कहां से खरीद सकते हैं। आम तौर पर कतर में लाइसेंस रखने वाले होटल, बार और रेस्तरां में बीयर सहज उपलब्ध है। हालांकि वर्ल्ड कप के दौरान फैन जोन और स्डेडियम के बाहरी मैदानों में बीयर बिकेगी। फैन जोन 500 एमएल बीयर की कीमत कथित तौर पर करीब 1125 रुपये पड़ेगी। इन निश्चित जगहों के बाहर शराब पीने पर छह महीने की सजा या 700 पाउंड (67,934 रुपये) का जुर्माना हो सकता है। टूर्नामेंट के दौरान 36 लाख टन कार्बन डाई ऑक्साइड का उत्सर्जन होगा। रूस में यह 21 लाख टन था।

### हर दिन अधिक मैच

यह 1978 के अर्जेंटीना वर्ल्ड कप के बाद अब तक का सबसे कम अवधि वाला टूर्नामेंट होगा, यानी खेल शुरू होने से लेकर खत्म होने तक (20 नवंबर से 18 दिसम्बर) सिर्फ 29 दिन का। इसका मतलब ये हुआ कि आयोजकों को ग्रुप स्टेज के अधिकतर दिनों में हर दिन चार मैच आयोजित करने होंगे। अधिकतर वर्ड कप में हर दिन तीन मैच होते रहे हैं। ग्रुप स्टेज और अंतिम सोलह के बीच कोई गैप भी नहीं है क्योंकि ग्रुप स्टेज के अगले दिन ही नॉकआउट राउंड शुरू हो जाएगा। अधिकतम दूरी वाले दो स्टेडियमों, दोहा के उत्तर में अल बायत स्टेडियम से राजधानी के दक्षिण में स्थित अल जैनब स्टेडियम के बीच की दूरी करीब 64 किलोमीटर है।

---

## खास मुलाकात

# अवसाद ग्रसित मरीजों का इलाज अब संभव -डा. अखिलेश पांडेय

**अवसाद (डिप्रेशन) के मरीजों की संख्या दो प्रकार की है, एक तो बीमारी के लक्षण जानते हुए स्वयं इलाज को आते हैं, दूसरे जिन्हें किसी के द्वारा लाया जाता है**

**वर्तमान परिवेश में खान-पान के साथ ही अनियमित दिनचर्या भी अवसाद के लिए बहुत बड़ा कारण है**

**पर्सनल, फैमिली, सोशल और प्रोफेशनल लाइफ में बैलेंस बनाकर जीवन यापन करने वाला ही खुशहाल है**

अश्विनी कुमार श्रीवास्तव

**वाराणसी।** वर्तमान समय में लोग फिजिकली हेल्थ के प्रति सजग हैं लेकिन जहां मेंटली हेल्थ की बात आती है वहां उनके पास जवाब नहीं होता, जबकि फिजिकली हेल्थ से ज्यादा महत्वपूर्ण है मेंटली हेल्थ, जो जीवन को खुशहाल बनाता है यह कहना है न्यूरोसाइकियाट्रिस्ट डा. अखिलेश पांडेय का, 'जनसंदेश टाइम्स' से खास मुलाकात में डा. अखिलेश पांडेय ने बताया कि बदलते जीवन शैली में अवसाद (डिप्रेशन)तेजी से बढ़ता हुआ एक बीमारी है जिसे अब ईलाज से ठीक किया जा सकता है। वर्ष 2003 में कानपुर से एमबीबीएस कर बीएचयू से विज्ञान की पढ़ाई आगे बढ़ाते हुए 2008 में पीजी व एमडी करने वाले डा.अखिलेश पांडेय वर्ष 2009 से लोगों का ईलाज कर रहे हैं। बताते हैं कि वर्ष 2019 में रिपोर्ट के बाद यह देखा गया कि पूरी दुनिया में 16 से 20 फीसदी मरीज अवसाद से ग्रसित हैं, इ न ा म ा अमेरिका में ज्यादा मरीज हैं, बताते हैं कि अब भारत में यह रोग तेजी से बढ़ रहा है कारण बदलता जीवनशैली, लेकिन इस समस्या का समाधान ईलाज से संभव है,बस समय से रोगी को पहचान कर चिकित्सक की सलाह लेना जरुरी है।



### चार पिलरों की बैलेंसिंग है खुशहाली का राज

डा.अखिलेश पांडेय बताते हैं कि चार पिलर को जीवन में बैलेंस कर जीवन में खुशहाली ला सकते हैं, इनमें एक है पसर्नल, दूसरा प्रोफेशनल, तीसरा फैमिली और चौथा सोशल प्लेटफार्म इन चारों पिलरों को बैलेसिंग कर जीवन को खुशहाल बना सकते हैं, कहा कि मेंटली खुशहाली के लिए इन चारों पिलरों की बैलेसिंग जरुरी है।

### दो तरह के होते हैं अवसाद के मरीज

डा. अखिलेश पांडेय बताते हैं कि अवसाद (डिप्रेशन) से ग्रसित मरीज दो प्रकार के होते हैं एक तो जिन्हें मालूम होता है कि उनके द्वारा किया गया कार्य या तो कुछ गलत हो रहा है या फिर वह गलत कर रहें हैं, उन्हे अपने गलत कार्य करने का एहसास होता है, ऐसे में वह स्वयं चिकित्सक के पास जाते हैं और अपनी समस्या को बताते हुए उसका ईलाज कराते हैं दूसरे मरीज होते हैं जिनके द्वारा गलत कार्य किये जाने के बाद भी उन्हें अपने द्वारा किये गये कार्य की गलती का एहसास नहीं होता ऐसे मरीज को उनके परिजन पकड़ कर चिकित्सक के पास ले आते हैं,ईलाज दोनों का संभव है।

### अनिद्रा, नशा, नकारात्मक विचार अवसाद के कारण

डा.अखिलेश पांडेय कहते हैं कि अनिद्रा भी एक कारण है अवसाद के लिए, साधारणत एक व्यस्क को सात आठ घंटे की नींद की आवश्यकता है किंतु, अवसाद में व्यक्ति अपनी निद्रा का लाभ नहीं ले पाता, उसकी नींद सुबह बहुत जल्दी खुल जाती है या वह अनिद्रा का शिकार हो जाता है। इसके साथ ही कुछ लोग नशा करने लगते हैं कि वे हरदम वास्तविकता से दूर रहें क्योंकि उनमें इसे स्वीकार करने की शक्ति नहीं होती। जीवन के उतार चढ़ाव को बर्दाश करने की क्षमता उनमें नहीं होती। कैफीन (कॉफी), चाय, जंक फूड इत्यादि से भी गलत प्रभाव पड़ता है। सिगरेट (धूम्रपान) अथवा तंबाकू सेवन से अवसाद का कारण है। लगातार नकारात्मक विचार वाले भी अवसाद से ग्रसित होता है।

### समय पर चिकित्सक से सलाह जरूर लें

डा. अखिलेश पांडेय बताते हैं कि किसी के भी परिवार में ऐसे बच्चे या फिर व्यस्क जो अपने कार्यो के विपरित जाने लगे तो समझे कि वह अवसाद की ओर अग्रसर हैं समय से चिकित्सक की सलाह लेकर ईलाज जरुर कराएं इसके साथ ही व्यायाम को अपने जीवन में तरजीह दें।

---

## जाना तबस्सुमजी का

# खत्म हो गया रेडियो-टीवी का एक युग


**दो मिनट में दो अटैक ने ली थी उनकी जान**

**देवर अरुण गोविल ने कहा उनकी इच्छा थी कि मौत की खबर दो दिनों तक किसी को न बताई जाए**

**मुंबई।** लीजेंड्री एक्ट्रेस और टीवी जगत की फेमस होस्ट तबस्सुम का शुक्रवार को निधन हो गया। तबस्सुम नाम संभव है कि आजकल के युवा या उसके आगे की पीढ़ी ठीक से नहीं जानती है। लेकिन अगर सत्तर या अस्सी के दशक की बात करें तो रेडियो व टीवी के जमाने में यह नाम सबकी जुबान पर था। सत्तर के दशक में रेडियो सिलोन के हर दूसरे कार्यक्रम को तबस्सुम होस्ट करती सुनी जाती थीं।

अमीन सयानी जैसे रेडियो के लीजेंड के साथ उनका कार्यक्रम दोनों के नोक-झोंक के लिए ही मशहूर था। लतीफे सुनाने में तबस्सुम का कोई जोड़ नहीं था। उनकी मां का नाम असगरी बेगम जबकि पिता का नाम अयोध्यानाथ सचदेव था।

पिछले कुछ साल से अपना यूट्यूब चैनल चलाया करतीं थीं। लेकिन शुक्रवार को कार्डिएक अरेस्ट की वजह से उन्होंने 78 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया। फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोगों ने तबस्सुम के निधन पर दुख व्यक्त किया है। फिल्म मेकर डेविड धवन, मधुर भंडारकर और अरुण गोविल जैसे सेलिब्रिटिज ने तबस्सुम के निधन पर शोक जाहिर किया है। अरुण गोविल का कहना है कि तबस्सुम की इच्छा थी जब उनकी मौत हो तो इस खबर को दो दिनों तक किसी को न बताई जाए।



### 21 साल तक चला टीवी पर एक कार्यक्रम

तबस्सुम ने 1947 में बेबी तबस्सुम के नाम से हिंदी फिल्म 'नरगिस' से इंडस्ट्री में कदम रखा था। 70 के दशक में उन्होंने कामयाब टेलीविजन होस्ट के तौर पर अपनी पहचान बनाई। दूरदर्शन पर 21 साल तक चले टॉक शो 'फूल खिले हैं गुलशन गुलशन' में उन्होंने कई बड़ी हस्तियों के इंटरव्यू किए। इस शो की शुरूआत साल 1972 में हुई थी और यह 1993 तक चला। वे पिछले कई सालों से अपने यू-ट्यूब चैनल के लिए भी लगातार वीडियो बना रही थीं।

कई फेमस फिल्मों में किया काम

तबस्सुम ने अपने करियर में कई बड़ी और फेमस फिल्मों में काम किया। उन्होंने मेरा सुहाग, बैजू बावरा, मुगल ए आजम, फिर वही दिल लाया हूं, गैंबलर, चमेली की शादी और स्वर्ग जैसी फिल्मों में काम किया।

### अरुण गोविल के भाई से हुई थी शादी

तबस्सुम के निधन पर अरुण गोविल ने रिएक्ट कहा- हमारे लिये दुख का वक्त है और मैं बहुत दुखी हूं, ज्यादा कुछ नहीं बोल पाऊंगा। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे। तबस्सुम की शादी अरुण गोविल के भाई विजय गोविल से हुई थी। अरुण का कहना है कि ये तबस्सुम की इच्छा थी कि उनके निधन की खबर को दो दिनों तक किसी को नहीं बताया जाए।

फैशन जैसी फिल्में बनाने वाले डायरेक्टर मधुर भंडारकर ने भी तबस्सुम के निधन पर संवेदना प्रकट की। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा- बचपन में हम डीडी नेशनल पर उनका फेमस शो 'फूल खिले हैं गुलशन गुलशन' देखा करते थे। उनके परिवार के सदस्यों और फैंस के प्रति मेरी दिल से संवेदना है। एक्ट्रेस और पॉलिटिशन नगमा ने भी तबस्सुम के निधन पर दुख जताते हुए कहा- ये खबर सुनकर मुझे बहुत दुख हुआ। भगवान से प्रार्थना है कि उनकी आत्मा को शांति मिले। भगवान उनके परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करें।

### दो मिनट में आए दो कार्डियक अरेस्ट

तबस्सुम के बेटे होशांग गोविल ने बताया कि उनकी मां का निधन शुक्रवार की रात 8 बजकर 40 मिनट पर कार्डियक अरेस्ट से हुआ। होशांग का कहना है कि निधन के कुछ दिन पहले तक वो ठीक थीं। होशांग ने कहा - दस दिन पहले हमने शूटिंग भी की थी। हम अगले हफ्ते शूटिंग भी करने वाले थे। यह सब अचानक से हो गया। उन्हें गैस्ट्रिक प्रॉब्लम थी जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया था। उन्हें डिस्चार्ज भी कर दिया गया था, लेकिन शुक्रवार को उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें दो मिनट के अंदर दो कार्डियक अरेस्ट आए थे।

### डेविड धवन की फिल्म में अंतिम बार आई थीं नजर

तबस्सुम 70 के दशक की एक जानी-मानी टेलीविजन होस्ट थीं। उन्होंने करीब 21 साल तक दूरदर्शन के एक टॉक शो को होस्ट किया था। अब उनके दुनिया छोड़ जाने पर कई सेलिब्रिटिज ने रिएक्ट किया है। फिल्म मेकर डेविड धवन ने तबस्सुम के निधन पर कहा- मेरे मन में उनके लिए बहुत सम्मान था। उनके साथ काम करना हमेशा से काफी सुखद रहा। बता दें कि तबस्सुम अंतिम बार डेविड धवन की ही फिल्म स्वर्ग में नजर आई थीं।